**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 25.6 | 13.1 |
| जमशेदपुर | 26.7 | 13.0 |
| डालटनगंज | 20.8 | 13.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश 2024


रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रविवार, 31 दिसंबर 2023 ● पौष कृष्णपक्ष 05 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 253 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


**सुर्खियां »**

**इंटरनेशनल**

- पाक के उ. वजीरिस्तान में पांच आतंकवादी मारे गए
- इजराइल ने गाजा में शिविरों पर हमले किये
- दक्षिण अफ्रीका में बाढ़ के कारण 21 लोगों की मौत
- दो सीट के लिए दाखिल इमरान खान के नामांकन पत्र खारिज

**नेशनल**

- प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण अभी नहीं मिला : उद्धव
- मोहन भागवत दो दिवसीय यात्रा पर प. बंगाल पहुंचे
- तमिलनाडु सीएम ने 1,000 करोड़ के राहत पैकेज की घोषणा की
- मकर विलक्कू पर्व के लिये सबरीमला मंदिर खोला गया

**स्टेट**

- टीपीसी एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादी गिरफ्तार
- हेमंत सरकार के की विफलताओं पर भाजपा की प्रदर्शनी
- कोडरमा एसपी ने 4 पुलिसकर्मी को किया निलंबित
- हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर का ट्रांसफर

## किसने क्या कहा

- कश्मीरी पंडितों के बारे में कम कहा गया क्योंकि ह वोट बैंक नहीं –जस्टिस कौल
- सरकार की प्राथमिकता सिर्फ चंद अरबपतियों की जेब भरना है –प्रियंका गांधी
- उल्फा के साथ शांति समझौते का पूरे पूर्वोत्तर में व्यापक प्रभाव पड़ेगा –हिमंत
- कांग्रेस ने अमेठी के साथ अन्याय किया – स्मृति ईरानी

## ब्रीफ खबरें

### राजस्थान: 21 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली

**जयपुर।** राजस्थान में सत्तारूढ़ भाजपा के 21 विधायकों व चुनाव लड़ रहे एक प्रत्याशी ने शनिवार को मंत्री पद की शपथ ली. जिनमें से 12 को कैबिनेट, पांच को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व पांच को राज्यमंत्री बनाया गया है. राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में विधायकों को पद व गोपनीयता दिलाई.

### कोविड के 743 नए मामले, 7 की मौत



**नयी दिल्ली।** देश में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 743 नए मामले सामने आए तथा उपचाराधीन मरीजों की संख्या 3,997 है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी है.

### मीडिया घरानों पर केस करूंगा: ललन सिंह

**पटना।** जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ललन सिंह ने शनिवार को उन मीडिया संगठनों के खिलाफ मुकदमा करने का संकल्प लिया, जिन्होंने ऐसी खबरें दी थीं कि उन्होंने बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं राजद नेता तेजस्वी यादव के पक्ष में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ विद्रोह की साजिश रची है.

### विपश्यना सत्र के बाद केजरीवाल दिल्ली लौटे

**नयी दिल्ली/होशियारपुर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि वह पंजाब के होशियारपुर जिले से अपना दस दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र पूरा करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी लौट आए हैं और फिर से लोगों की सेवा करना शुरू करेंगे.

### पूरे उत्तर भारत में छाया घना कोहरा

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी समेत पूरे उत्तर भारत में शनिवार को मध्यम से घना कोहरा छाया हुआ है. वहीं, कुछ इलाकों में दृश्यता में सुधार आया. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी.

### इंडोनेशिया में 5.9 तीव्रता का भूकंप

**बंदा असेह।** इंडोनेशिया में समुद्र के भीतर तेज भूकंप से असेह प्रांत हिल गया. हालांकि भूकंप से किसी नुकसान या किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है.

### आरएसएस नेता का विवादित बयान

**नयी दिल्ली।** आरएसएस के एक बड़े नेता कल्लाडका प्रभाकर भट के खिलाफ मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में शिकायतें दर्ज हुई हैं. भट ने कर्नाटक के हनुमा संकीर्तन यात्रा कार्यक्रम में कहा कि मोदी के आने के बाद ही मुस्लिम महिलाओं को स्थायी पति मिला है.

## एनएचएआई के प्रोजेक्ट समय से पूरे होते, तो झारखंड को होता

# 5000 करोड़ का फायदा

**रवि भारती। रांची**

झारखंड में एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) की परियोजनाओं के लंबित होने से इसका खामियाजा झारखंड को उठाना पड़ रहा है. अगर एनएचएआई के प्रोजेक्ट समय पर पूरे होते, तो झारखंड को लगभग 5000 करोड़ रुपए का फायदा होता. यह फायदा प्रोजेक्ट से मिलने वाले नौ फीसदी जीएसटी के तहत मिलता. बताते चलें कि झारखंड में एनएचएआई की 55 हजार करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं. जिसमें 16 हजार करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट लंबित हैं. इसे शुरू करने पर जोर दिया जा रहा है.

### एनएचएआई हर दिन 25 किमी सड़क का कर रहा निर्माण

एनएचएआई द्वारा हर दिन लगभग 25 किलोमीटर हाईवे का निर्माण किया जा रहा है. इसे बढ़ा कर प्रतिदिन 40 किलोमीटर करने का लक्ष्य रखा गया है. प्रति किलोमीटर सड़क बनाने के लिए अभी 30 करोड़ रुपए खर्च आता है. इसमें कंस्ट्रक्शन मैटेरियल और लेबर कॉस्ट के अलावा अधिग्रहण का खर्च भी शामिल है. खर्च बढ़ने की वजह यह बताई गई है कि कंस्ट्रक्शन में लगने वाली सामग्री बिटुमिन की कीमत में 50 से 60 फीसदी तक का ईजाफा हुआ है. स्टील की कीमत में 30 से 40 और सीमेंट के दाम में 10 से 15 फीसदी का इजाफा हुआ है. एनएचएआई ने 2022-23 में अब तक का सबसे ज्यादा हाइवे का निर्माण किया है. इस दौरान 5,544 किलोमीटर का हाइवे बनाया गया है.

**प्रति किलोमीटर सड़क बनाने में खर्च होते हैं 30 करोड़**



### राज्य सरकार ने एनएचएआई से किया आग्रह

राज्य सरकार ने बासुकीनाथ-दुमका-रामपुर हाट खंड को चार लेन बनाने, फोर लेन रांची-देवघर-साहिबगंज रोड, रांची से चाईबासा रोड को चार लेन का बनाने और जमशेदपुर से धनबाद तक पश्चिम बंगाल से होते हुए सीधी सड़क बनाने का आग्रह किया है. वहीं गोला-ओरमांझी फोर लेन का निर्माण शुरू हो गया है. यह ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे 27.8 किलोमीटर लंबा होगा. इसके निर्माण पर करीब 1214 करोड़ रुपए खर्च होंगे. एनएचएआई ने झारखंड में 12 हजार करोड़ की परियोजनाएं पूरी कर ली गई हैं. 14 हजार करोड़ की परियोजनाओं का काम चल रहा है.

### झारखंड में सड़कों की लंबाई हो गई 14 हजार किमी

राज्य गठन के समय सड़कों की लंबाई 5400 किलोमीटर थी, जो अब बढ़ कर लगभग 14 हजार किलोमीटर हो गई है. झारखंड के पथ निर्माण विभाग की सड़कों का घनत्व भी बढ़ा है जो लगभग 175 प्रति हजार वर्ग किलोमीटर हो गया है. वहीं 3200 किलोमीटर सड़कों को राष्ट्रीय उच्च पथ के अधीन लेकर निर्माण किया जा रहा है.

### झारखंड में एनएचएआई के इन प्रोजेक्ट पर चल रहा

- फोरलेनिंग ऑफ महगामा-हंसडीहा रोड
- बासुकीनाथ- देवघर तक फोरलेनिंग
- कोलकाता-रांची-वाराणसी ग्रीनफील्ड रोड
- ओरमांझी-गोला फोरलेन रोड
- गोला से जैना मोड़ तक फोरलेन रोड
- मिर्जा चौकी से फरक्का
- साहिबगंज बाइपास
- हरिहरगंज से पड़वामोड़
- बरही-कोडरमा फोरलेन
- चोरदाहा-गोरहर, एनएच 2
- कुडू से वाराणसी तक चार सेक्शन सड़का निर्माण



## मेडल लौटाने पीएमओ जा रही विनेश फोगाट को पुलिस ने रोका, रेसलर ने सड़क पर रख दिया

**नयी दिल्ली।** कुश्ती की दुनिया में जारी ''दंगल'' थमने का नाम नहीं ले रहा है. रेसलर बजरंग पूनिया के बाद शनिवार को महिला पहलवान विनेश फोगाट ने भी अपना सम्मान वापस कर दिया है. जब वह सम्मान वापस करने पीएमओ जा रही थीं, इसी दौरान पुलिस ने विनेश को कर्तव्यपथ पर रोक लिया. लिहाजा विनेश ने अपना अर्जुन अवॉर्ड पुरस्कार कर्तव्य पथ बैरिकेड्स पर छोड़ दिया. अवॉर्ड वापस करने से पहले विनेश फोगाट ने कहा कि यह दिन किसी खिलाड़ी के जीवन में न आए. देश की महिला पहलवान सबसे बुरे दौर से गुज़र रही हैं.





## आज रात से यूपीआई का नया नियम लागू

- गूगल पे, फोन पे, पेटीएम व भीम के खाते होंगे बंद

**नयी दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम 31 दिसंबर से यूपीआई भुगतान का नया नियम लागू कर रहा है. इस दिन रात 12 बजे से यह नियम पूरे देश में लागू कर दिया जाएगा. एक जनवरी से कोई भी एक साल से पुराना निष्क्रिय यूपीआईआईडी नहीं चलेगा. इसे बंद कर दिया जाएगा. इसमें कोई भी लेनदेन नहीं हो पाएगा. निगम ने यह कदम इसलिए उठाया है, जिससे अनजाने में भुगतान से बचा जा सके. इसके साथ ही ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचाया जा सके. कई ग्राहक बैंक में अपना नंबर बिना बदलवाए अपना नंबर बदल लेते हैं. इस कारण उनके खाते से भी जालसाज पैसे उड़ा देते हैं. गौरतलब है कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के नियम के अनुसार दूरसंचार कंपनियों के पास 90 दिनों की अवधि के बाद नए उपयोगकर्ताओं को निष्क्रिय मोबाइल नंबर आवंटित करने का अधिकार है. ऐसे में अगर बैंक से नंबर जुड़ा रहा तो नया नंबर लेने वाला व्यक्ति पैसा हस्तांतरित कर सकता है.

## शैतानी शक्तियां मणिपुर को अशांत कर रहीं: सीएम

- इंफाल में ग्राम रक्षक की गोली मार कर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने शनिवार को समाज के सभी वर्गों से हिंसा छोड़ने और राज्य में शांति बहाल करने के लिए बातचीत में शामिल होने की अपील की. उन्होंने इंफाल पश्चिम जिले के कदंगबंद में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक ग्राम रक्षक की हत्या की निंदा करते हुए कहा कि शैतानी शक्तियां शांति को भंग करने का प्रयास कर रही हैं. उन्होंने कहा, आइए हिंसा छोड़ें, बातचीत की मेज पर आएं और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए बातचीत शुरू करें. ग्राम रक्षक की हत्या मामले की जांच की जा रही है और सुरक्षाबल हत्यारों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चला रहे हैं. सीएम ने कहा कि नागरिक समाज संगठन और सरकारी तंत्र पहाड़ी और घाटी दोनों क्षेत्रों में शांति बहाल करने के लिए कार्य कर रहे हैं. मणिपुर में शनिवार तड़के अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस को आशंका है कि नजदीकी पहाड़ी में सक्रिय उग्रवादी इस हमले के लिए जिम्मेदार हैं.

## मोदीमय हुई अयोध्या : पीएम की देश भर के रामभक्तों से अपील

# 22 जनवरी को मनाएं देश में दीवाली

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी हवाई अड्डे, नई ट्रेनों और रेलवे स्टेशन सहित कई अन्य विकास योजनाओं का उद्घाटन किया. उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह 22 जनवरी को अयोध्या न आएं. आपने 550 साल से अधिक समय तक इंतजार किया है, कुछ और समय इंतजार करें.

उन्होंने कहा, हर किसी की इच्छा है कि 22 जनवरी के आयोजन का हिस्सा बनने के लिए वे स्वयं अयोध्या आए, लेकिन हर किसी का आना संभव नहीं है. इसलिए रामभक्तों से मेरा आग्रह है कि 22 जनवरी को एक बार विधिपूर्वक कार्यक्रम हो जाने के बाद, सुविधा के अनुसार ही वे अयोध्या आएं और 22 जनवरी को यहां आने का मन न बनाएं. पीएम मोदी ने कहा, इस भव्य आयोजन की तैयारी सालों से चल रही है और इसमें कोई व्यवधान नहीं होना चाहिए. यहां भीड़ मत लगाइए, क्योंकि मंदिर कहीं नहीं जा रहा है. यह सदियों तक रहेगा. प्रधानमंत्री ने बताया कि समारोह में कुछ ही लोगों को आमंत्रित किया गया है. इसलिए जिन लोगों निमंत्रण दिया गया है, बस वही अयोध्या आएं.


-पेज 15 भी देखें


### जिन्हें न्योता नहीं मिला है, वो अयोध्या न आएं



**घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से यह भी अपील की है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं. उन्होंने कहा, ये ऐतिहासिक क्षण भाग्य से हम सभी के जीवन में आया है. इस मौके पर सभी 140 करोड़ देशवासी 22 जनवरी को अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं और दीपावली मनाएं.

### अयोध्या को स्वच्छ बनाने की अपील

इस दौरान पीएम मोदी ने अयोध्यावासियों से शहर स्वच्छ बनाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा, अयोध्या को अब लाखों विजिटर्स की मेजबानी के लिए तैयार रहना चाहिए और यहां अनंतकाल तक विजिटर्स आते रहेंगे. अयोध्यावासियों को अयोध्या को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने की शपथ लेनी होगी.

### हर मंदिर में 14 से 22 जनवरी तक करें साफ-सफाई

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के सभी तीर्थ क्षेत्रों से और मंदिरों से मेरा आग्रह है कि भव्य राम मंदिर के निर्माण के निमित्त, 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन से पूरे देश के सभी तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता का बहुत बड़ा अभियान चलाना है. हर मंदिर में सफाई का अभियान हमें 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलाना है.

## चीन सीमा पर मेजर शैतान सिंह का मेमोरियल ध्वस्त!

# सरकार की देशभक्ति फर्जी: खरगे

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चीन सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बफर जोन बनने से 1962 युद्ध के नायक मेजर शैतान सिंह का स्मारक ध्वस्त कर दिया गया. इस को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर निशाना साधा है. कहा कि भाजपा ने शैतान सिंह के स्मारक को धराशायी कर फिर से अपने फर्जी देशभक्त होने का सबूत दिया है.

उन्होंने कहा, भारत माता के वीर सपूत, परम वीर चक्र से सम्मानित व रेजांग-ला युद्ध के महानायक मेजर शैतान सिंह के चुशूल, लद्दाख स्थित स्मारक को ध्वस्त किए जाने की खबर पीड़ादायक है. उन्होंने पीएम मोदी पर शायराना अंदाज में तीखा हमला बोला और कहा, चीन पर लाल आंख तो ली मूंद, अपमानित की वीर जांबाजों के बलिदान की हर बूंद! खरगे ने कहा कि क्या यह इसलिए किया गया, क्योंकि चीन के साथ वार्ता के बाद से अब बफर जोन भारतीय क्षेत्र में आ गया. खरगे ने एक्स पर तस्वीर भी शेयर थी है, जिससे पता चलता है कि स्मारक अक्टूबर 2020 तक भारत के कंट्रोल में था. तब कुमाऊं रेजिमेंट की 8वीं बटालियन ने इसका नवीनीकरण किया था.

### मोदी सरकार की नाकामी



उन्होंने पूछा कि क्यों पीएम मोदी और शी जिंनपिग के 2014 से आजतक 20 मेल-मिलापों के बाद भी भारत को देपसांग प्लेन, पैंगोंग त्सो, डेमचौक और गोगरा-हॉटस्प्रिंग क्षेत्र पर मई 2020 के पहले की वस्तुस्थिति बरकरार रखवाने में मोदी सरकार विफल रही है?

### जवानों का सर्वोच्च बलिदान देश का गौरव

उन्होंने सवाल किया कि क्या ये सच नहीं है कि गलवान में 20 सेना के जवानों के प्राणों की आहुति के बाद पीएम ने चीन को क्लीन चिट दे दी थी? शैतान सिंह के नेतृत्व में 113 वीर जवानों का सर्वोच्च बलिदान देश का गौरव है.

**चीन के आगे घुटने टेके :** खरगे ने कहा, भाजपा ने उनके (मेजर शैतान सिंह) स्मारक को धराशायी कर देश को फिर अपने नकली देशभक्त होने का सबूत दिया है. सरकार ने चीनी मंसूबों के आगे घुटने टेक दिए हैं.

## 'जोहार नीतीश' से शुरू होगी जदयू अध्यक्ष नीतीश की नयी पारी

# पूरे देश की नजर अब बिहार की ओर

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना**

**विश्लेषण**

बदलते राजनीतिक घटनाक्रम ने पूरे देश की नजर बिहार की ओर केंद्रित कर दिया है. राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने एक बार फिर जदयू की कमान संभाल ली है.

पार्टी की बागडोर नीतीश के हाथों में आने से जदयू के कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज हैं. वहीं ललन सिंह समर्थक मायूस. लेकिन, नीतीश की राह आसान नहीं है. 2024 नीतीश कुमार के लिए चुनौतियों भरा होगा. जदयू का भविष्य महागठबंधन के साथ बेहतर होगा या एक बार फिर नीतीश कुमार एनडीए की तरफ जाएंगे, इसपर पूरे देश की नजर है. वहीं, अगर 'इंडिया' गठबंधन में रह कर 2024 का लोस चुनाव लड़ते हैं, तो बिहार में सीट शेयरिंग का कारगर फार्मूला निकालना भी मुश्किलों भरा होगा. नीतीश के सामने बड़ी चुनौती पार्टी का विस्तार कर राष्ट्रीय दल का दर्जा दिलाने का भी होगा. जदयू पूर्वोत्तर के राज्यों मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में बेहतर प्रदर्शन करता रहा है, इसलिए नीतीश कुमार के सामने इन पूर्वोत्तर राज्यों में एक बार फिर जदयू को मजबूत करने की चुनौती होगी.

### झारखंड में 21 को 'जोहार नीतीश'

मिशन 2024 के मद्देनजर नीतीश कुमार का पूरा फोकस जदयू का विस्तार झारखंड में करने पर होगा. वे 21 जनवरी को रामगढ़ में ''जोहार नीतीश'' रैली के माध्यम से झारखंड में जदयू की खोयी जमीन तलाश करेंगे. वहीं, वाराणसी की प्रस्तावित रैली रद्द होने जनवरी के अंत में यूपी में पुनः रैली करेंगे. झारखंड में संगठन का विस्तार जदयू की प्राथमिकता में है. खीरू महतो को राज्यसभा का सदस्य बनाया जाना इसी से जोड़ कर देखा जा रहा है. इसलिए नये साल में जदयू के विस्तार के मिशन का आगाज झारखंड से ही करने की रणनीति बनायी गयी है. प्रमंडल स्तर पर सभाओं के आयोजन की भी तैयारी है, जिसका नाम 'जन जागरण अभियान' रखा गया है.



**क्या एनडीए में फिर शामिल होंगे नीतीश :** राष्ट्रीय अध्यक्ष का ताज पहनते ही नीतीश के एनडीए में फिर से शामिल होने की चर्चा तेज है. इसके सूत्रधार राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण बन सकते हैं. क्योंकि भाजपा के साथ हुई तमाम उठा-पटक के बाद भी नीतीश ने हरिवंश को अपने पद से इस्तीफा देने के लिए नहीं कहा. नीतीश की यह राजनीतिक चतुराई के रूप में देखा जाता है कि वे एक दरवाजे में जाते हैं, तो दूसरा भी विकल्प के रूप में खुला रखते हैं. महागठबंधन में आने के बाद भी उन्होंने भाजपा में जाने का दरवाजा खुला रखा. यह भी संकेत के रूप में उभरा कि भाजपा के बड़े नेताओं ने नीतीश की आलोचना नहीं की.

## आप सुलभ रेल यात्रा चाहते हैं या 'शहंशाह' के साथ तस्वीर: राहुल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रेलवे स्टेशनों पर पीएम मोदी के आदमकद 'कटआउट' के साथ 'सेल्फी बूथ' बनाने पर शनिवार को सरकार पर निशाना साधा और पूछा कि आप लोग सुलभ यात्रा चाहते हैं या 'शहंशाह के बुत' के साथ तस्वीर. राहुल ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, गरीबों की सवारी भारतीय रेल के हर वर्ग का किराया बढ़ाया गया. बुजुर्गों को मिलने वाली छूट खत्म कर दी गयी, प्लेटफार्म टिकट महंगे हो, निजीकरण के द्वार खोल दिये गए. राहुल ने लिखा, जनता की मेहनत की कमाई से निचोड़ा जा रहा पैसा क्या सेल्फी स्टैंड बनाने के लिए था. जनता को क्या चाहिए. सस्ता गैस सिलिंडर एवं सुलभ रेल यात्रा या फिर शहंशाह के बुत के साथ तस्वीर. मल्लिकार्जुन खरगे ने पहले कहा था कि रेलवे स्टेशनों पर मोदी की तस्वीरों के साथ सेल्फी बूथ बनाना करदाताओं के पैसे की 'बर्बादी' है जबकि विपक्षी राज्य मनरेगा निधि का इंतजार कर रहे हैं. खरगे ने आरटीआई कानून के तहत प्राप्त उत्तर की एक भी साझा की थी, जिसमें उन स्टेशनों को सूचीबद्ध किया गया है जहां सेल्फी बूथ बनाए गए हैं.

### साधा निशाना

- कहा– रेल किराया बढ़ाया, प्लेटफार्म टिकट महंगा, बुजुर्गों की छूट खत्म, क्या यह सेल्फी स्टैंड के लिए था?

# मछली उत्पादन में केज कल्चर मचा रहा धमाल

दो लाख मीट्रिक टन हो चुका है मछली का उत्पादन

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में मछली उत्पादन में केज कल्चर धमाल मचा रहा है. बड़े जलाशयों में भी इस केज कल्चर का इस्तेमाल किया जा रहा है. जिससे मछली उत्पादन भी बढ़ा है. अब राज्य सरकार खाली पड़ी खदानों में भी मछली पालन करने की योजना पर काम कर रही है. मत्स्य विभाग ने 2023-24 के लिए मछली उत्पादन का लक्ष्य 3 लाख 30 हजार मीट्रिक टन रखा है. अब तक दो लाख लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन किया जा चुका है. इसे मार्च 2024 तक हासिल करने का लक्ष्य है. इसे प्राप्त करने के लिए युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है. प्रशिक्षण के बाद 90 फीसदी सब्सिडी मत्स्य स्पॉन दिए जा रहे हैं. इसके दो हजार रुपए का फीड और मत्स्य बीज उत्पादन में इस्तेमाल होने वाला नेट भी निःशुल्क विभाग की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे हैं.

### खास बातें

- 3 .30 लाख मीट्रिक टन मछली उत्पादन का है लक्ष्य
- मार्च 2024 तक लक्ष्य हासिल करने की तैयारी

### 1200 करोड़ मत्स्य बीज उत्पादन का लक्ष्य



झारखंड मत्स्य विभाग ने 1200 करोड़ मत्स्य बीज उत्पादन का लक्ष्य रखा है. इसके लिए साढ़े सात हजार प्रगतिशील युवा मत्स्य पालकों को मत्स्य बीज उत्पादन का विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है. इसके तहत रांची में 382, खूंटी में 170, गुमला में 300, सिमडेगा में 210 ,लोहरदगा में 220, लातेहार में 260, पश्चिमी सिंहभूम में 358, पूर्वी सिंहभूम में 290 ,सरायकेला खरसावां में 420, दुमका में 280 ,जामताड़ा में 210 ,साहिबगंज में 210,पाकुड में 210, हजारीबाग में 470, रामगढ़ में 310, कोडरमा में 330 ,चतरा में 340 ,बोकारो में 410, गिरिडीह में 300, धनबाद में 385 ,गोड्डा में 325, पलामू में 370,गढ़वा में 320 और देवघर में 420 युवाओं को मत्स्य बीज उत्पादन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है.

### इन जिलों की बंद पड़ी खदानों में होगा मछली उत्पादन

झारखंड के रांची, गुमला, चाईबासा, हजारीबाग,चतरा, बोकारो, पलामू, दुमका, सिमडेगा गोड्डा, सरायकेला खरसांवा और पाकुड़ में बंद पड़ी खदानों मे मछली उत्पादन किया जाएगा. इस योजना में 8 .15 करोड़ खर्च किए जाएंगे. इस योजना के तहत मुख्य तौर पर मछली पालन के लिए उपयुक्त खदानों में केज कल्चर के जरिए मछली पालन करने के लिए केज इंस्टॉल किए जाएंगे. इसके साथ ही वहां पर मछली पालन के लिए इनपुट प्रदान किया जाएगा और पुराने केज की रिमॉडलिंग की जाएगी.

# तुष्टीकरण की सीमा पार कर रही है हेमंत सरकार : प्रदीप

प्रमुख संवाददाता। रांची



भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कहा है कि हेमंत सरकार लव जिहाद, धर्मांतरण और गो तस्करी को संरक्षण देकर तुष्टीकरण की सीमा पार कर रही है. रांची स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कहा कि संथाल इलाके में धर्मांतरण का खेल जोरो से चल रहा है और पुलिस प्रशासन मौन है.

वर्मा ने कहा कि पाकुड़ के रामचंद्रपुर गांव में रिनोई पहाड़िया नाम का एक व्यक्ति लव जिहाद का शिकार हुआ है. शायनारा खातून नाम की एक महिला ने योजनाबद्ध तरीके से उसके साथ दोस्ती की. उसे पहाड़िया रीति रिवाज के हिसाब से शादी करने का प्रस्ताव दिया, लेकिन जब शादी की बारी आई तब रेनोई को जबरन अगवा किया गया. उसका धर्मांतरण कराया गया और गलत तरीके से निकाह पढ़ाया गया. विरोध करने पर मारपीट की गई. जब वह थाने में कंप्लेन करने पहुंचा, तो उसे वहां से भगा दिया गया. बाद में वह एसपी के पास भी गया, लेकिन अबतक मामले में ना कोई एफआईआर और ना गिरफ्तारी हुई है. प्रदीप वर्मा ने कहा कि हेमंत सरकार में आदिवासी समाज अपना धर्म और संस्कृति बचाने के लिए जूझ रहा है. वहीं राज्य में गो तस्करी का भी बड़ा नेटवर्क खड़ा हो गया है. पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश को गो तस्करी हो रही है. संगठित गिरोह के रूप में एक बड़ा नेटवर्क डेवलप हुआ है. इसमें सत्ताधारी दल के लोग भी शामिल हैं. यह लोग इसमें हिस्सेदार भी हैं.

गो तस्करी का विरोध करने वालों को प्रताड़ित किया जाता है. बीते दिनों गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने मोहनपुर गांव में कुछ गो तस्करों को पकड़ा था. वह उन्हें लेकर थाने पहुंचे थे, लेकिन थाने से उनको भगा दिया गया और दूसरे व्यक्ति को खड़ा करके उल्टे सांसद पर ही केस करवा दिया गया.

## विधायक दीपिका पांडेय के पिता का निधन

**रांची।** महगामा की कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह के पिता अरुण पांडेय का शनिवार को निधन हो गया. अरुण पांडेय ने अंतिम सांस रांची के रामप्यारी अस्पताल में ली. मिली जानकारी के अनुसार, वो पिछले कई दिनों से बीमार थे. अरुण पांडेय एचईसी के सेक्टर 2 में रहते थे. बता दें कि अरुण पांडेय पूर्व पार्षद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे हैं. उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लाया गया. जहां विधायक दीपिका पांडेय सिंह समेत कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी. बता दें दीपिका पांडेय की मां प्रतिभा पांडेय झारखंड राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष रह चुकी हैं.

एक्सटेंशन के बाद भी 28 प्रोजेक्ट्स अधूरे

# पीएमएवाई (यू) : जुडको ने 32 में से सिर्फ 4 प्रोजेक्ट किये पूरे

सत्य शरण मिश्रा। रांची

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत राज्य के 32 बड़े प्रोजेक्ट जुडको को दिये गये हैं. जुडको इन प्रोजेक्ट्स के लिए एजेंसियों का चयन कर आवास निर्माण का काम कर रही है. सभी प्रोजेक्ट को 2020 से 2023 के बीच पूरा करना था, लेकिन टेंडर और अन्य प्रक्रियाओं में देर होने के कारण सिर्फ 4 प्रोजेक्ट ही पूरे हो सके. बाकी बचे हुए सभी प्रोजेक्ट्स को 1 से दो साल का एक्सटेंशन दिया गया. हालांकि एक्सटेंशन मिलने के बाद भी इन प्रोजेक्ट्स का समय पर पूरा होने की उम्मीद न के बराबर दिख रही है. क्योंकि जिन प्रोजेक्ट्स को 2024 में पूरा करना है, उनमें से अधिकांश प्रोजेक्ट के काम 20% भी नहीं हुए हैं.

**बिरसानगर प्रोजेक्ट की रफ्तार काफी धीमी :** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बिरसानगर पैकेज 5बी का काम सबसे धीमा है. इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का डेडलाइन 16 जनवरी 2022 था. बाद में डेट बढ़ा कर 04 जुलाई 2023 किया गया, लेकिन अबतक सिर्फ 7 फीसदी काम ही हुआ है. इसके अलावा जमशेदपुर बिरसानगर पैकेज-10 ए का काम 20 दिसंबर 2022 तक पूरा करना था. डेट एक्सटेंड कर 30 सितंबर 2024 किया गया, लेकिन अबतक सिर्फ 9 फीसदी काम ही हुआ है. खूंटी पीएमएवाई प्रोजेक्ट को 8 सितंबर 2023 तक कंप्लीट करना था, लेकिन अबतक सिर्फ 10 फीसदी काम ही हुआ है. इसी तरह धनबाद, साहिबगंज, देवघर और रांची में पीएमएवाई के प्रोजेक्ट्स की रफ्तार काफी धीमी है.

### जानें किस प्रोजेक्ट में कितना फिजिकल प्रोग्रेस हुआ

| प्रोजेक्ट | डेडलाइन | फिजिकल प्रोग्रेस |
|---|---|---|
| पीएमएवाई दुमका | 31.12 .2022 | 65% |
| पीएमएवाई देवघर | 21.03 .2023 | 47% |
| बिरसानगर पैकेज | 5ए 04 .07 .2023 | 25% |
| बिरसानगर पैकेज | 4 30 .09 .2024 | 38% |
| बिरसानगर पैकेज | 10ए 30 .09 .2024 | 23% |
| बिरसानगर पैकेज | 3 30 .09 .2024 | 36% |
| बिरसानगर पैकेज | 7ए 30 .09 .2024 | 41% |
| बिरसानगर पैकेज | 7बी 30 .09 .2024 | 17% |
| बिरसानगर पैकेज | 8 04 .07 .2023 | 11% |
| बिरसानगर पैकेज | 06 30 .09 .2024 | 23% |
| बिरसानगर पैकेज | 5बी 04 .07 .2023 | 07% |
| बिरसानगर पैकेज | 10ए 30 .09 .2024 | 09% |
| बिरसानगर पैकेज | 10बी 30 .09 .2024 | 32% |
| पीएमएवाई चास | 30 .03 .2024 | 45% |
| पीएमएवाई काशीडीह | 31.03 .2024 | 45% |
| पीएमएवाई कोडरमा | 31.02 .2022 | 86% |
| पीएमएवाई मधुपुर | 31.07 .2022 | 65% |
| पीएमएवाई गिरिडीह | 31.03 .2022 | 44% |
| पीएमएवाई मेदिनीनगर | 31.12 .2023 | 42% |
| पीएमएवाई गढ़वा | 31.12 .2023 | 46% |
| पीएएवाई झुमरीतिलैया | 31.03 .2023 | 96% |
| पीएमएवाई बुंडू | 31.12 .2022 | 70% |
| पीएमएवाई मिहिजाम | 31.03 .2023 | 53% |
| पीएमएवाई खूंटी | 08 .09 .2023 | 10% |
| पीएमएवाई आनि | 04 .06 .2024 | 58% |
| पीएमएवाई साहिबगंज | 31.07 .2024 | 25% |
| पीएमएवाई धनबाद | 06 .09 .2021 | 25% |
| पीएमएवाई इस्लाम नगर | 31.12 .2022 | 88% |

## होटवार जेल के जेलर को ईडी का समन

**रांची।** इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेलर प्रमोद कुमार को समन भेजा है. जेलर प्रमोद कुमार को यह समन जेल से पत्रकार को धमकी देने के मामले में भेजा गया है. ईडी ने प्रमोद कुमार को 2 जनवरी को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है. साथ ही एजेंसी ने होटवार जेल प्रशासन से योगेंद्र तिवारी के सेल का सीसीटीवी फुटेज भी मांगा है. ईडी ने जेलर से यह स्पष्टीकरण मांगा है कि एक आरोपी को जेल के अंदर टेलीफोन तक कैसे पहुंच मिली.

**प्रधान संपादक को दी गयी थी धमकी :** बता दें कि प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को होटवार जेल से योगेंद्र तिवारी के नाम पर धमकी दी गयी थी. इससे पहले होटवार जेल से ईडी के गवाहों को भी धमकी मिली थी. छापेमारी के दौरान ईडी को इससे संबंधित कई महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज भी मिले थे. इसके अलावा ईडी को उनके अधिकारियों को झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रचने के सबूत भी मिले थे.

मौजूदा सरकार भी आश्वासन ही देती रही, जमीन पर कुछ नहीं हुआ अब तक

# 20 साल, 11 सरकारें...नहीं सुलझ सका पारा शिक्षकों का मामला

रजनीश प्रसाद। रांची

### 2004 से अक्सर होते रहे हैं आंदोलन

1 नवंबर 2004 को पहली बार पारा शिक्षक सम्मान मानदेय और स्थाई करने की मांग को ले कर आंदोलन किए. इस आंदोलन के बाद इनके इनके मानदेय में 1000 रुपए की बढ़ोतरी की गई. 2008 में अपनी मांगों को ले कर आंदोलन पर उतरे उस वक्त झारखंड के मुख्यमंत्री मधु कोडा थे, उस वक्त भी इनके ऊपर लाठी चार्ज किया गया. गिरि नाथ सिंह की अध्यक्षता में हाई लेवल कमेटी बनाई गयी जिसमें रवींद्र नाथ महतो, सुखदेव भगत, अपर्णा सेनगुप्ता, पारा शिक्षक बिनोद बिहारी महतो और पारा शिक्षक बिनोद तिवारी सदस्य थे.

झारखंड गठन के बाद सर्व शिक्षा अभियान के तहत 2003 में पारा शिक्षकों की बहाली हुई थी. उस वक्त इनका चयन ग्राम सभा कर के किया गया था और मानदेय के तौर पर 10,000 रुपए दिया जाता था. वो भी इन्हें हर महीने नहीं मिलता था. 5 से 7 महीनों में मानदेय दिया जाता था.

चुनाव से पहले इन्हें हर सुविधा देने कि बात कि जाती थीं, लेकिन चुनाव के बाद इन्हें सरका की लाठियों के अलावे कुछ नहीं मिला. आंदोलन और लाठी चार्ज में कई पारा शिक्षक की मौत हो चुकी है. पिछली हर सरकार में इनके मानदेय में कुछ न कुछ वृद्धि तो हुई, लेकिन नियमित तौर पर मानदेय मिलने में दिक्कत होती रही. पारा शिक्षक 2004 से सम्मान जनक मानदेय और स्थाई करने की मांग करते रहे हैं. वर्तमान में पारा शिक्षक वेतनमान की मांग को ले कर आंदोलन कर रहे हैं.

बीते बुधवारा को राज्य भर के पारा शिक्षक मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले थे. गुरुवार को सुदिव्य कुमार सोनू ने 10 जनवरी तक इनकी वार्ता मुख्यमंत्री से करने की बात कही है.

**हेमंत सरकार में राहत की उम्मीद पाले पारा शिक्षक :** 2019 झारखंड में जब हेमंत सोरेन कि सरकार बनी, तो पारा शिक्षकों को राहत हुई. सरकार में डुमरी विधान सभा के विधायक जगरनाथ महतो को शिक्षा मंत्री बनाए गए थे, झारखंड के वे पहले शिक्षा मंत्री थे, जिन्होंने पारा शिक्षकों को पर्व त्यौहारों पर एडवांस मानदेय दिया. पारा शिक्षकों को स्थाई किया और पीएफ समेत कई सुविधाएं देने की घोषणा की. हालांकि इन्हें अभी तक मानदेय और पीएफ की सुविधा नहीं दी गयी है.

# संगठित अपराधों व नक्सलवाद के खिलाफ नये साल में भी जारी रहेगी कार्रवाई : डीजीपी

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड पुलिस के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने शनिवार को लगातार डॉट इन से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने कहा कि नये साल (2024) में भी संगठित अपराधों और नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी. कहा कि नक्सलवाद और संगठित अपराधों के खिलाफ साल 2023 में झारखंड पुलिस को काफी सफलता मिली है. इस दौरान जहां कई बड़े नक्सली गिरफ्तार किये गये. वहीं कई ने झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया. दूसरी ओर संगठित अपराध से जुड़े कई बड़े अपराधियों को झारखंड पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया है. अजय कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड के विभिन्न जिलों से कुल 397 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया. वहीं झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह के कुल 248 अपराधियों पर पुलिस ने शिकंजा कसा. आगे भी अपराधियों के खिलाफ सीसीए और जिला बदर करने की कार्रवाई जारी रहेगी.

### साइबर अपराध से निपटने के लिए दी जा रही विशेष ट्रेनिंग



डीजीपी अजय कुमार ने बताया कि साल 2023 में साइबर अपराध के खिलाफ झारखंड पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है. साइबर अपराध से निपटने के लिए झारखंड पुलिस के पदाधिकारियों और कर्मियों को विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है, जो आगे चलकर का काफी कारगर साबित होगी. इस साल 834 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया. साथ ही बैंक अकाउंट में पांच करोड़ रुपये फ्रीज कराया गया.

### आम लोगों की शिकायत नहीं सुनी जा रही, तो वरीय अधिकारी को दें सूचना

डीजीपी ने कहा अगर किसी थाने में आम जनता की समस्या नहीं सुनी जाती है, तो ऐसे में पीड़ित तुरंत वरीय अधिकारी को इसकी सूचना दें. उन्होंने कहा कि शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी. इसके अलावा जिन थाना के पुलिस पदाधिकारी आम लोगों की समस्याओं को नहीं सुनते हैं, उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

CLASSIFIED







































2023 2024

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

रविवार, 31 दिसंबर 2023 ● पौष कृणपक्ष 05 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 253

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

# 5400 करोड़ से 270 ट्रेनों में लगा फॉग सेफ्टी डिवाइस, फिर भी 15 घंटे ट्रेनें लेट

संवाददाता। धनबाद

ठंड के मौसम में कोहरा से बचाव और ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक न लगे, इसके लिए धनबाद रेल मंडल से होकर गुजरनेवाली 270 ट्रेनों में 5400 करोड़ की लागत से जीपीएस आधारित फॉग सेफ्टी डिवाइस लगाया गया है. फिर भी रोजाना उत्तर भारत में कोहरा के कारण 5 से 15 घंटे कई ट्रेनें लेट से चल रही है. नई दिल्ली से हावड़ा और सियालदह जानेवाली राजधानी एक्सप्रेस 15 घंटे विलंब से चल रही है. सुबह 6:30 बजे धनबाद आनेवाली नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी रात 10:06 बजे और नई दिल्ली-सियालदह राजधानी सुबह 06:18 के बदले रात 09:48 बजे धनबाद पहुंची. वहीं पूर्वा एक्सप्रेस 12:00 बजे के बदले शाम 04:30 बजे, नेताजी एक्सप्रेस तड़के 03:17 की बजाय सुबह 09:03 बजे, दून एक्सप्रेस देर रात 01:03 बजे की बजाय सुबह 05:00 बजे, दुर्गियाना एक्सप्रेस सुबह 07:15 की बजाय दिन के 15:10 बजे धनबाद पहुंची. इसके अलावा कई अन्य ट्रेनें भी घंटों विलंब से पहुंच रही है. ट्रेनों के विलंब से चलने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है. रेलवे अधिकारी के अनुसार डिवाइस के ऑन होते ही जीपीएस के माध्यम से ट्रेन चालक को रास्ते में गतिरोध की जानकारी भी मिल जाती है. इससे चालक निर्भीक होकर कुहासा में भी ट्रेन चलाते हैं. पहले कुहासा में चालक को आगे कुछ दिखाई नहीं देता है. इससे ट्रेनें घंटों विलंब हो जाती थी. उत्तर भारत क्षेत्र में कुहासा अधिक होने से चालक काफी धीमी गति से चला रहे हैं. डिवाइस 100 फीसदी सही से काम नहीं करने और चालक को कुहासा में सिग्नल व रेलवे पटरी नहीं दिखने के कारण जहां-तहां रोक देते हैं. कुहासा कम होने व हटने के बाद गंतव्य के लिए रवाना होते हैं.

## ट्रेन हादसा रोकने और सुरक्षित परिचालन के लिए लगाया गया डिवाइस

सूत्रों के अनुसार कुहासा में ट्रेन हादसा रोकने और सुरक्षित परिचालन के लिए ट्रेन के इंजन में फॉग सेफ्टी डिवाइस लगाया गया है, लेकिन करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद परिचालन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है. यात्री कहते हैं कि रेलवे के आला अधिकारी उपकरणों की खरीद पर करोड़ों-अरबों रुपये की बर्बादी कर रहे हैं. यात्रियों को रेलवे की ओर से परेशानी के अलावा कुछ नहीं मिलता है. अधिकारी कहते हैं कि यह डिवाइस जीपीएस टेक्नोलॉजी पर काम करता है. इससे कोहरे में भी ट्रेनों की हाई स्पीड को लगातार बनाए रखा जा सकता है. देश के कई इलाकों में सुबह में घना कोहरा होने से आवागमन में दिक्कत होती है. विजिबिलिटी निचले स्तर पर चले जाने से हवाई यातायात भी ठप पड़ जाती है. ट्रेनों के परिचालन पर कोहरे के कारण पड़ने वाले असर को पहले की तुलना में बहुत कम कर दिया गया है. घने कोहरे के कारण पूर्व में कई बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब डिवाइस लग जाने से ट्रेनों के आवागमन में बड़ी मदद मिल रही है.

### क्या है फॉग सेफ्टी डिवाइस

जीपीएस आधारित डिवाइस से रेलवे ट्रैक का मैप, सिग्नल, स्टेशन और क्रॉसिंग की पूरी जानकारी जुड़ी होती है. यह सिस्टम लोको पायलट को ट्रेन चलने के दौरान क्रॉसिंग और सिग्नल की जानकारी देता है. ड्राइवर को फॉग सेफ्टी डिवाइस से पता चल जाता है कि ट्रैक पर आगे कोई दिक्कत नहीं है तो वह उसी हिसाब से ट्रेन की गति बढ़ाता है. फॉग सेफ्टी डिवाइस ट्रेन में ड्राइवर के पास लगा होता है जो ट्रैक के बारे में हर एक पल की जानकारी देता है. ट्रैक पर कोई अवरोध है तो डिवाइस के डिसप्ले पर इसकी जानकारी मिलने लगती है. डिसप्ले पर जीपीएस के माध्यम से इनपुट के आधार पर ड्राइवर ट्रेन की गति घटाने, बढ़ाने या ट्रेन को रोकने का फैसला करता है.



ट्रेन के इंजन में लगा फॉग सेफ्टी डिवाइस

## ब्रीफ खबरें

### नशेड़ियों ने फुटपाथ दुकानों में लगाई आग

**झरिया।** झरिया कतरास मोड़ स्थित करीब आधा दर्जन फुटपाथ दुकान में शुक्रवार की रात नशेड़ियों ने तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी. मामले की शिकायत दुकानदारों ने झरिया थाने में की है. पुलिस को दी गई शिकायत में सूरज सिंह, रउफ अंसारी, विनोद दास और डोली देवी ने बताया कि उनकी दुकानें कतरास मोड़ पर है. चाय-पानी से लेकर पूजन सामग्री की बिक्री यहां होती है. शुक्रवार की रात कुछ अराजक तत्वों ने नशे की हालत में इनकी दुकानों के सामानों को तोड़फोड़ कर फेंक दिया और दुकानों में आग लगा दी. इस कारण इन लोगों को हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ. इन दुकानों से इनकी रोजी-रोटी चलती थी. दुकानदारों ने पुलिस से गुहार लगाकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है.

### कोडरमा में पुलिस ने अवैध शराब की भट्ठी ध्वस्त की

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में थाना क्षेत्र डुमरियातांड जंगल में अवैध महुआ शराब के भट्ठियों को ध्वस्त किया गया. इस दौरान दो शराब की भट्ठी को ध्वस्त किया गया व भारी मात्रा में जावा महुआ को भी नष्ट किया गया. इस मौके पर पुलिस बल के जवान मौजूद थे.

### रिम्स में इलाज करवा रहा नक्सली गिरफ्तार

**रांची।** रिम्स में इलाज करवा रहा घायल नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं. आईईडी विस्फोट में घायल होने के बाद नक्सली निर्मल मुंडा रिम्स में इलाज करवा रहा था. इस मामले एसएसपी ने बताया कि घायल नक्सली मूल रूप से खूंटी जिला का रहने वाला हैं. उसका अपराधिक इतिहास निकाला जा रहा है. आईईडी विस्फोट में नक्सली का दोनों पैर जल गया है. पहले कोल्हान में ही झोला छाप डॉक्टरों से इलाज करवाता रहा.

## गोविंदपुर सीओ उड़ा रहे सीएनटी एक्ट की धज्जियां

# मूल में सीएनटी, फिर भी बाहर वालों के नाम पर हो रहा म्यूटेशन

अमित सिन्हा। धनबाद

गोविंदपुर अंचलाधिकारी धड़ल्ले से सीएनटी कानून का उलंघन कर रहे हैं. कायदे एवं कानून को दरकिनार कर सीओ वैसी जमीन का भी दाखिल खारिज कर दे रहे हैं, जिसके मूल में सीएनटी है. अंचलाधिकारी रामजी वर्मा ने स्वयं एक आरटीआई के जवाब में कहा है कि जिस जमीन के मूल में सीएनटी हो, उसका म्यूटेशन नहीं किया जा सकता है. वहीं वह स्वयं बेख़ौफ नियमों का उल्लंघन कर सीएनटी मूल की जमीन का म्यूटेशन कर रहे हैं.

**केस नम्बर 695, वर्ष 2023-24 :** यह आवेदन जमीन क्रेता अजय शर्मा के द्वारा 20 अप्रैल 2023 को दिया गया था. जिसकी जांच रिपोर्ट कर्मचारी ने 13 मई को सौप दी. सीआई ने आवेदन को 19 मई को अंचलाधिकारी के सपुर्द कर दिया. अंचलाधिकारी ने 23 जून को म्यूटेशन कर दिया. दाखिल खारिज करने की प्रक्रिया में कुल 66 दिनों का समय लग गया.

**केस नम्बर 695/23-24 :** जिस जमीन के म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया गया था उसका विवरण, गोविंदपुर अंचल के भेलाटांड़ मौजा, हल्का 4, खाता नम्बर 74, प्लाट नम्बर 1257, रकवा 6.5 डिसमिल है. उक्त जमीन को अजय शर्मा ने हरीश कुमार गर्ग एवं मनोज अग्रवाल से खरीदा है.

उक्त जमीन के जब खतियान की जांच की गई तो जमीन के मूल में सीएनटी निकला है. उक्त साढ़े छह डिसमिल जमीन का खतियान कुर्मी महतो के नाम पर है.

**केस नम्बर 12949 वर्ष 2022-23 :** यह आवेदन जमीन क्रेता कुमार आलोक के द्वारा 6 मार्च 2023 को दिया गया था. जिसकी जांच रिपोर्ट कर्मचारी ने 14 अप्रैल को सौप दिया. सीआई ने आवेदन को 17 अप्रैल को अंचलाधिकारी के सपुर्द कर दिया. अंचलाधिकारी ने 18 अप्रैल को म्यूटेशन कर दिया. दाखिल खारिज करने की प्रक्रिया में कुल 51 दिनों का समय लग गया.

**केस नम्बर 12949/22-23 :** जिस जमीन के म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया गया था उसका विवरण, गोविंदपुर अंचल के भेलाटांड़ मौजा, हल्का 4, खाता नम्बर 74, प्लाट नम्बर 1262, रकवा 6.88 डिसमिल है. उक्त जमीन को कुमार आलोक ने शक्ति नगर गृह निर्माण समिति लिमिटेड के सचिव पुरुषोत्तम शर्मा से खरीदा है. उक्त जमीन के जब खतियान की जांच की गई तो जमीन के मूल में सीएनटी निकली है. उक्त 6.88 डिसमिल जमीन का खतियान कुर्मी महतो के नाम पर है.

### कुर्मी की जमीन की हो रही लूट, डीसी से करेंगे शिकायत


मनमानी : मूल में सीएनटी, फिर भी नियमों को ताक पर रख रहे गोविंदपुर सीओ
नियम तोड़ सीओ कर रहे म्यूटेशन
सूचना के अधिकार नियम को भी नहीं मानते गोविंदपुर सीओ
30 के भीतर म्यूटेशन करने की बाध्यता भी नहीं मानते सीओ

शुभम संदेश में प्रकाशित खबर.

झारखंड के लोकप्रिय अखबार **शुभम संदेश** में खबर प्रकाशित होने के बाद सिंदरी विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सीओ की मिलीभगत से कुर्मियों के जमीन की लूट हो रही है. उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में सीएनटी लगाने का औचित्य ही खत्म हो जाता है. गोविंदपुर सीओ अपने पद का दुरूपयोग कर रहे हैं. कुमार ने कहा कि ऐसे पदाधिकारी पर गाज गिरनी चाहिए. विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि इस मुद्दे को उपायुक्त के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगे. जिससे कि जमीन कि लूट पर अंकुश लगने के साथ ही ऐसे अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो.

# सरना धर्म कोड की मांग को ले भारत बंद का मिलाजुला असर

- रेलवे ट्रैक जाम, कई ट्रेनें रद्द, कई का रुट बदला, यात्री परेशान रहे
- सड़क जाम की वजह से मालवाहक वाहनों के पहिए थमे रहे

संवाददाता। रांची/ जमशेदपुर

सरना धर्म कोड की मांग को लेकर सेंगेल अभियान द्वारा आहूत भारत बंद का पांच राज्यों झारखंड, बिहार, असम, ओडिशा और बंगाल में मिला जुला असर रहा. आदिवासी समाज के लोग सरना धर्म कोड की मांग को बंद को सफल बनाने के लिए सुबह से ही सड़कों पर उतर गए थे. बंद का असर शहरी क्षेत्रों में कम, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा दिखा. बंद समर्थकों ने कहीं सड़क जाम की, तो कही रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया, जिससे वाहनों व ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहा. झारखंड के कोल्हान और रांची प्रमंडल में बंद कहीं-कहीं असरदार देखा गया. ग्रामीण क्षेत्रों में बंद का असर नजर आया. आदिवासी छात्र संघ केअध्यक्ष रोशन तिग्गा के नेतृत्व में रांची -डालटनगंज एनएच- 75 को छोटानागपुर उच्च विद्यालय के निकट सुबह से ही बांस-बल्ली व टायर जलाकर जाम कर दिया गया. सैंकड़ो लोगों ने सड़क पर बैठ कर चक्का जाम किया.



### झारखंड में कहां-कहां ज्यादा असर रहा

रांची,खूंटी,बोकारो, हजारीबाग,रामगढ़,पूर्वी सिंहभूम,सरायकेला खरसावां, पश्चिम सिंहभूम जिसा के चाईबासा में बंद का ज्यादा असर देखने को मिला.

### चक्रधरपुर व आद्रा मंडल में रेल सेवाएं बाधित रहीं

चक्रधरपुर और आद्रा मंडल क्षेत्र में रेल सेवाएं प्रभावित हुईं. आदिवासी सेंगेल अभियान के समर्थकों ने आद्रा मंडल के कांटाडीह-टाटानगर रेल मार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिससे रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों को पुरुलिया रेलवे स्टेशन पर एक घंटे से अधिक समय तक रोका गया. बाद में ट्रेन को परिवर्तित मार्ग, पुरुलिया-कोटशिला-मुरी-चांडिल-टाटानगर के रास्ते रवाना किया गया. हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया, जबकि रांची-हावड़ा एक्सप्रेस और हटिया-टाटानागर एक्सप्रेस को मुरी-चांडिल-टाटानगर मार्ग से रवाना किया गया. आदित्यपुर-गमहरिया और मालुका-डांगोवापोसी स्टेशनों के बीच बहाल्दारोड रेलवे स्टेशन पर लगभग 100 प्रदर्शनकारी रेलवे ट्रैक पर बैठ गए.

## सरयू राय का सांसद पीएन सिंह पर पलटवार, कहा-

# मेरी उनसे राजनीतिक तुलना है ही नहीं

प्रमुख संवाददाता। रांची





- भाजपा पर एहसान थोपने से पहले पड़ोस की सीट पर 4500 वोट लाकर जमानत गंवा बैठे से पीएन सिंह

धनबाद सीट को लेकर वहां के सांसद पीएन सिंह और विधायक सरयू राय आमने-सामने हैं. कई दिनों से यह चर्चा है कि सरयू राय धनबाद से चुनाव लड़ सकते हैं. शुक्रवार को इसे लेकर जब पीएन सिंह से सवाल पूछा गया, तो वो उखड़ गये, कहा कि राय से उनकी कोई तुलना नहीं है. वे हर चुनाव में धनबाद में सक्रिय होते हैं. शनिवार को सरयू राय ने पीएन पर पलटवार किया. कहा, पीएन सिंह से मेरी राजनीतिक तुलना गलत है. पर्यावरणीय क्षेत्र में पीएन सिंह की कभी सक्रियता रही ही नहीं है.

### कैसे बने थे मंत्री आज नहीं तो कल सच आएगा सामने

सरयू ने कहा कि जब पीएन सिंह कहते हैं कि बाबूलाल मरांडी की सरकार में वे उद्योग मंत्री थे, तो उन्होंने मुझे विभाग की एक समिति में स्थान दिलवाया था. यानी मुझे पहचान और प्रतिष्ठा दिलवायी. तब तो उन्हें यह जरूर याद होगा कि वह समिति क्या थी और मुझे ही उसका अध्यक्ष कैसे और क्यों बनाया गया था. इसमें तत्कालीन राज्यपाल प्रभात कुमार और तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की क्या सोच थी. सरयू ने कहा कि उस सरकार में पीएन सिंह मंत्री कैसे बने यह तथ्य भी आज नहीं तो कल सामने आएगा. उन्हें याद नहीं हो तो बाबूलाल से पूछ लें कि उस मंत्रिपरिषद में मेरे लिए क्या स्थान रखा गया था और मैंने उसे क्यों स्वीकार नहीं किया.

### गिरेगा पारा, बढ़ेगी ठंड कई इलाकों में होगी बारिश

**रांची।** साल के आख़िरी दिन और नए साल की शुरुआत झारखंड की सुबह घने कोहरे के बीच होने कि संभावना है. राज्य के पश्चिमी निकटवर्ती मध्य तथा दक्षिणी भागो में कहीं कहीं घना कोहरा देखा जा सकता है. रांची, चतरा, बोकारो, हजारीबाग, पलामू, लातेहार, गुमला, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसांवां और खूंटी जिले में सुबह में कोहरे की आशंका है. बाद में आंशिक बादल छाए रहेंगे और मौसम शुष्क बना रहेगा. राज्य में अगले 2 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. इसके बाद अगले 2 दिन इसमें वृद्धि होगी. झारखंड में नये साल का स्वागत बारिश और आसमान में काले बादल कर सकते हैं.

# स्कूल बस पलटी, दर्जन भर से ज्यादा बच्चे घायल

संवाददाता। अनगड़ा

सिकीदिरी- हुंडरू फॉल डॉक्टर मोड़ के पास स्कूली बच्चों से भरा बस पलटने से एक शिक्षिका समेत करीब एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए. गंभीर रूप से घायल पांच बच्चों को रिम्स भेज दिया गया है. घटना शनिवार दोपहर की है. जानकारी के अनुसार यूनिक प्रोग्रेसिव हाईस्कूल जयनगर ( कोडरमा ) से एक बस 61 बच्चों को लेकर हुंडरू फॉल घूमने जा रही थी. तभी सिकीदिरी थाना क्षेत्र के डॉक्टर मोड़ के समीप एक बाइक सवार को बचाने के क्रम में बस पलट गयी. मौके पर पहुंची सिकीदिरी पुलिस ने सभी घायल बच्चों को पांचा स्थित रामेश्वरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है. इधर घटना की सूचना मिलते ही खिजरी विधायक राजेश कच्छप बच्चों का हालचाल जानने घटनास्थल पहुंचे. उन्होंने बच्चों से काफी देर तक बातचीत की। साथ ही साथ सिकीदिरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया. फिलहाल सभी बच्चों को सिकीदिरी थाना परिसर में रखा गया है.





# खरकई नदी से चोरी छिपे हो रहे बालू उठाव से नदी के अस्तित्व पर पर्यावरणीय संकट

## बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं होने से मनमाने दामों पर बिक रहे बालू

- जिले में 26 बालू घाट है, सिर्फ तीन ही हैं निबंधित, लेकिन सभी घाटों से लगातार हो रहा है बालू का उठाव

संवाददाता । आदित्यपुर



खरकई नदी में बालू लूट से पर्यावरणीय संकट उत्पन्न हो गया है. इससे संबंधित पत्र जन कल्याण मोर्चा ने खनन विभाग और राज्य सरकार के संबंधित मंत्री को लिखा है. मोर्चा अध्यक्ष अधिवक्ता ओम प्रकाश ने पत्र में कहा है कि खरकई नदी से चोरी छिपे हो रहे बालू खनन से खरकई नदी में बालू नदारद है, जिससे पर्यावरणीय संकट पैदा रहा है. उन्होंने झारखंड सरकार के खनन विभाग से मांग की है कि खरकई नदी से बालू उठाव पर स्थायी रुप से रोक लगाई जाए, ताकि नदियों की सौंदर्यता बनी रहे और पर्यावरणीय संकट दूर हो सके. सरायकेला खरसावां जिले में कुल 26 बालू घाट हैं. इनमें 3 बालू घाट को सरकार ने विधिवत निबंधित किया है. लेकिन मौजूदा समय में सभी घाटों से बालू उठाव चोरी छिपे जारी है. वहीं जिले के बालू घाटों का बंदोबस्त नहीं होने से बालू माफिया मनमाने दामों पर बालू बेच रहे हैं, जिससे आम लोगों को घर मकान बनाना महंगा पड़ रहा है. बता दें कि बालू घाटों से हर वर्ष की तरह जून माह से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल बालू खनन पर रोक लगा देगी. इसके बाद और भी समस्या उत्पन्न हो जाएगी. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश ( 17 अगस्त 2016) के अनुसार एवं सियाडिया के गाइड लाइन के अनुसार मानसून सत्र में नदियों से बालू का उठाव और खनन नहीं करना है.

**कार्यक्रम**

## चाईबासा में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

# मोदी ने आदिवासियों का बढ़ाया मान-सम्मानः अर्जुन

सुकेश कुमार। चाईबासा

चाईबासा में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक का प्रथम दिन शनिवार को सम्पन्न हुआ. बैठक का शुभारंभ भाजपा ध्वज को फहरा कर किया गया. उद्घघाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजाति समाज का देश मे मान, सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाने का काम किया है. मुंडा ने कहा कि आज हम गर्व से कह सकते हैं कि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जनजाति समाज से हैं. उन्होंने कहा कि देश के आदिवासी महापुरुषों की वीरता एवं देश के लिए किए गए बलिदान को एक पहचान देते हुए धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती के दिन जनजाति गौरव दिवस घोषणा किया है, जिसके माध्यम से उनकी गौरव गान करने का काम किया है. मुंडा ने कहा कि जब जब केंद्र में भाजपा सरकार आती है, आदिवासी समाज के लिए विकास की नीति एवं अधिकार देने का कार्य करती है. कहा कि अटल जी ने आदिवासी समाज की लंबी मांग को पूरा कर अलग राज्य का निर्माण किया. जनजाति समाज के लिए अलग मंत्रालय का निर्माण किया.

### जनजातियों के लिए आरक्षित पांच लोकसभा और 28 विधानसभा सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया गया



### हेमंत राज में आदिवासी हो रहे प्रताड़ित : समीर उरांव

मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एसटी मोर्चा के कार्यकर्ताओं के कंधो में बड़ी जिम्मेवारी है कि वे हेमंत सरकार के कुकर्मों को जनजाति समाज के बीच जाकर बताने का काम करे. उन्होंने कहा कि राज्य में हेमन्त सोरेन सरकार बनते ही चाईबासा में 7 आदिवासियों की हत्या हुई. साहिबगंज में राबिक पहाड़िया की बोटी-बोटी काटकर हत्या, होनहार दरोगा रूपा तिर्की की संदेहास्पद हत्या, रामेश्वर मुर्मू की हत्या, इसआई संध्या टोपनो की मवेशी तस्कर द्वारा हत्या कर देना, गुमला के घाघरा में भाई-बहन की पत्थर कूच कर हत्या, रांची में दिनदहाडे सुभाष मुंडा की हत्या सहित कई घटना यह बताती है कि हेमंत सरकार में सबसे ज्यादा हत्या आदिवासी समाज के लोगो की हो रही है.

**जनजाति समाज की 5 लोस सीट जीत पुनः मोदी को पीएम बनाएंगे : शिवशंकर उरांव :** स्वागत भाषण देते हुए मोर्चा अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि मोर्चा की इस बैठक में सभी कार्यकर्ता आगामी लोकसभा में 5 जनजाति लोकसभा सीट एवं 28 जनजाति विधानसभा सीट जितने के लक्ष्य को निर्धारित कर आज से ही लग जायें. गांव-गांव जाकर मोदी के जनजाति विकास के किए गए कार्यो को बाताए एवं पार्टी के नीति सिद्धान्तों से जनजाति समाज को जोड़ने का कार्य करें.

## ब्रीफ खबरें

### सेरेंगबिल के तट पर वन भोज सह मिलन समारोह

**चाईबासा।** आईक्यू कोचिंग सेंटर टुंगरी के तत्वावधान में सेरेंगबिल नदी के तट पर वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इसमें बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई थी. बैलून फोड़ प्रतियोगिता में गर्ल्स में प्रथम स्थान अनिष्का पड़ेया, गमछा मार प्रतियोगिता गर्ल्स में प्रथम स्थान सुनैना तियू, गमछा मार प्रतियोगिता बॉयज रितेश कुमार बिरुआ विजेता बने. मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संजीत सावैयां,हांडी फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संध्या पूर्ति ने प्राप्त किया. सामूहिक प्रतियोगिता के रूप में रस्साकस्सी का आयोजन किया गया.

### बस के कर्मचारियों ने लिया पिकनिक का आनंद

**किरीबुरु।** आदिवासी सेंगेल अभियान संगठन द्वारा आहूत भारत बंद का यात्री बसों के कर्मचारियों ने पूरा आनंद उठाया. शनिवार को बंदी की वजह से किरीबुरु से जमशेदपुर आदि मार्गों के लिये बसें नहीं चलीं. बस कर्मियों ने सारंडा जंगल में जाकर पिकनिक का आनंद उठाया. बस कर्मचारियों ने बताया कि आम दिनों में यात्रियों को समय पर उनके गंतव्य तक पहुंचाने के दौरान उन्हें खाने-पीने अथवा शौचालय तक के लिये समय नहीं मिलता है. आज लंबे समय बाद समय मिला है तो इस दिन का भरपूर मजा लिया और आराम किया.

### अंचल निरीक्षक हुए सेवानिवृत्त, विदाई दी

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर अंचल कार्यालय के अंचल निरीक्षक कृष्णा सोय सेवानिवृत हो गए. उनके सेवानिवृत होने पर शनिवार को चक्रधरपुर के प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें विदाई दी गई. इस मौके पर सेवानिवृत अंचल निरीक्षक कृष्णा सोय ने चक्रधरपुर अंचल कार्यालय में बिताए गए पलों को याद कर सभी के बीच साझा किया. उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान सहकर्मियों का भरपूर सहयोग मिला.भले भी वे सेवा निवृत हो गए हैं लेकिन समय-समय पर सभी के साथ मुलाकात करते रहेंगे.

### खिलाड़ियों को जर्सी देकर बढ़ाया हौसला

**चाईबासा।** विधायक दीपक बिरुवा ने शनिवार को अपने झींकपानी कार्यालय में झींकपानी गुदड़ी संताल हाटिंग फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा को बढ़ाने के उद्देश्य से जर्सी सेट देकर हौसला बढ़ाये. मौके पर विधायक ने कहा कि जिस तरह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन के माध्यम से भी रोजगार दे रहे है. ऐसे में झारखण्ड सरकार द्वारा चले जा रहे इस मुहिम के अनुसार पढ़ाई के साथ खेल में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रोजगार की ओर अपना कदम बढ़ाना चाहिए.

### 6 महिलाओं को निःशुल्क दी गई सिलाई मशीन

**चाईबासा।** रोटरी क्लब चाईबासा के तत्वावधान में स्थानीय बिहारी क्लब में एक समारोह आयोजित कर रोटरी क्लब द्वारा संचालित , राजेश्वरी देवी रुंगटा सहेली सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 6 महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीन एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया. यह जानकारी क्लब की अध्यक्ष हीना ठक्कर ने दी. पूर्व अध्यक्ष रितेश मुंडा ने कहा कि पिछले सत्र के सकारात्मक कार्य के निमित्त, नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य की पूर्ति के लिए 6 आर्थिक रूप से अशक्त रोटरी सहेली सेटर की युवतियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया जा रहा है.

---

### अडानी एसीसी कंपनी अब सोलर पैनल के जरिए दोनों गांवों में पानी उपलब्ध कराएगी

# ग्रामीणों को सिंचाई के लिए फिर से मिलेगा पानी

- विधायक ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया

**संवाददाता । चाईबासा**



टोंटो प्रखंड अंतर्गत कोंदवा पंचायत के दोकट्टा एवं कोंदवा गांव के ग्रामीणों को सिंचाई के लिए पानी फिर से जल्द मिलने वाली है. अडानी एसीसी कंपनी की ओर से सीएसआर के तहत जल्द ही इन दोनों गांव के ग्रामीणों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराएगी. कंपनी अब सोलर पैनल के जरिए दोनों गांव के ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराएगी. इससे दोनों गांव के ग्रामीण लाभान्वित होंगे. इसके लिए शनिवार को भूमि पूजन हुआ. विधायक दीपक बिरुवा ने शनिवार को विधिवत भूमि पूजन के बाद निर्माण कार्य का शुभारंभ किया. कंपनी की ओर से पुनः सिंचाई हेतु जलापूर्ति किए जाने की खबर पाकर दोनों गांव के ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक व कंपनी के प्रति आभार प्रकट किया.

**पुनः कंपनी की ओर से की जाएगी जलापूर्ति :** ज्ञात हो कि पूर्व में इन दोनों गांव के ग्रामीणों को कंपनी की ओर से सिंचाई हेतु जलापूर्ति की जा रही थी. इससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा था. लेकिन विगत दो वर्षों से यह जलापूर्ति ठप पड़ गया था. इसके बाद ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक के प्रयास से पुनः कंपनी की ओर से जलापूर्ति की जा रही है. इससे ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है.

#### सामाजिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करना कंपनी का दायित्व

इस दौरान विधायक दीपक बिरुवा ने कहा कि झींकपानी स्थिति अडानी एसीसी कंपनी को अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के एक हिस्से के रूप में सामाजिक बुनियादी ढांचे के विकास और स्थायी सामुदायिक संपत्तियों के निर्माण के लिए कार्य करना आवश्यक है . इस योजना के तहत बुनियादी ढांचे के विकास के कार्य जैसे बोरवेलों को खोदकर/रखरखाव करके पीने के पानी की सुविधा, सिंचाई सुविधा एल, आरसीसी पानी की टंकियों का निर्माण, सड़क, पुल और पहुंच प्रदान करना, अतिरिक्त स्कूल भवन, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचे, चिकित्सा सुविधाओं का विकास करना शामिल है . कंपनी द्वारा बुनियादी कार्य आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाए . क्षेत्र के लोगों के बुनियादी ढांचे की कमी को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया जाए . मौके पर कंपनी के सीएसआर हेड उत्तम कुमार, सहयोगी कृष्ण दास, मुखिया मंगल सिंह कुंटिया, झामुमो नेता तुराम बिरुली, शशि भूषण हेस्सा, ब्रजमोहन गोडसोरा सहित कई लोग मौजूद थे .

---

### आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- अनाक क्राकाटोआ ज्वालामुखी फटा, यह कहां है – **इंडोनेशिया**
- यूएनईपी का मुख्यालय कहां है – **नैरोबी**
- वायुमंडल में सबसे अधिक पाया जानेवाला गैस – **नाइट्रोजन**
- हड़प्पा किस नदी के किनारे स्थित है – **रावी**
- फोटो कॉपी मशीन में उत्पादित होनेवाली गैस – **ओजोन**
- 5वां वैश्विक आयुर्वेद महोत्सव कहां आयोजित हुआ – **केरल**
- भारत की पहली महिला सहायक डी कैंप (एडीसी) – **मनीषा पाढ़ी**
- इंडिका की रचना किसने की थी – **मैगस्थनीज**
- टाइगर स्टेट किस राज्य को कहा जाता है – **मध्य प्रदेश**
- ट्विंकल खन्ना की नई पुस्तक का नाम – **वेलकम टू पैराडाइज**

---

### पोटो हो शहीद स्थल से 31 दिसंबर को यात्रा का होगा शुभारंभ

# एक जनवरी को खरसवां के शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

**शैलेश सिंह । किरीबुरु**



पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा के नेतृत में एक प्रतिनिधिमंडल 31 दिसंबर यानी को अंग्रेजों के साथ लड़ाई के दौरान शहीद हुये पोटो हो की शहीद स्मारक राजाबासा से खरसवां गोली कांड स्थित शहीद स्थल के लिये रवाना होंगे एवं 1 जनवरी को सभी खरसवां गोली कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे. खरसवां जाने वालों में सन्नी सिंकू, नवाज हुसैन, धीरज गागराई, सीताराम लागुरी, सुहैल अहमद, जोलेन भुईंया, बामेश बेहरा, शाहिद आलम, कन्दर्प गोप, कृष्णा सिंकू आदि के अलावे सैकड़ों शामिल रहेंगे. यह दल रविवार यानी कि आज राजा बासा स्थित पोटो हो स्मारक पर जुटेंगे और सुबह सेरेंगसिया शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये रास्ते के विभिन्न गांवों से लोग जुड़ते जायेंगे. बताते चलें कि 31 दिसंबर को दल चाईबासा में ही रात्रि विश्राम करेंगे एवं 1 जनवरी को खरसवां में शहीदों को श्रद्धांजलि दिया जायेगा.

**खरसावां गोलीकांड को इतिहास में जगह नहीं दिया गया :** इस संबंध में पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि आजादी के पहले पोटो हो ने अंग्रेजों के खिलाफ सबसे बड़ा पहला विद्रोह छेड़ा था. लेकिन, इस विद्रोह को आज तक इतिहास में कहीं जगह नहीं मिली और न हीं स्कूली पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया, और न हीं इन शहीदों को सम्मान देने का कार्य किया गया. इस मामले को लेकर आवाज उठानी है.

दूसरी बात यह है कि 1 जनवरी 1948 के आजादी के बाद का पहला खरसावां गोलीकांड जो जलियावाला बाग गोलीकांड में अंग्रेजों के द्वारा की गई बर्बरता को भी पीछे छोड़ दिया. इस गोलीकांड में 2 हजार से अधिक लोग मारे गये थे. इसके बाद मार्शल ला लागू किया गया था. इस गोलीकांड को अंजाम देने वाली ओडिसा सरकार ने 32, बंगाल ने 35 तथा बिहार ने 48 आदिवासियों के मारे जाने की बात अपनी-अपनी रिपोर्ट में कही. इस मामले में कहीं भी समानता नहीं है. लेकिन पूर्व के सांसद के पी देव ने अपने किताब में दो हजार से अधिक आदिवासियों के मारे जाने की बात लिखी है जो प्रत्यक्षदर्शियों की बातों से मेल खाता है.

#### खास बातें

- पोटो हो ने अंग्रेजों के खिलाफ पहला विद्रोह छेड़ा
- विद्रोह को स्कूली पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया
- शहीदों के परिजनों से माफी मांगनी चाहिए

#### खरसावां गोलीकांड को पहला गोलीकांड का दर्जा मिले

बोबोंगा ने कहा कि खरसावां गोलीकांड पर सरकार ने एक ट्रीब्यूनल रिपोर्ट बनाया है, जो सार्वजनिक नहीं किया गया है . हम चाहते हैं कि उसकी रिपोर्ट कमीशन गठीत कर व जांच कर सार्वजनिक करना चाहिए . खरसावां गोलीकांड को आजाद भारत का पहला गोलीकांड का दर्जा देते हुये शहीदों को सम्मान व उनके परिजनों से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए .

#### आदिवासियों पर हमला एक दुःखद घटना थी

बोबोंगा ने कहा कि खरसावां रियासत के राजा सिंहदेव द्वारा खरसावां को ओडिसा में शामिल करने का विरोध आदिवासी कर रहे थे . इसी मामले को लेकर हजारों आदिवासी खरसावां के राजा को मनाने व उनसे वार्ता करने गये थे कि हम ओडिसा में नहीं जायेंगे, भविष्य में झारखंड अलग राज्य बनेगा . इसी दौरान ओडिसा सरकार ने इन आदिवासियों पर यह कहते हुये गोलीबारी करवा दिया कि सभी राजा पर हमला करने आये हैं . यह दु :खद घटना थी .

---

### अनुसूचित जाति समाज के वनभोज कार्यक्रम के लिए कमेटी गठित

**नोवामुंडी।** हरिजन समाज पश्चिमी सिंहभूम नोवामुंडी द्वारा अनुसूचित जाति हरिजन समाज कल्याण संघ सेवा समिति का वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम करने के लिए बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष कृष्णा करुवा ने की. समाज के सचिव नितेश करूवा ने कहा समाज को एकजुट होना जरूरी है. इसका परिचय हरिजन समाज जाति के पारंपरिक नेग दस्तूर और पर्व त्योहार को मनाकर ही दिया जा सकता है. समाज में अनुसूचित जाति मिलन समारोह जैसे कार्यक्रम में हरिजन समाज परिवार के हर एक सदस्य को हिस्सा लेना चाहिए, तभी अंतर जातीय विवाह जैसी घटनाओं में कमी आयेगी. समाज के अध्यक्ष कृष्णा करुवा ने कहा के हमारे समाज का वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह नोवामुंडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बाहर किया जाएगा.

---

# टेबो में फिर से बैंक ऑफ इंडिया की शाखा शुरू होगी

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

बंदगांव प्रखंड की सुदूरवर्ती क्षेत्र टेबो में पांच सालों बाद पुनः बैंक ऑफ इंडिया शाखा चालू होने जा रहा है. जिसे लेकर शनिवार को ग्रामीणों की बैठक टेबो पंचायत भवन के समीप हुई. बैठक में मुख्य रूप से समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई उपस्थित थे. बैठक को संबोधित करए हुए डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा कि टेबो शाखा को पुनः शुरु करने की मांग को लेकर कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक मांग पत्र सौंपी गई थी. और मांग किया गया था कि टेबो में बैंक ऑफ़ इंडिया को पुन वापस लाया जाए. जिस पर मुख्यमंत्री ने मुझे आश्वासन दिए है कि एक सप्ताह के अंदर टेबो में बैंक ऑफ इंडिया को पुनः चालू कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा 2018 को बैंक में चोरी होने के बाद यहां से बैंक ऑफ इंडिया का स्थानांतरण कराईकेला में हो गया था.जिससे ग्रामीणों को लगभग 20 किमी आने-जाने तथा पैसा निकालने एवं जमा करने और पेंशन समेत अन्य विकास कार्य के लिए काफी दिक्कतें होती थी. बता दें कि ग्रामीणों ने इसकी शिकायत समाज सेवी डॉ विजय सिंह गागराई से एक माह पूर्व किया था. ग्रामीणों की समस्या को समझते हुए डॉ विजय सिंह गागराई ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मांग पत्र सौंपा और कहा कि इस समस्या का तत्काल समाधान किया जाए. जिसके फल स्वरुप एक सप्ताह के अंदर यहां बैंक खुल जाएगा, जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है. ग्रामीणों ने कहा यहां बैंक खुलना काफी जरूरी था. टेबो पंचायत के अलावे आसपास के पंचायत के यहां करीब दस हजार खाताधारक है.

---

# योजना पूर्ण होने की बाट जोह रहे लाभुक

**संवाददाता । चाईबासा**

तांतनगर प्रखंड में विगत एक वर्षों से अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवास योजना और अंबेडकर आवास योजना के पूर्ण होने की लाभुक बाट लाभुक जोह रहे हैं. विचौलिया जुरेन्द्र कुंकल ने लाभुकों से अपने ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगवाकर योजना का सारा राशि हजम कर गया है.

इस संबंध में लाभुकों से शिकायत मिलने पर झामुमो जिला सचिव सोनाराम देवगम ने शनिवार को स्थलीय जांच किया और लाभुकों का बयान भी लिया. पूर्व में जो भी शिकायत प्राप्त उन्हें प्राप्त हुए थे, सभी शिकायत को सत्य पाकर उन्होंने इस संबंध में उपायुक्त पश्चिम सिंहभूम को लिखित रूप से इससे अवगत कराते हुए इसकी जांच कर विचौलिया जुरेन्द्र कुंकल के खिलाफ उचित कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र आवास निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का आग्रह किया है. बिचौलिया जुरेन्द्र कुंकल टांगरपोखरिया पंचायत का पंचायत समिति सदस्य है, जो कि अपने आप को मंझारी जिला परिषद सदस्य माधव चन्द्र कुंकल का निकट सहयोगी बताता है. सोनाराम देवगम ने आरोप लगाया है कि मझगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में माधव चन्द्र कुंकल के सहयोगी राजनीति की आड़ में उनके नाम का धौंस जमाकर सरकारी योजनाओं में भयादोहन और विचौलियागिरी कर विकास योजनाओं की राशि का बंदर बांट करने के धंधे में लगे हुए हैं. जिसका पर्दाफाश किया जाएगा और माधव चन्द्र कुंकल और उनके सहयोगियों का असली चेहरा लोगों के सामने लाया जाएगा. लाभुकों को उनका वाजिब हक मिले. समय पर योजना पूर्ण हो इसके लिए काम किया जाएगा.

#### गड़बड़ झोल

- योजना की सारी राशि हजम करली है विचौलियों ने
- जांच कर आवास निर्माण कराने का किया आग्रह

---

# नंगे पैर अंगारों पर चलकर भक्तों ने दिखाई अपनी भक्ति



**संवाददाता । नोवामुंडी**

शुक्रवार को बड़ाजामदा बस्ती में शक्ति की देवी माता ठाकुरानी उषा पूजा धूमधाम से की गई. यह पूजा पौष माह में की जाती है. इस अवसर पर महिलाओं एवं पुरुष ने गुरुवार मध्य रात्रि से शुक्रवार तक निर्जला उपवास रखते हुए माता ठाकुरानी की पूजा अर्चना की. पूजा के बाद माता के भक्तों ने नंगे पांव अंगारे पर चलकर अपनी भक्ति की शक्ति दिखाई. 1 फीट गहरा व 10 फीट लंबा गड्ढा खोदकर अग्नि देव को स्मरण करते हुए पुजारी आग जलाते हैं. लकड़ी के अंगारों पर भक्त माता की भक्ति को प्रदर्शित करते हैं. माता ठाकुरानी की आराधना में पुजारी की मुख्य भूमिका रहती है. इस दौरान देवी माता ठाकुरानी उषा की पूजा के अवसर पर बड़ाजामदा बस्ती में मेले का आयोजन भी किया गया. इसे देखने के लिए काफी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों की भीड़ लगी थी.

---

### भारत बंद को लेकर सेंगल अभियान के कार्यकर्ताओं ने बेनीसागर-हाटगम्हारिया स्टेट हाईवे किया जाम

# सरना कोड आदिवासियों का लाइफ लाइनः वीर

**संवाददाता । मझगांव**




आदिवासी सेंगल अभियान की ओर से सरना धर्म कोड समेत अन्य मांगों को लेकर शनिवार को भारत बंद किया गया. इसको लेकर सेंगल अभियान के कार्यकर्ता जगह-जगह सड़क जाम कर बंद को सफल बनाने में लगे हुए हैं. बेनीसागर- हाट गम्हारिया स्टेट हाईवे सड़क मझगांव के पडसा चौक, मिनी होटल चौक, कुमारडुंगी के अंधारी चौक समेत अन्य जगहों पर सड़क जाम कर दिया गया. बंद के कारण जगह-जगह यात्री बसों को रोक दिया गया. इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. हालांकि, बंद में मेडिकल से संबंधित वाहन को नहीं रोका जा रहा था. बड़ी संख्या में बंद समर्थक सड़क पर टायर इत्यादि जलाकर मार्ग अवरुद्ध किए हुए थे. सेंगेल के जिला सचिव वीर सिंह गागराई ने कहा कि सरना धर्म कोड भारत के प्रकृति पूजक लगभग 15 करोड़ आदिवासियों का अस्तित्व पहचान हिस्सेदारी का लाइफ लाइन है. आदिवासियों को उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करने के लिए कांग्रेस-बीजेपी दोषी हैं. 1951 की जनगणना तक यह प्रावधान था. इसे बाद में कांग्रेस ने हटा दिया और अब भाजपा जबरन आदिवासियों को वनवासी और हिंदू बनाना चाहती है. 2011 की जनगणना में 50 लाख आदिवासियों ने सरना धर्म लिखाया था, जबकि जैन की संख्या 44 लाख थी. आदिवासियों को मौलिक अधिकार से वंचित करना संवैधानिक अपराध जैसा है. सरना धर्म कोड के बगैर आदिवासियों को जबरन हिंदू, मुसलमान, ईसाई आदि बनाना धार्मिक गुलामी को मजबूर करना है. सरना धर्म कोड की मान्यता मानवता और प्रकृति- पर्यावरण की सुरक्षार्थ भी अनिवार्य है.

#### भारत बंद से यात्री बसों का परिचालन हुआ बंद

**किरीबुरु।** सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आदिवासी सेंगेल अभियान द्वारा आहूत भारत बंद का मिला जुला असर किरीबुरु क्षेत्र में दिखा . हालांकि बंद कराने उक्त संगठन का कोई भी सदस्य सड़क पर नहीं उतरा . यहां संगठन का थोड़ा भी प्रभाव नहीं है . इसके बावजूद जमशेदपुर, चाईबासा, रांची रूट की यात्री बसें किरीबुरु से रवाना नहीं हुई . रांची रूट की एकमात्र बस सुबह मनोहरपुर के रास्ते रवाना हुई . बसों के नहीं चलने से यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है . यात्री बसों का परिचालन को छोड़ शहर की तमाम गतिविधियां सामान्य हैं .

---

### बीएमएस का अधिवेशन धुर्वा के सरस्वती शिशु मंदिर में शुरू

**किरीबुरु।** भारतीय मजदूर संघ, झारखंड प्रदेश का अधिवेशन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में शनिवार को आरंभ हो गया. अधिवेशन का आरंभ प्रदेश अध्यक्ष एस एन सिंह ने भारतीय मजदूर संघ गीत से किया. मचांसीन अतिथियों का स्वागत प्रदेश महामंत्री सुनील कुमार द्वारा किया गया. अधिवेशन को मुख्य रूप से रांची के मेयर डॉक्टर आशा लकड़ा, अखिल भारतीय मजदूर संघ के उप महामंत्री सुरेंद्र पांडे, अखिल भारतीय मजदूर संघ के सदस्य संध्या मिश्रा ने संबोधन किया. अतिथियों ने मुख्य रूप से झारखंड के मजदूरों के बारे में उनकी समस्याओं एवं परेशानियों को रखते हुए विचार प्रकट किया. अधिवेशन में मुख्य रूप से मेघाहातुबुरु श्रमिक संघ से शिव शंकर सिंह, अमित कुमार झा, बीएमएस के जिला संयोजक धनुर्जय लागुरी ने भाग लिया.

---

**निर्देश**

### दुर्घटना रहित क्षेत्र बनाने के लिए किरीबुरु प्रबंधन ने प्रयास तेज किए

# बीच सड़क पर लगनेवाली दुकानों को हटाने का निर्देश

**संवाददाता । किरीबुरु**



सेल, किरीबुरु की टाउनशिप स्थित बैंक मोड़ सह अंबेडकर चौक क्षेत्र को दुर्घटना रहित क्षेत्र बनाने हेतु किरीबुरु प्रबंधन के सिविल विभाग के महाप्रबंधक डीबी जयकर ने प्रयास तेज कर दिया है. उन्होंने इस क्षेत्र में सड़क किनारे अथवा चौक के सामने बीच सड़क व फुटपाथ पर सब्जी, फास्टफूड, इटली, गोलगप्पा, कपड़ा आदि की दर्जनों दुकानों को यहां से हटने का निर्देश दिया है.

अब फुटपाथ पर दुकानें लगाने वाले सारे दुकानदारों को सामुदायिक भवन के पीछे सेफ्टी वीक के दौरान शेड में लगाये जाने वाले स्टॉल में अपनी-अपनी दुकानों को लगाने निर्देश दिया गया है. पहले सभी दुकानदारों को किरीबुरु पूजा पंडाल के दुकान शेड में दुकान लगाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन दुकानदार वहां जाना नहीं चाहते थे. बाद में दुकानदारों का एक प्रतिनिधिमंडल महाप्रबंधक से मिल अपनी बातें रखीं. इसके बाद महाप्रबंधक ने सामुदायिक भवन के पीछे दुकान लगाने की सहमति दे दी.

#### खास बातें

- बैंक मोड़ के पास फुटपाथी दुकानदारों को हटाया गया
- शेड में अपनी दुकानों को लगाने का दिया गया निर्देश

#### बैंक मोड़ का इलाका शहर के काफी व्यस्त क्षेत्रों में से एक है

उल्लेखनीय है कि किरीबुरु बैंकमोड़ क्षेत्र शहर का काफी व्यस्त क्षेत्र है . यहां फुटपाथ पर दुकानें लगने से वाहनों के आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था . प्रतिदिन बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी . इससे पूर्व मेघाहातुबुरु में सड़क किनारे लगे एक गोलगप्पा का ठेला को कार सवार ने धक्का मार दिया था . इस दुर्घटना में बड़बिल क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रुप से घायल हुये थे . इन्हीं वजहों से बैंक मोड़ क्षेत्र की सड़कों को दुर्घटना रहित बनाने का प्रयास सिविल विभाग द्वारा किया जा रहा है . विभाग इस कार्य हेतु दुकानदारों व आम जनता से पूरा सहयोग करने की अपील की है .

---

### अबुआ आवास योजना के लिए बुलाई गई ग्रामसभा में पहुंचे ग्रामीण

# ग्रामसभा में अफसर पहुंचे ही नहीं

**संवाददाता । किरीबुरु**



जिला ग्रामीण विकास अभिकरण-सह-उप विकास आयुक्त का कार्यालय के आदेशानुसार अबुआ आवास योजना के लिए 30 दिसंबर को छोटानागरा पंचायत अन्तर्गत जामकुंडिया गांव में मुंडा कुशो देवगम की अध्यक्षता में विशेष ग्रामसभा आयोजित की गई. इससे संबंधित मनोहरपुर के बीडीओ ने मुखिया व पंचायत कर्मियों को नियुक्त किया था, लेकिन ग्रामसभा में मुखिया मुन्नी देवगम, पंचायत सचिव मनोज कुमार महतो, रोजगार दिनेश महतो नहीं पहुंच सके. इस कारण ग्रामसभा नहीं हुई. ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीण नाराज होकर लौट गये. अब यहां चार जनवरी को पुनः ग्रामसभा आयोजित करने का फैसला लिया गया. मुंडा कुशो देवगम ने बताया कि अबुआ आवास योजना अन्तर्गत पंचायत स्तरीय शिविरों में प्राप्त आवेदन की सूची प्रत्येक ग्रामसभा द्वारा पारित कराया जाना है. सूची सभी पंचायत सचिव द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी.

इसी के मद्देनजर बीडीओ के आदेशानुसार आज ग्रामसभा की बैठक होनी थी. प्रतिनियुक्त कर्मचारियों से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई भी पत्र या निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है. अंत में सभी ग्रामीण एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई देते हुये अपने-अपने घर लौट गये.

#### खास बातें

- पुन : चार जनवरी को होगी पंचायत की ग्रामसभा
- सूची सभी पंचायत सचिव द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी

## ब्रीफ खबरें

### पीडीएस दुकानदारों ने सात सूत्री मांगों पर की चर्चा

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड कार्यालय परिसर के सम्मुख शनिवार को जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने एक बैठक अध्यक्ष हिरणमय दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई. इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अपने सात सूत्री मांगों को जब तक सरकार द्वारा पूरी नहीं की जायेगी तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा. इस मौके पर बादल पैड़ा, रंजीत शीट, देवेश दास, सनातन पात्र, अंर्तयामी साहू, सुनील कुमार पैड़ा, दुर्गा चंद्र मुंडा, रघुनाथ हांसदा, शांतूनु ओझा, मनोज साव आदि उपस्थित थे.

### ऑपरेशन स्माइल कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के नेताजी शिशु उद्यान परिसर में शनिवार को शमयिता मठ एवं बहरागोड़ा महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन स्माइल का आयोजन किया गया. इसका उद्घाटन रवींद्रनाथ दास द्वारा किया गया. इसमें आसपास के क्षेत्र के वे लोग जिनका होंठ और तालु जन्म से कटा हुआ है, उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा. इसमें छह माह से 45 वर्ष उम्र तक के महिला और पुरुष की शारीरिक जांच की गई. उसके बाद न्यूट्रीशन से संबंधित पोषक तत्व का वितरण किया गया.

### विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

**जमशेदपुर।** जुगसलाई स्थित टाटा पिगमेंट गेट के समीप अंडरपास की सड़क जर्जर हो गई थी. लोगों की परेशानी को देखते हुए रेलवे द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है. शनिवार को निर्माणाधीन इस सड़क का जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने ठेकेदार को बेहतर ढंग से काम करने का निर्देश दिया. सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उन्होंने संतुष्टि जताई. कहा कि इस स्थान पर पानी जमने की समस्या वर्षों से थी. रेलवे अधिकारियों से बात कर सड़क के निर्माण में उन्होंने पहल की.

### मुखिया ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मानुषमुड़िया पंचायत अंतर्गत शनिवार मुखिया राम मुर्मु के द्वारा 15 वां वित्त आयोग मद से पीसीसी पथ निर्माण कार्य का नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया गया. इस अवसर पर मुखिया राम मुर्मू ने बताया कि ग्रामीणों को इस कच्ची सड़क पर बरसात के दिनों में यातायात करने मे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था. इसलिए इस दिक्कतों को देखते हुए निजात दिलाने के लिए सड़क का पक्कीकरण किया जाएगा. जिससे कि आने जाने वालों को सुहलियत हो सके.

### आदिवासी सेंगेल अभियान ने सड़क जाम की

**जमशेदपुर।** सरना को धर्म की मान्यता देने की मांग पर आदिवासी सेंगेल अभियान (एएसए) के सांकेतिक भारत बंद का आंशिक असर ग्रामीण क्षेत्र में दिखाई दिया. अभियान के सदस्यों ने शनिवार को करनडीह में टाटा-हाता मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और जमकर नारेबाजी की. बंदी के कारण सड़क के दोनों छोर पर जाम लग गया. गाड़ियों की लंबी कतार के कारण आवागमन बाधित रहा. काफी देर तक लोग जाम में फंसे रहे. हालांकि बंद के मद्देनजर पूर्व से ही पुलिस करनडीह चौक पर तैनात थी.

---

### आदित्यपुर में शेरे पंजाब चौक-थाना रोड के पास खुली सड़क पर शौचालय का बह रहा है पानी

# नाली पर बसाया दुकान, दुकानदार के साथ लोग परेशान

**संवाददाता । आदित्यपुर**

पिछले 10 दिनों से नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं शेरे पंजाब चौक-थाना रोड के दुकानदार. इस रोड में खुली सड़क पर शौचालय का पानी बह रहा है, जिसके कारण आने-जाने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं, होल्डिंग से लेकर विभिन्न तरह के कॉमर्शियल टैक्स दुकानदारों से वसूलने वाली नगर निगम प्रशासन भी चुप है या यूं कहें कि मुंह चुरा रही है. इस मार्ग से होकर आदित्यपुर थाना, शहरी स्वास्थ्य केंद्र, पीएचईडी और स्टेशन जाने वाले अधिकारी भी चुपचाप इस शौचालय की वैतरणी को देखते पार हो जा रहे हैं फिर भी वह मौन हैं. आदित्यपुर शहर का नाक कहा जाने वाला 'शेरे पंजाब चौक' चौक सड़ांध की बदबू से दूषित है. दरअसल दुकानदार इसलिए आवाज नहीं उठाते हैं कि उनके द्वारा ही नाली को अतिक्रमण कर उसके ऊपर दुकान बसा लिया गया है, जिसकी वजह से वे भी शहर की इस बदबू भरे माहौल में चुपचाप पड़े हैं.



शेरे पंजाब चौक के पास बहता शौचालय का गंदा पानी.

#### जनकल्याण मोर्चा ने लगाई गुहार

बहरहाल, शेरे पंजाब चौक-थाना रोड से गुजरने वाले राहगीरों तथा दुकानदारों के इस नारकीय स्थिति को लेकर जनकल्याण मोर्चा ने इस बाबत आवाज उठाते हुए नगर निगम के अपर आयुक्त और जिले के डीसी को पत्र लिखा है और शहर के बीचोबीच बने इस नारकीय स्थिति से शहरवासियों को निजात दिलाने की गुहार लगाई है.

---

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- अकबर ने कब दिन-ए-इलामी धर्म चलाया था - **1582 ई**
- सर्वाधिक न्यूनतम ज्वलनशील रेशा - **कपास सूत**
- भारत के समुद्री मार्ग की खोज किसने की थी - **वास्को डी गामा**
- पश्चिम घाट को भारत में क्या कहा जाता है - **सह्याद्रि**
- स्थायी बंदोबस्त किससे संबंधित है - **लॉर्ड कार्नवालिस**
- भारत मालदीव से कितने सैनिकों को वापस बुलाएगा - **75**
- भारत में किस तरह की अर्थव्यवस्था है - **मिश्रित अर्थव्यवस्था**
- काली चाय का सबसे बड़ा उत्पादक देश - **भारत**
- हर्ष ने घाटों पर कौन सा कर लगाया था - **खेवा कर**
- सांग कहां का लोक नृत्य है - **हरियाणा**

---

### 2024 में जमशेदपुर में होंगे मैट्रिक के 72 और इंटर के 32 परीक्षा केंद्र

# जैक बोर्ड की परीक्षा को लेकर केंद्रों का निर्धारण किया, सूची भेजी गयी

**आनंद मिश्रा। जमशेदपुर**

झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से वर्ष 2024 में ले जाने वाली मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम) में परीक्षा केंद्रों का निर्धारण कर लिया गया है. इस वर्ष जिले में मैट्रिक के 72 परीक्षा केंद्र होंगे, जबकि इंटरमीडिएट के 32 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा ली जाएगी. वहीं परीक्षा की कॉपियों के मूल्यांकन के लिए शहर में मूल्यांकन केंद्रों का भी निर्धारण कर लिया गया है. शहर में मैट्रिक के चार मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं. इसी तरह इंटरमीडिएट की कॉपियों के मूल्यांकन के लिए भी चार मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण किया गया है. इसके साथ ही तैयारी को लेकर जिला शिक्षा विभाग की ओर से रिपोर्ट और परीक्षा केंद्र व मूल्यांकन केंद्रों की सूची झारखंड अधिविद्य परिषद को भेज दी गई है.

**कितने परीक्षार्थी होंगे शामिल :** मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 की मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने के लिए पूर्वी सिंहभूम जिले से 23 हजार 555 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है. इसी तरह इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होने के लिए जिले से 22 हजार 431 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है.



- परीक्षा की तैयारी को लेकर जनवरी माह में फिर से बैठक कर लिया जाएगा अंतिम निर्णय
- परीक्षा की तैयारी को लेकर आवश्यक संसाधन केंद्रों को उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है

#### एक नजर परीक्षा केंद्र

| | |
|---|---|
| मैट्रिक | 72 |
| इंटरमीडिएट | 32 |
| **मूल्यांकन केंद्र** | |
| मैट्रिक | 04 |
| इंटरमीडिएट | 04 |
| **परीक्षार्थियों की संख्या** | |
| मैट्रिक | 23,555 |
| इंटरमीडिएट कुल | 22,431 |
| आर्ट्स | 13212 |
| कॉमर्स | 4675 |
| साइंस | 4544 |

#### परीक्षार्थियों को परेशानी हो, रखा जा रहा ख्याल

दूसरी और परीक्षा को लेकर उन सभी विद्यालयों में आवश्यक तैयारी एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, जहां परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. इस संबंध में हाल ही में जिला के उपायुक्त ने भी बैठक कर परीक्षा केंद्रों में सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध करने का निर्देश दिया था, ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो. साथ ही इस बार जिले का रिजल्ट पिछले वर्षों की तुलना में और बेहतर हो.

#### अतिरिक्त कक्षाओं का किया जा रहा संचालन

जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला कुमारी बरेलिया ने कहा कि परीक्षा में जिले का रिजल्ट बेहतर हो, इसे लेकर जिले के डीडीसी एवं डीसी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है. इसमें सभी विषय की बच्चों की विशेष तैयारी कराई जा रही है. वही छुट्टी के मद्देनजर ऑनलाइन क्लास भी ली जा रही है, जिसमें बच्चे मोबाइल के माध्यम से जुड़ रहे हैं.

#### स्कूलों को उपलब्ध कराए जाएंगे वीक्षक, क्लर्क व चपरासी

परीक्षा की तैयारी के तहत परीक्षा केंद्र बनाए गए स्कूलों में आवश्यकता के अनुसार मानव संसाधनों को उपलब्ध कराया जाएगा. इसके तहत संबंधित स्कूलों को वीक्षक (शिक्षक), क्लर्क और चपरासी उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि परीक्षा के संचालन में किसी तरह की परेशानी ना हो. इसे लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय ने संबंधित स्कूलों से रिक्विजिशन ले लिया है. अब जनवरी माह में बैठक कर इस पर अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा.

---

### राज्यपाल राधाकृष्णन व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे शुभारंभ

# कृषि मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक से, किसानों को होगा लाभ

- विकसित गांव-विकसित भारत थीम पर आयोजन
- मेले में 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे

**संवाददाता । खरसावां**

खरसावां (झारखंड) में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 1 जनवरी 2024 को किसान समागम का आयोजन किया जा रहा है. इसमें कृषि मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की अध्यक्षता और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा के मुख्य अतिथि होंगे. मेले में कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों से जुड़े सरकारी विभागों, निजी संस्थानों, स्टार्टअप आदि द्वारा 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे. इससे मेला में आने वाले किसानों और खेती किसानी क्षेत्र से जुड़ों हजारों लोगों को फायदा होगा. यह मेला ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी होगा.

**मेले में कृषि विज्ञान केंद्रों की भागीदारी :** मेले में झारखंड के विभिन्न जिलों में कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्रों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है. मेले में राज्य के हजारों किसान भाग लेंगे और जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहेंगे. विकसित भारत को ध्यान में रखते हुए किसानों के विकास एवं उत्थान के लिए भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी मेले में दी जाएगी. मेले के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती, ड्रोन का कृषि में उपयोग तथा कृषि को उद्यम के रूप में विकसित करने सहित अन्य जानकारी भी दी जाएगी.



#### खेती से जुड़े क्षेत्रों को उन्नत बनाने का लक्ष्य

खेती-किसानी से जुड़े क्षेत्रों को और अधिक उन्नत व लाभप्रद बनाने के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की संस्थाओं, राष्ट्रीय बीज निगम, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, इफको, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, अटारी (पटना) व राज्य सरकार की विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर गोंडपुर मैदान, खरसावां, झारखंड में यह वृहद आयोजन किया जा रहा है. इसका उद्देश्य कृषि प्रक्रिया व उत्पादों के विभिन्न आयामों, नवीनतम कृषि-मशीनरी, कृषि-इनपुट और किसान अनुकूल प्रथाओं के अन्य पहलुओं को प्रदर्शित करना है. साथ ही मेला कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, विस्तार कर्मियों, नीति-निर्माताओं व कृषि अधिकारियों का अपना अनुभव किसानों को बताया जाएगा.

---

### मुख्यमंत्री ने पिछड़ी जातियों के साथ किया पक्षपात : कृतिवास

**जमशेदपुर।** आदिवासियों और दलितों को अब 60 की जगह 50 की उम्र से ही वृद्धा पेंशन मिलेगी. इसकी घोषणा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सरकार की चौथी वर्षगांठ पर की गई है जो तारीफ के काबिल है. उक्त बातें शनिवार को आजसू पार्टी के जिला सचिव कृतिवास मंडल ने एक विज्ञप्ति जारी कर कही. उन्होंने कहा कि लेकिन दुर्भाग्य है कि जिस पिछड़ी जातियों की आबादी पूरे देश और राज्य में सबसे ज्यादा है उनके लिए वृद्धा पेंशन के लिए उम्र 60 वर्ष ही रखा गया है. इससे स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री पिछड़ी जातियों के साथ पक्षपात कर रहे है. राजनीति कर पिछड़ी जातियों को कमजोर करने की प्रयास किया जा रहा है. कृतिवास मंडल ने कहा कि झारखंड राज्य में पिछड़ी जातियों की आबादी अन्य जातियों की आबादी से सबसे ज्यादा है. पिछड़ी जातियों के वोट से ही झारखंड राज्य में अधिक से अधिक विधायक और सांसद चुने जाते हैं. इसके बावजूद भी पिछड़ी जातियों को दरकिनार करना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओछी राजनीति का परिचय देता है.

---

### सरकार की वादाखिलाफी पर आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने की जमकर की नारेबाजी

# हेमंत सरकार की विफलताओं पर भाजपा की प्रदर्शनी

**संवाददाता । जमशेदपुर**

झारखंड में हेमंत सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा शनिवार को हेमंत सरकार की विफलता पर आधारित आरोप पत्र की प्रदर्शनी का उदघाटन किया.जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, प्रदेश भाजपा की मंत्री रीता मिश्रा, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत अन्य वरीय नेताओं के संग सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में साकची स्थित भाजपा कार्यालय के समक्ष लगायी गई इस प्रदर्शनी में हेमंत सरकार की नाकामियों को उजागर किया गया है. प्रदर्शनी में पिछले दिनों झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के आवास और कार्यालय से बरामद भारी मात्रा में कैश पर की गई पीएम नरेंद्र मोदी के पोस्ट को प्रमुखता से दिखाया गया.



#### आमजनों को जागरूक करने का प्रयास

मुख्य शीर्षक फाइल, फोल्डर बॉस की सरकार के चार साल ठगबंधन मालामाल और झारखंड बदहाल, क्या हुआ तेरा वादा प्रमुखता से दर्शाते हुए सरकार की आलोचना की गई है. प्रदर्शनी में भाजपा झारखंड प्रदेश की ओर से जारी आरोप पत्र में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के द्वारा लिखी गई प्रस्तावना को दिखाया गया है. प्रदर्शनी में एक और जहां केंद्र सरकार की उपलब्धियों को दर्शाया गया है तो वहीं, दूसरी ओर हेमंत सरकार के चार वर्षों की सफलता का जिक्र करते हुए इस सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया गया है. इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार झारखंड के इतिहास में सबसे विफल और भ्रष्ट सरकार साबित हुई है. कहा कि कांग्रेस सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से बरामद साढ़े तीन सौ करोड़ से अधिक की नगदी ने आजाद भारत में भ्रष्टाचार का नया इतिहास रचा है. मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, बिनोद सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, विकास सिंह, नीरज सिंह, अनिल सिंह, जटाशंकर पांडेय, राकेश सिंह, अनिल मोदी, मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, प्रेम झा, राजीव रंजन सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

---

# अस्थाई मजदूरों का आईसीसी के समीप धरना-प्रदर्शन शुरू

**संवाददाता । घाटशिला**

एचसीएल/आईसीसी बचाव संघर्ष समिति मऊभंडार की ओर से शनिवार को समिति के संस्थापक फेबियन तिर्की की अध्यक्षता में आईसीसी कंपनी मुख्य द्वार के समीप धरना प्रदर्शन शुरु हुआ. धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए फेबियन तिर्की ने कहा कि आईसीसी कंपनी के वादा खिलाफी के कारण आज मजदूरों को मजदूरी की मांग को लेकर फिर से आंदोलन शुरू करना पड़ा है. उन्होंने कहा कि बीते 15 जुलाई को विधायक रामदास सोरेन की मध्यस्थता में कंपनी प्रबंधन तथा अस्थाई मजदूर के साथ वार्ता हुई थी कि कंपनी के अस्थाई 317 मजदूरों को महीना में 13 दिन कर के काम दिया जाएगा. लेकिन महीने में सिर्फ 6 दिन काम दिया जा रहा है. जिससे नाराज सभी मजदूरों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है. ऐसे में आंदोलन के सिवा मजदूरों के पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है.

#### बोले फेबियन

- महीने में सिर्फ छह दिन ही काम दे रही कंपनी
- मांगों को लेकर फिर से आंदोलन शुरू करना पड़ा

जब तक हम लोगों को कंपनी प्रबंधन द्वारा महीने में 13 दिन का काम नहीं देती तब तक हम लोगों का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा. धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से दिल बहादुर सोनार, दीपक कुंडू, मनजीत सिंह, अनित रेवानी, इंद्रजीत बागती कांतोलाल दास, हरी सदन दास, चरणजीत सिंह, सुनील शर्मा, संतोष सिंह सहित अन्य मजदूर शामिल थे.

---

**प्रवचन**

### उत्तर प्रदेश संघ की सांस्कृतिक समिति की ओर से श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन

# प्रभु के चरणों में विशुद्ध प्रेम होना चाहिए : पं जगदीश भूषण

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के नार्दन टाउन, पाइप लाइन रोड स्थित मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल परिसर में उत्तर प्रदेश संघ की सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के छठे दिन की कथा दिव्य महारास प्रसंग के साथ आरम्भ हुई. व्यासपीठ से कथावाचक पं जगदीश भूषण मिश्र ने इस प्रसंग में दिव्य गोपी भाव का दर्शन कराया. उन्होंने कहा कि गोपी जैसा जीवन किसी का नहीं हो सकता.

जिस प्रकार गोपियां अपना सर्वस्व त्याग कर मान सम्मान, परिवार कृष्ण के प्रति समर्पित हुईं, ऐसा जीवन यदि हम और आप कृष्ण को दे पायें तो हमारा मानव जीवन सार्थक हो जायेगा. परमात्मा से प्रेम तो हम और आप भी करते हैं, लेकिन हमारा प्रेम स्वार्थ के वशीभूत हो कर रह जाता है. भगवान कभी स्वार्थ के विषय नहीं हो सकते क्योंकि 'निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा'. इसलिए हमारा और आपका प्रभु के चरणों में विशुद्ध प्रेम होना चाहिए. कथा के प्रसंग में महाराज जी ने दिव्य रुक्मिणी और कृष्ण के विवाह का दर्शन कराकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश संघ के अध्यक्ष अखिलेश कुमार दुबे, उपाध्यक्ष ओंकार नाथ सिंह, महासचिव डॉ डीपी शुक्ल, सहसचिव शिव शंकर मिश्र, ललन राय, कोषाध्यक्ष गिरीश तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य उमाशंकर शर्मा, तरूणकांत सिंह, विनोद कुमार सिंह, आजीवन सदस्य रविंद्र नाथ पांडेय, डॉ अशोक कुमार पांडेय, सुशांत त्रिपाठी, अरुण कुमार द्विवेदी, चंद्रशेखर ओझा, दिनेश प्रसाद, राधे श्याम सिंह, शिव शंकर पाल, प्रदीप कुमार तिवारी, उमराव सिंह, अशोक कुमार सिंह कनपुरिया, विपिन चौबे, जेके तिवारी, रामफल मिश्र, राजमंगल जायसवाल, बच्चन दुबे, केपी सिंह, छोटेलाल गुप्ता, बीएन दुबे, गीता शुक्ल, विभा सिंह समेत स्वयंसेवक दल के सभी सदस्य और अनेक श्रद्धालु उस्थित थे.



#### सुनाई कथा

- गोपी जैसा जीवन किसी का नहीं हो सकता है
- संगीतमय कथा के प्रसंग सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

---

# स्त्री सत्संग सभा ने सरदार शैलेंद्र को सम्मानित किया



**संवाददाता । जमशेदपुर**

समाज सेवा में अमूल्य योगदान देने के लिए अटल तिरंगा सम्मान से सम्मानित सरदार शैलेंद्र सिंह के शहर पहुंचने पर नामदा बस्ती स्त्री सत्संग सभा ने उनका स्वागत किया. सभी शनिवार को सरदार शैलेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचे और शॉल एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया. इसके साथ ही सभी ने खुशी प्रकट करते हुए इसे झारखंड के लिए बड़े गौरव की बात कही. मौके पर सरदार शैलेंद्र सिंह ने समूह साथ संगत के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाज सेवा में अमूल्य योगदान देने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महान शख्सियत की स्मृति में दिए जाने वाले अटल तिरंगा सम्मान को पाना बहुत ही गौरव की बात है. इस मौके पर नामदा बस्ती सिख स्त्री सत्संग सभा की महिलाओं के साथ विशेष रूप से सेंट्रल सिख स्त्री सत्संग सभा की चेयरमैन कमलजीत कौर प्रधान, बलविंदर कौर, महासचिव जसबीर कौर, कैशियर आशा कौर, महेंद्र कौर, यस कौर आदि कई लोग उपस्थित थे.

---

BEFORE THE NOTARY PUBLIC, RANCHI

**AFFIDAVIT**

I, Manoj Malakar S/o Late Rameshwar Malakar R/o Near Siddhu Kanhu Park, Gym Gali Parwati Nagar, Kanke Rd. Hatma,MorabadiRanchi (JH) 834008 do hereby solemnly affirm on oath and declere as follows

1. That I am Indian citizen by birth and residing at aforesaid address.
2. That correct name of my daughter is ARUSHI KUMARI WHICH is mentioned in her Date of Birth Certificate.
3. That her date of birth is 14.03.2010.
4. That in Aadhar Card No.2919 5138 6416 her name has been recorded as SONAM RANI.
5. That both names of my daughter i.e. ARUSHI KUMARI and SONAM RANI is the same and one person i.e. my daughter.
6. That now I want to change the name of my said daughter as ARUSHI KUMARI in place of SONAM RANI.
7. That from this date my daughter Will be known and called the name of ARUSHI KUMARI.

Aff. No. 17807/28.12.23

## ब्रीफ खबरें

### आग से सबर महिला झुलसी, हो गई मौत

**घाटशिला।** घाटशिला थाना क्षेत्र अन्तर्गत काड़ाडुबा पंचायत के केन्दोपोशी गांव में आग तापने के दौरान डुमकी सबर (54 वर्ष) झुलस गई. इससे उसकी मौत हो गयी. घटना के संबंध में मृतका के पुत्र रवि सबर ने बताया कि शुक्रवार की रात मां चूल्हा के सामने बैठ कर आग तापते हुए खाना खा रही थी. इस दौरान साड़ी में आग लग गयी. मैं अपनी पत्नी तारा सबर के साथ दूसरे कमरे में सो रहा था. चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर बाहर आकर देखा तो आग ने मां को पूरी तरह चपेट में ले लिया था. इलाज हेतू ले जाने की व्यवस्था की जा रही थी, लेकिन तब तक उनकी मौत हो गयी. शनिवार को घटना की सूचना मिलते ही जिप सदस्य देवयानी मुर्मू, बीडीओ, मुखिया आदि पहुंचे और मामले की जानकारी ली.

### सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड की हथिया पंचायत के टोंकाटोला में एक व्यक्ति सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया. बताया जाता है कि वनमालीपुर गांव निवासी कोंटा गागराई चक्रधरपुर के गुदड़ी बाजार से अपने गांव वनमालीपुर जा रहा था. इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार चालक ने उसे धक्का मारकर मौके से फरार हो गया. इस घटना में कोंटा गागराई के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट पहुंची. इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से कोंटा गागराई को ईलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए चाईबासा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया.

### खदान के स्क्रैप यार्ड से दो संदिग्ध धराए

**किरीबुरु।** सेल की मेघाहातुबुरु खदान के स्क्रैप यार्ड में घुसकर स्क्रैप चोरी का प्रयास करते दो संदिग्ध को खदान की सुरक्षा में तैनात सीआईसीएफ के निगरानी विभाग के जवानों ने पकडा. हालांकि दोनों युवक स्क्रैप की चोरी करने से पहले ही पकडे.गये, जिस कारण सीआईसीएफ ने दोनों युवकों को पहली व आखिरी हिदायत देकर छोड़ दिया. पकडे. गये दोनों युवक मेन मार्केट किरीबुरु के बताये जा रहे हैं. उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनों से सीआईसीएफ की सक्रियता की वजह से मेघाहातुबुरु खदान से स्क्रैप की चोरी की घटना में कमी आयी है. बीते माह स्क्रैप लदे दो वाहन को सीआईसीएफ जवानों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया था. अब किरीबुरु शहर में नये युवा चोरी की राह पर बढ़ रहे हैं जो चिंता का विषय है.

### ट्रक के धक्के से महिला हुई घायल

**बहरागोड़ा।** सालदोहा चौक में शनिवार को एक महिला को ट्रक ने टक्कर मार देने से गंभीर रूप से घायल हो गई. जानकारी के मुताबिक तुहिना दे अपने बेटे को छोड़ने के लिए मायके जा रही थी. उसी दौरान पीछे से लोहा अयस्क लदा ट्रक ने टक्कर मारते हुए बहरागोड़ा की ओर भाग गया. सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई तथा महिला को निजी वाहन से पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम हॉस्पिटल ले गए, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने कोलकाता अपोलो अस्पताल रेफर कर दिया. सूचना पाकर विधायक समीर महंती मौके पर पहुंचे. उन्होंने तुरंत बहरागोड़ा पुलिस को ट्रक को पकड़ने के लिए सूचना दिया. गाड़ी को बहरागोड़ा पुलिस की तत्परता दिखाते हुए पकड़ लिया गया.

### फिल्म अभिनेता पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**जमशेदपुर।** फिल्म बाहुबली से सुर्खियों में आने वाले राणा दग्गूबती (भल्लालदेव) समेत हैदराबाद फुटबॉल क्लब पर धोखाधड़ी का आरोप लगा है. बिष्टुपुर थाना में होटल रमाडा प्रबंधन ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराई है. इस संबंध में मैनेजर हरि कुमार के बयान पर केस दर्ज की गई है. क्लब के जीएम सुरेश गोपाल कृष्णानन, टीम मैनेजर नितिन मोहन, टीम कॉर्डिनेटर एंथोनी थॉमस, विजय माधुरी, वरुण त्रिपुरानेनी, बाहुबली के अभिनेता राणा दग्गूबती, रंगानाथ रेड्डी, और टेके बालाजी को आरोपी बनाया गया है. प्राथमिकी में हैदराबाद फुटबॉल क्लब से एंथोनी थॉमस ने ईमेल के माध्यम में होटल बुक करवाया था. कुछ रकम देने के बाद शेष रकम देने की बात कही गई थी.

---

दोनों उग्रवादियों ने चतरा में ट्रांसपोर्टिंग कार्य में लगे हाइवा में की थी आगजनी

## एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**संवाददाता। चतरा**

चतरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने ट्रांसपोर्टिंग कार्य में लगे हाइवा में आगजनी करने वाले टीपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर नीरज गंझू और धनेश्वर करमाली को बेंती बरवाटोली जंगल से गिरफ्तार कर लिया है. इनके पास से एक कार्बाइन, यूएसए मेड पिस्टल, एक देसी पिस्टल, पांच जिंदा गोली, टीपीसी का पर्चा, मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद हुए हैं. जानकारी के अनुसार, पिपरवार थाना क्षेत्र के बेलारी में बीते 19 दिसंबर को जय अंबे ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के दो हाईवा में उग्रवादियों ने आगजनी की थी. इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया था. टीम ने तत्परता दिखायी और दस दिनों के अंदर कार्रवाई करते हुए दोनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया.

**उग्रवादियों का रहा है आपराधिक इतिहास**

गिरफ्तार दोनों उग्रवादियों का आपराधिक इतिहास रहा है. एरिया कमांडर नीरज गंझू के खिलाफ लातेहार जिले के बालूमाथ थाना में एक मामला दर्ज है. जबकि धनेश्वर करमाली के खिलाफ रांची के खलारी थाना में एक और चतरा के पिपरवार थाना में दो मामले दर्ज हैं. पूछताछ के दौरान दोनों उग्रवादियों ने पुलिस के समक्ष घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है.



**नक्सलियों से समाज की मुख्यधारा में जुड़ने की अपील**

चतरा एसपी राकेश रंजन ने नक्सलियों से मुख्य धारा में जुड़ने की अपील की है. उन्होंने कहा कि वह हिंसावादी विचारधारा को छोड़कर आत्मसमर्पण करें और झारखंड सरकार की नयी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेकर मुख्य धारा से जुड़े. झारखंड सरकार ने आत्मसमर्पण नीति को और अधिक सुगम बनाया है. जिससे आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली को 24 घंटे के अंदर ओपन जेल में शिफ्ट किया जा सकेगा.

---

**आओ जानें**

### 2022 में पूरे देश में कितनी आत्महत्या

| | | | |
|---|---|---|---|
| बिहार | 827 | ओडिशा | 5651 |
| सिक्किम | 268 | त्रिपुरा | 771 |
| असम | 3262 | महाराष्ट्र | 22207 |
| अरुणाचल प्रदेश | 160 | तेलंगाना | 10171 |
| गुजरात | 8789 | गोवा | 321 |
| मध्यप्रदेश | 14965 | कर्नाटक | 13056 |
| झारखंड | 1825 | आंध्रप्रदेश | 8067 |
| पश्चिम बंगाल | 13500 | केरल | 9549 |
| मेघालय | 226 | तमिलनाडु | 18925 |
| नगालैंड : | 43 | लद्दाख | 11 |
| मणिपुर | 49 | जम्मू कश्मीर | 247 |
| मिजोरम | 99 | हिमाचल प्रदेश | 889 |
| छत्तीसगढ़ | 7828 | पंजाब | 2600 |

---

पुलिस के लिए प्रतिबिंब पोर्टल कारगर साबित हो रहा

## गिरिडीह से 20 साइबर अपराधी गिरफ्तार, कई सामान बरामद

**संवाददाता। गिरिडीह**



सीआईडी द्वारा बनाया गया प्रतिबिंब पोर्टल साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कारगर साबित हो रहा है. एसपी दीपक शर्मा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने गिरिडीह जिले के कई थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 20 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से 27 मोबाइल फोन, 50 सिम कार्ड, आठ एटीएम कार्ड, चार बाइक, दो कार और 1.38 लाख नगद बरामद हुए हैं. एसपी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की जानकारी दी.

**सूचना के आधार पर पुलिस ने टीम गठित तक की कार्रवाई :** एसपी दीपक शर्मा ने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ साइबर अपराधी जिले के कई थाना क्षेत्रों में लोगों से ठगी कर रहे हैं. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर डीएसपी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया. जिसने कार्रवाई करते हुए 20 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया. इनमें विकास मंडल, मनोहर मंडल, अजय मंडल, अजनबी मंडल, मेराजुद्दीन अंसारी, शराफत अंसारी, भीखलाल मंडल, सुरेंद्र मंडल, कृष्णा मंडल, ओमप्रकाश मंडल, दीपू कुमार साव, प्रदीप मंडल, सुमन कुमार शर्मा, सुभाष राय, इकराम अंसारी, रियाज अंसारी, जावेद अंसारी, शेख गुड्डू और डब्लू कुमार तुरी शामिल हैं.

**स्वीकार किया : गर्भवती महिलाओं को लोभ देकर करते थे ठगी**

गिरफ्तार साइबर अपराधियों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि वे गर्भवती महिलाओं को मातृत्व राशि का लाभ दिलाने, आम लोगों को अश्लील वीडियो भेज रिकॉर्डिंग कर ब्लैकमेल करने, फर्जी खाता से पैसे की निकासी और फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लोगों को ठगने का काम करते थे. एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी लोगों को मातृत्व योजना का लाभ, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक एप का प्रयोग करते हुए खुद को बैंक अधिकारी बताकर ठगी करते थे. इसके अलावा रिमोर्ट एक्सेस एप का लिंक भेजकर उसे इंस्टाल कराते थे और ठगी करते थे. वहीं गूगल सर्च इंजन पर गूगल सर्च ऑप्टिमाईजेशनके माध्यम से फर्जी कुरियर सर्विस का एड बनाकर उसपर अपना फर्जी मोबाइल नंबर हेल्पलाइन नंबर के तौर पर डालकर ठगी करते थे. वहीं गिरफ्तार सभी अपराधी फर्जी सिमकार्ड का भी उपयोग करते थे. एसपी ने बताया कि वहीं विगत लगभग चार माह में कुल 148 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, तो वहीं 14 लाख 37 हजार 310 रूपए नगद भी बरामद किया जा चुका है.

**जनवरी-दिसंबर तक 211 अपराधी**

**जामताड़ा।** साल 2023 की उल्टी काउंटडाउन शुरू हो गई है. इस बीच साइबर अपराध पर लगाम लगाने को लेकर पुलिस की ओर से जनवरी-दिसंबर तक यानी 12 महीने में कई उपलब्धियां हासिल हुई. जहां जामताड़ा साइबर थाना की ओर से 211 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. जबकि 37 साइबर अपराधियों को विभिन्न राज्यों की पुलिस रिमांड पर ले गई. वहीं साइबर अपराधियों के खिलाफ 75 मामलों में जामताड़ा साइबर थाना में मामले दर्ज किए गए है. इसके अलावा गिरफ्तार साइबर आरोपियों के पास से 22 लाख 39 हजार रुपये जब्त किए गए हैं. वहीं 584 मोबाइल, 02 आईपैड, 947 मोबाइल सिम, 122 एटीएम कार्ड, 15 पासबुक, 13 चेकबुक, 01 रूलर कियोस्क बैंकिंग कार्ड, 04 वाईफाई डोंगल, 12 पॉश मशीन, 05 पैन कार्ड, 05 आधार कार्ड, 03 वाहनों का रजिस्ट्रेशन पेपर, 01 मॉनिटर, 09 लैपटॉप, 02 सोना का चेन व एक लॉकेट, 34 बाइक एवं 05 चारपहिया वाहन बरामद किया गया है. इसके अलावा जामताड़ा साइबर थाना की ओर से साइबर अपराधियों के लगभग 07 हजार मोबाइल सिम को ब्लॉक कराया गया है. इस संबंध में साइबर डीएसपी मन्जरूल होदा ने कहा कि देशभर में होने वाली साइबर ठगी की घटनाओं में जामताड़ा के दो-तीन मामले रिपोर्ट हो रहे है.

---

## 17 थानों का जल्द होगा निर्माण

**रांची।** रांची समेत झारखंड के छह जिलों में 17 थानों का निर्माण होगा. इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राशि आवंटित कर दी है. 40.48 करोड़ से रांची में छह, पलामू में दो, गोड्डा में पांच, जामताड़ा में एक, पाकुड में दो और साहेबगंज में एक थाना का निर्माण होगा. इसके अलावा रांची जिले में बुंडू और बरियातू थाना को स्मार्ट थाना बनाया जाएगा.

**रांची समेत 6 जिले शामिल**

**किन जिलों में होगा थाना का निर्माण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची में खलारी थाना | 1.65 करोड़ | गोड्डा में देओदाड थाना | 3.79 करोड़ |
| रांची में धुर्वा थाना | 1.63 करोड़ | गोड्डा में हनवारा थाना | 3 करोड़ |
| रांची में एयरपोर्ट थाना | 1.57 करोड़ | पलामू में पाटन थाना | 2.65 करोड़ |
| रांची में नगड़ी थाना | 1.63 करोड़ | पलामू में विश्रामपुर थाना | 2.66 करोड़ |
| रांची में बुंडू स्मार्ट थाना | 2.94 करोड़ | जामताड़ा में बागदाहरी थाना | 1.65 करोड़ |
| रांची में बरियातू स्मार्ट थाना | 2.94 करोड़ | पाकुड में महिला थाना | 1.55 करोड़ |
| गोड्डा में बेलबड्डा थाना | 3 करोड़ | पाकुड में हिरणपुर थाना | 1.66 करोड़. |
| गोड्डा में राजाभीटा थाना | 3 करोड़ | साहिबगंज में बोरियो थाना | 1.65 करोड़ |
| गोड्डा में पथरगामा थाना | 3.51 करोड़ | थाना निर्माण में कुल व्यय | 40.48 करोड़ |

### रानीताल डैम में डूबे युवक का शव चौथे दिन बरामद

**चैनपुर (पलामू)।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र निवासी 45 वर्षीय धर्मेंद्र कमलापुरी पिकनिक मनाने रानीताल डैम पर सोमवार को गया था. जो डैम में नहाने गया था. नहाने के दौरान डैम में डूबने से गत दिन मौत हो गई थी. इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने प्रशासन को दिया था. इसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एनडीआरएफ टीम को मौके पर फैक्स कर बुलाया था. एनडीआरएफ टीम ने तीन दिन सर्च ऑपरेशन चलाया लेकिन शव नहीं खोज सका था. मौके से एनडीआरएफ टीम वापस चली गई.चौथे दिन शनिवार को आसपास के ग्रामीणों ने मृतक का शव डैम में तैरता पाया. इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी. ग्रामीणों की सूचना पर चैनपुर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मृतक का शव ग्रामीणों की सहयोग से बाहर निकाला. पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

## नक्सल कमांडर समेत दो से पूछताछ कर रही एनआईए

**संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) 48 जवानों के हत्या के आरोपी नक्सल कमांडर नवीन उर्फ सर्वजीत यादव और जितेंद्र नगेशिया से पूछताछ कर रही है. रांची की एनआईए ब्रांच ने दोनों नक्सलियों को पांच दिनों की रिमांड पर लिया है. नवीन उर्फ सर्वजीत यादव ने पुलिस की दबिश से परेशान होकर बीते आठ नवंबर को चतरा पुलिस के समक्ष सरेंडर किया था. वहीं जितेंद्र नगेशिया ने 17 नवंबर को लातेहार पुलिस के समक्ष सरेंडर किया था.

**नवीन यादव पर कई बड़े नक्सली हमले का आरोप :** नवीन यादव झारखंड-बिहार में 72 बड़े नक्सली हमले का आरोपित है. झारखंड सरकार ने उस पर पहले 10 लाख रुपये का इनाम रखा था. लेकिन बाद में इनाम राशि को बढ़ाकर 15 लाख कर दिया. नवीन नक्सलियों के गढ़ बूढ़ा पहाड़ और छकरबंधा इलाके में सक्रिय था. जून 2016 में औरंगाबाद गया सीमा पर बड़ा नक्सल हमला हुआ था. इसमें कोबरा के 10 जवान शाहिद हुए थे. इस हमले में माओवादियों का नेतृत्व नवीन यादव ही कर रहा था.

2013 में लातेहार के कटिया में हुए हमले का भी नवीन यादव मुख्य आरोपी है. इस हमले में 17 जवान शहीद हुए थे. 2011 में चतरा के तत्कालीन सांसद इंदर सिंह नामधारी के काफिले पर हमला था. जिसमें आठ जवान शहीद हो गये थे. वहीं जनवरी 2012 में गढ़वा के भंडरिया में हुए नक्सल हमले में थाना प्रभारी समेत 13 जवान शहीद हुए थे. नवीन यादव झारखंड-बिहार के नक्सलियों के बीच की कड़ी है.

---

ग्रामीणों ने किया पथराव, पुलिस ने मुखिया प्रतिनिधि को भेजा जेल

## धरने पर बैठे ग्रामीणों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, मची भगदड़

**संवाददाता। बरोरा**



बरोरा थाना क्षेत्र के डुमरा-नवागढ़ सड़क मार्ग के कर्नल पब्लिक स्कूल के पास स्पीड ब्रेकर लगाने व ओवरलोड हाइवा से कोयला ढुलाई कार्य पर रोक लगाने की मांग को लेकर मंदरा पंचायत के मुखिया पति शंकर बेलदार के नेतृत्व में शनिवार को सड़क जाम कर धरना पर बैठ गए. धरना-प्रदर्शन के कुछ ही देर बाद पहुंची बरोरा पुलिस ने ताबड़तोड़ ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया, जिससे वहां भगदड़ मच गई.

लाठीचार्ज में कई लोग घायल हो गए हैं. पुलिस कार्रवाई से गुस्सा में आए ग्रामीणों ने ताबड़तोड़ पुलिस पर पथराव कर दिया. जिससे घंटों स्थिति तनावपूर्ण बना रहा है. बताया जा रहा है कि सड़क जाम की सूचना पाकर पहुंची बरोरा थाना के अवर निरीक्षक रवि आनंद एवं अजय यादव ने बिना चेतावनी दिये ग्रामीणों पर अंधाधुंध लाठीचार्ज कर दिया.

इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर खड़ी सात कोयला लदा हाइवा का शीशा तोड़ कर वाहनों क्षतिग्रस्त कर दिया. मंदरा पंचायत की मुखिया ललिता देवी ने कहा कि जिस तरह हाइवा ट्रांसपोर्टिंग दिन रात ओवर लोड लेकर गाड़ी चलाते हैं उससे हमेशा लोग घटना का शिकार हो रहे हैं.

इधर, बरोरा थाना प्रभारी नंदु पाल ने कहा कि लाठी चार्ज नही किया था शंकर बेलदार बेलदार बिना सूचना के ट्रांसपोर्टिंग बाधित कर दिया. शंकर बेलदार के खिलाफ बरोरा थाना में पूर्व से प्राथमिकी दर्ज है जिसको लेकर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है.

### ट्रक में बाइक सवार ने मारी टक्कर, दो की मौत

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंगरु पंचायत स्थित पतराटोली गांव के गुमला सिमडेगा मुख्य सड़क में चार ढलान-पुल के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. घटना शुक्रवार रात की है. मृतकों में विवेक केरकेट्टा 21 वर्ष ग्राम सारुबेडा और अनूप एक्का 19 वर्ष ग्राम लामदोन-पोजेंगा का निवासी था. इस दुर्घटना में दो अन्य लोग घायल हो गए जिसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायल युवकों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया. जानकारी के अनुसार चार युवक एक ही मोटरसाइकिल में सवार हो कर पालकोट की ओर आ रहे थे. बंगरु पतराटोली चार ढलान के समीप सड़क किनारे खड़ा ट्रक को टक्कर मार दिया. जिससे दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी.

---

4 अवैध शराब भट्ठियों को वन विभाग और पुलिस ने किया ध्वस्त

## 30 क्विंटल जावा महुआ के साथ 100 लीटर अवैध शराब नष्ट की गयी

**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**



गावां वन विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से अवैध शराब भट्टी संचालन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. यह कार्रवाई गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा के निर्देश पर की गई है. वन विभाग की टीम और पुलिस ने संयुक्त रूप से नववर्ष पर बिहार पर भेजने के उद्देश्य से जंगल में तैयार हो रहे अवैध महुआ शराब भट्टी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया है. इस अभियान में प्रखंड के दुधपनियां और सिजुआई जंगल में अवैध रूप से संचालित 4 अवैध छोटी बड़ी शराब भट्टियों को ध्वस्त किया गया है. वहीं, पुलिस और वन विभाग ने 60-70 ड्रम में रखे लगभग 30 क्विंटल जावा महुआ के साथ तैयार 100 लीटर से अधिक शराब को विनष्ट कर दिया है. इस दौरान वहां रखे छोटे-बड़े खाली ड्रम, गुड़, महुआ आदि को भी नष्ट कर दिया गया. बता दें कि इन स्थानों पर शराब कारोबारियों द्वारा पाउच में भरकर बोरा में बंदकर बिहार भेजने के उद्देश्य से रखे गए शराब को भी नष्ट कर दिया है. वनपाल पवन चौधरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है. मामले में भट्टी संचालक पर वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है.

---

**कोलमुरना का मामला** जाली कागजात के आधार पर जमीन की खरीद-बिक्री का खुलासा

## मुखिया उषा देवी समेत पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज

**संवाददाता। कतरास**




कतरास में जाली कागजात के आधार पर जमीन की खरीद-बिक्री का मामला प्रकाश में आया है. कतरास थाना पुलिस ने जमीन मालिक धीरेंद्र नाथ राय की शिकायत और न्यायालय के आदेश पर निचितपुर वन पंचायत की मुखिया उषा देवी समेत 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है. मुखिया समेत कोलमुरना निवासी नागेंद्र राय व रघुनाथ राय, गोविंदपुर के महादेव राय और गुहीबांध निवासी सुभाष चौहान के खिलाफ कांड संख्या 415/2023 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 325, 504, 506, 341, 34, 120 बी के तहत मामला दर्ज किया गया है. कोलमुरना निवासी नागेंद्र राय समेत अन्य आरोपियों ने मुखिया उषा देवी के लेटर पेड का प्रयोग कर फर्जी तरीके से केवाला दलील संख्या 5798 (22 सितंबर 2022) बनवा दिया. इसमें विक्रेता नागेंद्र राय और खरीदार में महादेव राय व अन्य का नाम दर्ज है.

**मुखिया के नाम से नकली लेटर पैड का हुआ इस्तेमाल : राम सुंदर**

इधर, निचितपुर वन की मुखिया उषा देवी के प्रतिनिधि रामसुंदर दास ने कहा कि इस मामले में मुखिया कोर्ट में अपना जवाब देंगी. किसी ने मुखिया के नाम पर नकली लेटर पैड बनाकर जमीन की खरीद-बिक्री में इस्तेमाल किया है, जो जांच-पड़ताल में स्पष्ट हो जाएगा. ऐसा करने वाले के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज किया जाएगा.

**यह है मामला :** जमीन मालिक धीरेंद्र नाथ राय ने कोर्ट में दिए शिकायतवाद में कहा है कि केवाला दलील संख्या 5798 दिनांक 22 सितंबर 2022 में विक्रेता नागेंद्र राय को पिछड़ी जाति का बताया गया है. जबकि केवाला दलील (डीड) तैयार करने के लिए दिए गए प्रमाणपत्र के अनुसार नागेंद्र राय उच्च जाति के हैं. कागजात में बेहराकुदर निवासी स्व. नरेंद्र नाथ राय व धीरेंद्र नाथ राय का भी नाम दर्ज है. स्व नरेंद्रनाथ राय व धीरेंद्र नाथ राय राजपूत जाति के हैं. जमीन मालिक धीरेंद्र नाथ राय ने कहा कि केवाला दलील में स्व. नरेंद्रनाथ राय व धीरेंद्रनाथ राय के नाम से कागजात संलग्न किया गया है, जो राजपूत जाति से हैं. साथ ही निचितपुर वन की मुखिया उषा देवी के लेटर पैड पर लिखा गया है कि कोलमुरना निवासी नागेंद्र राय उर्फ नरेंद्रनाथ राय एक ही व्यक्ति है. इसी के आधार पर निबंधन कार्यालय ने केवाला डीड बना दिया.

---

## शराब की अवैध मिनी फैक्ट्री का पुलिस ने किया उद्भेदन



**संवाददाता। चांडिल**

चांडिल थाना अंतर्गत कपाली ओपी क्षेत्र स्थित पुड़ीसिली में पुलिस ने शुक्रवार की देर रात अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है. जिला पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुडीसिली गांव के एक घर छापेमारी कर अलग-अलग ब्रांडों के नकली शराब और शराब बनाने वाली सामग्री बरामद किया है. छापेमारी अभियान के दौरान घर से बी7 की बोतल, मैक डॉनल्ड एस नंबर 1 की बोतल, क्यूआर कोड स्टीकर, अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रांडों का स्टीकर, पानी वाले बड़े दो जार में 40 लीटर बना शराब, शराब बनाने वाला स्प्रीट, खाली बोतल, कार्टून और सील वाला स्टीकर बरामद किया गया है. छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, ओपी प्रभारी संदीप कुमार, पुअनि अरशद खां, सअनि बिरेंद्र सिंह एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** गलत दोस्तों से बचें. प्रेम में धोखा मिल सकता है. शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में कोई नया विचार क्रियान्वित हो सकता है.

**वृषभ** कार्य की सफलता के लिए प्रयास अधिक करना पड़ेंगे. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. हितशत्रुओं से सावधान रहें. कारोबार ठीक चलेगा. कार्य के प्रभाव से आय होगी.

**मिथुन** समय उत्तम है. कार्य सिद्धि होगी. बड़े भाई का सम्मान करें. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देगा.

**कर्क** आय के लिए समय उत्तम है. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. व्यस्तता रहेगी.

**सिंह** रोजगार में वृद्धि होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. मेहनत के बल पर भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है. सूर्य को जल दें.

**कन्या** किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. मेहनत से व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. आय बनी रहेगी.

**तुला** चोट व रोग से हानि की आशंका है, लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. किये गए प्रयासों से लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. जल्दबाजी न करें.

**वृश्चिक** कोई मानसिक पीड़ा हो सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. मंदिर में अन्न का दान करें.

**धनु** पिता से लाभ का योग है. अनहोनी की आशंका रह सकती है. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा. माता पिता का सेवा करें. दिन का शुरुआत अच्छी होगी.

**मकर** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. आपके प्रयास और मेहनत से कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी.

**कुंभ** व्यापार से धन का आगमन अच्छा होगा. दांपत्य जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. कार्य का अच्छा लाभ होगा.

**मीन** शत्रु पक्ष से कुछ परेशानी का सामना करना पड़ेगा. धन के लिए दिन अच्छा है. मेहनत और प्रयास से स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. जल्दबाजी में कोई व्यवहार न करें. गुरु मंत्र का जाप करें.

## एक्टिंग चीफ जस्टिस चंद्रशेखर का तबादला



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर का ट्रांसफर राजस्थान हाईकोर्ट किये जाने की अनुशंसा की गई है. जस्टिस एस चंद्रशेखर ने अपने तबादले के लिए सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था, जिसे स्वीकार करते हुए कॉलेजियम ने उनका तबादला राजस्थान हाईकोर्ट कर दिया है. जस्टिस एस चंद्रशेखर को फिलहाल झारखंड हाईकोर्ट का एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया था.

## झारखंड कैडर के 10 अफसर बने आईएएस

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के दस अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति मिली है. सभी अफसर आईएएस बन गये हैं. केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है. प्रोन्नति पाने वाले अफसरों में विधानचंद्र चौधरी, शैलेंद्र कुमार लाल, राजीव रंजन, सुनील कुमार, सुनील कुमार सिंह, विजय कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, सतेंद्र कुमार, रंजीत कुमार लाल और मनोज कुमार रंजन के नाम शामिल हैं.

## डॉ. सिद्धार्थ दुबे को मिला कर्मश्री अवार्ड



**रांची।** ऑल इंडिया एडवोकेट काउंसिल के सदस्य डॉ. सिद्धार्थ दुबे को भारतीय सरकार के नीति आयोग से संबंद्ध सीक्रेट रिसर्च अनुसंधान संस्थान द्वारा कानूनी एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय कर्मश्री अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया. इस सम्मान के लिए दुबे ने संस्थान के वरीय पदाधिकारियों का धन्यवाद किया है.

## बिरसा किसान रथ को दिखाई हरी झंडी

**रामगढ़।** शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय परिसर से बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस दौरान परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह ने उपायुक्त को बिरसा किसान रथ के परिचालन के संबंध में जानकारी दी. राज्य सरकार के चार वर्ष पूरा होने के अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड के द्वारा 'बिरसा किसान रथ' का परिचालन शुरू की गई है.

**मान-सम्मान :** मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 113 कर्मचारियों ने किया नवंबर माह में अवकाश प्राप्त, शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन

# सीसीएल मुख्यालय में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई




संवाददाता। रांची

सीसीएल मुख्यालय में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए नौ कर्मियों को शनिवार को भावभीनी विदाई दी गई. सेवानिवृत्त होने वालों में राजेंद्र सिंह महाप्रबंधक (वित्त ), स्वयं प्रकाश मुख्य प्रबंधक(कार्मिक), डॉ. कृष्णकांत दास मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संजय कुमार केडिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गांधीनगर, विजय कुमार मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), अमरेश भटनाग मुख्य प्रबंधक (उत्खनन ), विजय कुमार सिंह सहायक प्रबंधक (सचिवालय), अजीत कुमार किंडो ओएस (ए 1) तथा बिमल उरांव ओटी सहायक शामिल हैं. सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी डॉ. बी वीरा रेड्डी, निदेशक तकनीकी(सं ) राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक ) हर्ष नाथ मिश्र तथा निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा उपस्थित थे. ज्ञात हो कि नवंबर माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 113 कर्मी सेवानिवृत्त हुए.

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (वीडियो क्लिप) प्रदर्शित की गई. इस वीडियो में कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को सबसे साझा किया. सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी हमारे पूरे सेवा काल में जीवन का एक अभिन्न अंग रही है. उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना की.

सीएमडी डॉ. रेड्डी ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को सेवाकाल के सफल समापन की बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के योगदान के फलस्वरूप कंपनी सफलता के मार्ग पर अग्रसर है. निश्चित रूप से आपके अनुभव की कमी हमें महसूस होगी. आप सबकी मेहनत और सार्थक प्रयास से कंपनी नई ऊंचाई छू रही है. डॉ. रेड्डी ने सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को जीवन की दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएं दी. निदेशक तकनीकी(सं ) राम बाबू प्रसाद ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि आज से आप सभी एक नयी भूमिका में होंगे. प्रसाद ने कर्मियों को रचनात्मक एवं सकारात्मक कार्य में स्वयं को संलिप्त करने की सलाह दी. निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कर्मियों को स्वस्थ्य दिनचर्या अपनाने की सलाह देते हुये कहा कि आप जहां भी रहें, स्वस्थ्य एवं सुखी रहें. उन्होंने कर्मियों के परिजनों का आभार जताते हुए कहा कि आपके सहयोग एवं त्याग की बदौलत ही सेवा काल में हमारे कर्मी अपना शत प्रतिशत दे पायें. निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा ने सेवानिवृत कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप एक भूमिका से दूसरी भूमिका निभाने जा रहे हैं. सेवानिवृत्ति के बाद भी सीसीएल परिवार के अभिन्न अंग हैं और हमें पूर्ण विश्वास है कि अपने अनुभवों और सुझावों से हमें अनुगृहित करते रहेंगे.

**पुस्तक मेला :** दूसरे दिन लोकगीत एवं देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता

# युवा लेखकों के लिए पुस्तकें प्रकाशित कराने का अवसर

संवाददाता। रांची

जिला स्कूल मैदान में समय इंडिया संस्थान के तत्वावधान में जारी 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला का शनिवार को दूसरा दिन था. किताबों पर केन्द्रित यह पुस्तक मेला 7 जनवरी तक जारी रहेगा. यह मेला दिन के 11 बजे से रात 7:30 बजे तक चलेगा. मेले में 80 से अधिक स्टॉल्स लगाो गए हैं. जिसमें विभिन्न विषयों की पुस्तकें उपलब्ध हैं. मेले में लेखन में रुचि रखने वाले युवा लेखकों के लिए अपनी पाण्डुलिपियाँ पुस्तक रूप में छपवाने का अवसर भी उपलब्ध कराया गया जा रहा है. इसमें ऐसे लेखक भी अपनी पुस्तक प्रकाशित करा सकते हैं, जिनकी अभी तक कोई पुस्तक प्रकाशित नहीं है. वैसे लोग राष्ट्रीय पुस्तक मेला में समय प्रकाशन के स्टॉल पर आकर 5000 रुपए में पुस्तकें छपवाने का लाभ उठा सकते हैं. यह सुविधा नए और वरिष्ठ लेखकों की कृतियों को प्रकाश में लाने के लिए पुस्तक मेला परिसर में न्यास की ओर से उपलब्ध कराई जा रही है.



लोकगीत एवं देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के साथ निर्णायक मंडल के सदस्य.

### मेले में सीबीएसई बोर्ड और आईसीएसई बोर्ड की भी पुस्तकें

पुस्तक मेला में जारी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में शनिवार को बच्चों की लोकगीत एवं देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. इस प्रतियोगिता में बच्चों ने जहां बढ़–चढ़ कर हिस्सा और लोक धुनों पर आधारित गीत सुनाया. बच्चों की गायन प्रतिभा को पुस्तक प्रेमियों ने सुना और सराहा. पुस्तक मेले में सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड के 10वीं से 12वीं तक के लिए पुस्तकें छात्रों के बीच आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं. इसके लिए मेले में लगे स्टॉल पर दोनों बोर्ड की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए विषयवार पुस्तकें उपलब्ध करवाई गई है. इसके अतिरिक्त संस्था की ओर से पिछले 10 वर्षों के सॉल्व पेपर भी पुस्तक रूप में उपलब्ध है. इससे बोर्ड की तैयारी करने वाले छात्रों को बोर्ड के प्रश्नों को समझने और उसके सटीक उत्तर देने की जानकारी मिल सकेगी.

### झारखंड झरोखा के नाम से लगाया गया एक स्टॉल

पुस्तक मेले में झारखंड झरोखा नाम से एक स्टॉल लगाया गया है. इस स्टॉल में झारखंड की सभी क्षेत्रीय भाषाओं संथाल तथा मुंडा का साहित्य पुस्तक उपलब्ध है. यहां पर राज्य की विविध भाषाओं के साहित्य से जुड़ी संरचनाएं उपलब्ध है.

### बच्चों के लिए रोचक पुस्तकों के अलग स्टॉल

पुस्तक मेला बच्चों की किताबों का अनोखा संग्रह उपलब्ध करवाया गया है. इसमें हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू भाषा की बाल पुस्तकें मिल रही है. इसके साथ आने वाले लोगो में क्रांतिकारी साहित्य की भी अच्छी–खासी मांग है. राजपाल एंड सन्स, आर्यन बुक सेलर, सस्ता साहित्य मंडल के स्टॉल पर भगत सिंह को फांसी 2–भाग, भगत सिंह और उनके साथियों के दस्तावेज, रामप्रसाद बिस्मिल को फांसी व महावीर सिंह का बलिदान, चन्द्रशेखर आजाद, बनारसी दास चतुर्वेदी द्वारा संपादित अमर शहीद अशफाक उल्ला खां, रेणु की नेपाली क्रांति कथा जैसी तमाम चर्चित कृतियाँ पाठकों स्टॉल पर उपलब्ध है.

**गायन प्रतियोगिता के विजेता**

**प्रथम** : कवयित्री खुशबू वर्णवाल सीपी, रियांशी वर्णवालद्वितीय :–अतुलिका रंजन एवं गगन मेहता, **तृतीय** : वर्षा कुमारी, **सांत्वना पुरस्कार** : सविता गुप्ता प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ. जेबी पाण्डेय, डॉ. आशुतोष प्रसाद एवं सुश्री सपना साहनी रहे. बच्चों की गायन प्रतिभा को पुस्तक प्रेमियों ने सुना और सराहा. आगत अतिथियों का भव्य स्वागत मेला प्रबंधक चंद्र भूषण, संचालन अशोक कुमार प्रमाणिक और धन्यवाद ज्ञापन संजना साहनी ने किया. राष्ट्रगान से प्रतियोगिता समाप्त हुई.

# फरवरी के प्रथम सप्ताह में पूर्वी विस का बूथ सम्मेलन



भारतीय जनतंत्र मोर्चा की बैठक में भाग ले रहे पार्टी के प्रमुख नेता.

संवाददाता। जमशेदपुर

सीतारामडेरा में शनिवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा की एक अहम बैठक जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में बूथ समिति निर्माण को लेकर जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री से गहन चर्चा की गई. तय हुआ कि आगामी सप्ताह में पूर्वी विधानसभा अंतर्गत आने सभी मंडलों के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी. संगठन को निचले स्तर तक सुदृढ़ करने के लिए बूथ समिति का गठन किया जाएगा.

इसके लिए बैठक में मौजूद मंडल अध्यक्षों एवं महामंत्रियों से बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं व समर्थकों की सूची मांगी गई है. मंडल पदाधिकारियों को क्षेत्रवार बैठकों का आयोजन कर जनसंपर्क अभियान चलाने व जनता क बीच जाकर विधायक सरयू राय के सौजन्य से पूर्वी विधानसभा में हो चुके व वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों का जोरदार प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया.

**बिरला मंदिर में भगवान श्री राम का बनेगा विशाल चित्र :** भाजमो जिला महामंत्री मनोज सिंह उज्जैन ने बताया कि बूथ समिति अध्यक्षों व भवन प्रभारियों के नामों की जल्द ही घोषणा की जाएगी. तय हुआ कि फरवरी के प्रथम सप्ताह में पूर्वी विधानसभा का बूथ सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाते हुए भव्य समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया. अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में केबुल टाउन स्वामी लक्ष्मीनारायण बिरला मंदिर में 2 जनवरी से श्री राम की 16 हजार स्क्वायर फीट की भव्य चित्र बनाई जाएगी. बैठक में मुख्य रूप से भाजमो जिला महामंत्री कुलविंदर सिंह पन्नु, चंद्रशेखर राव, विकास गुप्ता, राजेश कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, आकाश शाह, दुर्गा राव, शंकर कर्मकार, विनोद यादव, जयप्रकाश सिंह, वरूण सिंह, कैलाश झा, महेश तिवारी, बबलु सिंह, गौतम धर, श्मशाद खान, अमन सिंह, राकेश मंडल, प्रसेनजित सिंह सहित अन्य उपस्थित थे.

# पूर्व मंत्री ने किया बालूमाथ का दौरा



संवाददाता। बालूमाथ /लातेहार

प्रखंड के बालू, मासियातु और रजवार पंचायत में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो आमिर हयात की अध्यक्षता में विकास परामर्श यात्रा का आयोजन किया गया. इस यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी शामिल थे. इससे पहले कांग्रेसियों ने श्री त्रिपाठी का माल्यार्पण कर स्वागत किया. त्रिपाठी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वे चतरा लोकसभा की लातेहार, पलामू व चतरा जिलों की वैसी जगहों पर जा रहे हैं, जहां विकास कार्य हुआ ही नहीं है. इन लोगों का हक और अधिकार छीना गया है. उन्हें अधिकार दिलाना और पानी व सिंचाई की व्यवस्था करना समेत कल-कारखानों को लगाकर यहां के लोगों को रोजगार सृजन करना उनकी पहली प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो चतरा लोकसभा की तसवीर बदल देंगे. उन्होंने सांसद सुनील सिंह का नाम लिये बगैर कहा कि इस क्षेत्र की जनता अपने सांसद तक को नहीं जानती है. चुनाव जीतने के बाद वह एक बार भी इन क्षेत्रों में नहीं आये. इस यात्रा में साबिर, साजन कुमार, प्रिंस, अजय उरांव ,रहमूल व कामिल समेत कांग्रेस के कई कार्यकर्ता शामिल थे.

## स्कूली बच्चों को पांच जनवरी तक मिलेगी पोशाक की राशि

**धनबाद।** कक्षा 1 से 8 तक के सभी बच्चों को पोशाक की राशि उनके खाते में उपलब्ध कराने और एसएमसी ट्रेनिंग की राशि का शत प्रतिशत व्यय करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने दिया. उन्होंने समग्र शिक्षा के कार्यक्रमों के भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धि की समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिए. डीईओ ने बैठक की अध्यक्षता भी की. उन्होंने डाभी बीपीओ एवं लेखपाल को विद्यालयवार समीक्षा कर प्रशिक्षण की एक्सपेंडिचर बुकिंग का ब्यौरा प्रस्तुत करें. बैठक में बलियापुर और झरिया को कड़ी चेतावनी दी गई. इसके साथ ही सभी विद्यालयों को शिशु पंजी अपडेट करने, सभी विद्यालयों में इको क्लब गठन करने, सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम चलाने के साथ सभी लंबित कार्यो को पांच जनवरी तक पूरा करने का निर्देश दिया. बैठक में एडीपीओ, सभी एपीओ व बीपीओ के साथ प्रखंड लेखापाल उपस्थित थे.

# रांची में भारतीय कला शिविर का आयोजन



संवाददाता। रांची

गैलरी वीएसबी नयी दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार को खेलगांव स्थित डॉ. राम दयाल मुंडा कला भवन में तीन दिवसीय कला शिविर का आयोजन किया गया. झारखंड सरकार के संस्कृति विभाग के निदेशक धर्मेंद्र दीक्षित ने शिविर का उद्घाटन किया.

आयोजन के संयोजक चित्रकार राम प्रवेश पाल ने आयोजन को सफल बनाने का प्रयास किया. कला शिविर में भाग लेने वाले चित्रकारों में रंजीत कुमार बोकारो, मूर्तिकार धर्मजय कुमार रांची, चूना राम हेम्ब्रम रांची, रामानुज शेखर रांची, हिमाद्री रमानी रांची, सुनील मोदी बोकारो, अनिल शर्मा बनारस, अमरनाथ शर्मा बड़ौदा, अशोक कुमार दिल्ली, अशोक भंडारी दिल्ली, रामप्रवेश पाल दिल्ली, जीतेन साहू रायपुर, प्रमोद कुमार रजक पटना शामिल हैं. गैलरी वीएसबी की ओर से वर्ष 2023-24 का यह प्रथम कला शिविर है, जो 30 दिसंबर 2023 से 1 जनवरी 2024 तक चलेगा. भाग लेनेवाले कलाकारों का कहना है कि गैलरी की ओर से रांची झारखंड को यह सम्मान देना गर्व की बात है. उल्लेखनीय है कि शिविर में भारत के कुल 13 चित्रकारों व मूर्तिकारों ने अपनी सहभागिता दिखायी, जिनकी भारतीय कला परिप्रेक्ष्य में योगदान अविस्मरणीय है, इनकी कार्य शैली और तकनीक अन्य स्थापित चित्रकारों के समकक्ष और बेहतर है. गैलरी वीएसबी ने ऐसे कलाकारों के प्रोत्साहन के लिए इस कला शिविर का आयोजन किया है. गैलरी वीएसबी की क्यूरेटर वंदना भार्गव ने पूर्वी भारत के रांची में इस कला शिविर को आयोजित कर क्षेत्रीय कला प्रेमियों तथा अन्य कलाकारों को प्रेरित किया है.

**आयोजन** बीबीएमकेयू के हिंदी विभाग के अंतर्गत जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा केंद्र में मनी कवि पानुरी की 103वीं जयंती

# धनबाद में याद किये गये खोरठा के आदिकवि श्रीनिवास पानुरी

संवाददाता। धनबाद

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के अंतर्गत जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा केंद्र में शनिवार को खोरठा के आदिकवि श्रीनिवास पानुरी की 103वीं जयंती सह खोरठा पखवारा समारोह का आयोजन किया गया. समारोह की अध्यक्षता स्नातकोत्तर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा कुमारी ने की. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता खोरठा गीतकसाार एवं फिल्म निर्देशक विनय तिवारी, विशिष्ट अतिथि खोरठा फिल्म पिता की मान बेटियां के अभिनेता अमन राठौर, लेखक महेंद्र प्रबुद्ध, डॉ. भगवान पाठक, डॉ. रीता सिंह एवं केंद्र के संयोजक डॉ. मुकुंद रविदास द्वारा पानुरी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ.

इस अवसर पर डॉ.पुष्पा कुमारी ने कहा कि भाषा चाहे कोई भी मुझे उस भाषा का साहित्य को पढ़ना बहुत अच्छा लगता है . कुछ ही दिन पहले डॉ मुकुंद रविदास की कविता संग्रह 'कोयला आर माटी' की सभी कविताओं को पढ़ गई . डॉ भगवान पाठक ने कहा कि विश्वविद्यालय में खोरठा भाषा पर पहला कार्यक्रम हो रहा है . इससे पानुरी जी को जानने का अवसर मिला . डॉ रीता सिंह ने कहा कि हिंदी विभाग के साथ ही क्षेत्रीय भाषा विभाग का संचालन हो रहा है. डॉ मुकुंद रविदास ने कहा कि मैं हिंदी का प्रोफेसर जरूर हूं लेकिन मेरी मातृभाषा खोरठा है.



खोरठा पत्रिका 'परास फूल' का लोकार्पण करते हुए समारोह के अतिथि गण.

मुख्य वक्ता विनय तिवारी ने कहा कि मैं उस दौर से भी गुजरा हूं जब खोरठा बोलना तो दूर सुनना भी पसंद नहीं करते थे . मैने भी बचपन से ही ठान लिया और सबों की जुबां की भाषा कैसे बने उस दिशा पर चिंतन करना शुरू कर दिया. आज परिणाम सबके सामने है. अमन राठौड़ खोरठा फिल्म के अभिनेता ने कहा कि आज हमारी भाषा अपने ही लोगों के द्वारा उपेक्षित किए जाने के ही पिछड़ा हुआ है. जब तक हमारी भाषा पिछड़ती रहेगी . विद्यार्थियों के मांग पर उन्होंने खोरठा के कई गीतों जैसे (युग युग चलल आइल है रीत सदाई कि माय को दे दे न हमरा विदाई ) को गाकर खूब तालियां बटोरी . अमन राठौड़ ने पिता की मान बेटियां फिल्म की कुछ संवादों को बोलकर, अभिनय कर विद्यार्थियों के मन को मोह लिया. छात्र छात्राओं के द्वारा कोयला आर माटी कविता संग्रह से विभिन्न कविताओं का स्वर पाठ किया गया तो वही झारखंड नृत्य की भी प्रस्तुति हुई . पांडव महतो के द्वारा झूमर सोहराय गीत गाया गया. महेंद्र प्रबुद्ध जी द्वारा संपादित पत्रिका 'परास फूल' का वार्षिकांक का लोकार्पण किया गया एवं सैकड़ों छात्र छात्राओं के बीच निशुल्क वितरण किया गया. कार्यक्रम का संचालन ऋतु प्रियम किया गया एवं मुकुंद रविदास जी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया. उपस्थित छात्र छात्राओं में प्रिया कुमारी, रानी कुमारी, रानी गोस्वामी, गीता, विकास, किशन, शीला, बैजन्ती, सबीदा खातून, खुशबू सिंह, चंपा, सुनीता, लक्ष्मी, नमिता, बेबी, कोमल, विकास, राहुल, अनामिका, सुधा, निधि, पूजा, अभिषेक, मंचन, स्वाति, मधु, डोली, मोनालिसा, बंदना, उषा, आर्या, कनक, प्रियंका, सुरेश, स्मृति सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थे. सभी ने खोरठा दिवस के साथ नव वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दीं.

# भोजपुरी वीडियो एल्बम की शूटिंग

संवाददाता। लातेहार

लातेहार जिले के कई खूबसूरत लोकेशन पर भोजपुरी एल्बम "रांची कर बजरिया" की शूटिंग शनिवार को हुई. इसके डायरेक्टर जितेंद्र भगत ने बताया कि रांची और स्थानीय कलाकारों के साथ जिला मुख्यालय के चिल्ड्रन पार्क, रेलवे स्टेशन और कई चौक चौराहों पर शूटिंग की गई. शूटिंग देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. उन्होंने कहा कि लातेहार में कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जहां पूर्व में भी नागपुरी वीडियो और एल्बम की शूटिंग हो चुकी है. शूटिंग में सिंगर पंकज विश्वकर्मा, एक्टर प्रशांत कुमार प्रिंस, एक्ट्रेस आरती सिंह और कैमरामैन चंदन यादव की प्रमुख भागीदारी रही. अलबम में म्यूजिक का निर्देशन डायरेक्टर जितेंद्र भगत ने किया. एल्बम को नए साल में 10 जनवरी को रिलीज किया जाएगा. शूटिंग के दौरान विनोद यादव, राकेश



कुमार, सूर्य, संजीत, विमलेश जगदीश विकास समेत कई स्थानीय कलाकार मौजूद रहे.

# बुला रहीं झारखंड की हसीन वादियां

# आज से नए साल का उत्सव

नए साल के आगमन के अब कुछ ही घंटे शेष रह गए हैं. पुराना साल पीछे छूट जाएगा. पर 2023 कैसा भी रहा हो, चलिये उसे विदा करते हैं. साथ ही आनेवाला साल खुशनुमा होगा, इसी सोच के साथ उसे गले लगाते हैं. बीते साल में जो गलतियां की, कोशिश होगी उसे फिर से नहीं दोहराएंगे. नए साल 2024 में उम्मीदों के साथ आगे बढ़ेंगे. हम सब जानते हैं कि नए साल में भी उतार-चढ़ाव-आएंगे. पर इस बार हम फैसला करते हैं कि हम हारेंगे नहीं , धैर्य के साथ आगे बढ़ेंगे और अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे.... चलिए इसी संकल्प के साथ झारखंड के किसी मनोरम स्थल पर पुराने साल की विदाई और नए साल की खुशी का उत्सव मनाते हैं. देखा जाए तो झारखंड में मनोरम स्थलों की भरमार है. यह राज्य न सिर्फ खनिज संपदाओं से भरपूर है बल्कि पेड़-पहाड़, नदी-नालों से उपजे प्राकृतिक दृष्य हमें हर ओर लुभाते हैं. लातेहार में नेतरहाट की नैसर्गिक खुबसूरती देखिए या फिर बेतला नेशनल पार्क के जंगल में जंगली जानवरों को स्वतंत्र रूप से विचरण करते देखना किसी रोमांच से कम नहीं है. गिरिडीह का डेलिया डैम, बेरमो का छरछरिया झरना, धनबाद का भटिंडा फॉल, तोपचांची झील और जंगलों व पहाड़ियों के बीच मैथन डैम में नौका विहार का मजा ही कुछ और है. शुभम संदेश की टीम ने इन स्थलों की जानकारी हासिल की है. पेश है रिपोर्ट...


लातेहार
मैग्नोलिया प्वाइंट नेतरहाट

## नेतरहाट की दिलकश आबोहवा सैलानियों को करती है आकर्षित


बेतला नेशनल पार्क

कहना गलत नहीं होगा कि प्रकृति ने लातेहार जिला को फुर्सत से सजाया व संवारा है. जिले में कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जिनकी गिनती राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में की जाती है. इनमें नेतरहाट व बेतला का नाम प्रमुख है. नेतरहाट की नैसर्गिक खुबसूरती के कारण ही इसे छोटानागपुर की रानी कहा जाता है. समुंद्रतल से 3761 फीट की उच्चाई पर बसे नेतरहाट में पूरे साल दिलकाश आबोहवा रहती है. नेतरहाट का सूर्योदय व सूर्यास्त देखना अविस्मरणीय है. मैग्नोलिया प्वाइंट से पर्वतों की श्रृंखला के बीच धीरे-धीरे गुम होता लाल सूर्य लोगों को अपना मुरीद बना लेता है. नेतरहाट का आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर है. नेतरहाट का शैले हाउस काष्ठ कला का बेहतरीन नमूना है. नेतरहाट रांची से 156 किलोमीटर व लातेहार जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर है. यहां ठहरने के लिए पलामू डाक बंगला, होटल अरूणोदय व होटल प्रभात विहार समेत छोटे-बड़े 45 सरकारी व नीजि होटल हैं. हालांकि नये साल को लेकर यहां सभी होटल व लॉज फूल हैं.

### बेतला नेशनल पार्क

जिले के बरवाडीह प्रखंड में स्थित है बेतला नेशनल पार्क. बेतला नेशनल पार्क के जंगल में जंगली जानवरों को स्वतंत्र रूप से विचरण करते देखना किसी रोमांच से कम नहीं है. बेतला नेशनल पार्क 1974 में देश में गठित नौ बाघ आरक्षों में से एक है. पलामू व्याघ्र परियोजना 1026 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है. इसके 226 वर्ग किलोमीटर में बेतला राष्ट्रीय उद्यान के रूप में अधिसूचित किया गया है. जंगल में बाघ, हाथी, तेंदुआ, गौर, सांभर और चीतल आदि देखे जाते है. इस वर्ष पीटीआर क्षेत्र में तीन बाघ देखे गये हैं. सड़क मार्ग में रांची-मेदिनीनगर मार्ग पर दुबियाखाड़ से बेतला के लिए मार्ग निकलता है. यहां ठहरने के लिए वन विभाग के कई रेस्ट हाउस है.

## सैलानियों को आमंत्रित करते वन संपदा से सुसज्जित बेरमो के पिकनिक स्थल


बेरमो
तेनुघाट डैम



बेरमो के आसपास के पिकनिक स्थल वन संपदा से सुसज्जित प्राकृतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्पॉट है. तेनुघाट डैम में विशाल जलाशय का भंडार है. यह एशिया का पहला मिट्टी का बांध है. लोग दूर दूर से यहां पिकनिक मनाने पहुंचते हैं. बोकारो जिला मुख्यालय से तेनुघाट करीब 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. यहां पहुंचने के लिए बोकारो रामगढ़ मुख्य सड़क के पेटरवार से तेनुघाट पहुंच सकते हैं. हजारीबाग से विष्णुगढ़ होकर गोमिया और पेटरवार सड़क मार्ग से तेनुघाट पहुंचा जा सकता है. हजारीबाग से करीब एक सौ किलोमीटर दूर है.

इसी प्रकार बोकारो से 60 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है ललपनिया में छरछरिया झरना. यहा प्रकृति का अनुपम उपहार है. आप यहां साल के किसी भी महीने में आकर प्राकृतिक विहगंम का आनंद ले सकते हैं. यह झरना आस्था का पहाड एवं आदिवासी समाज के पूर्वज लुगुबाबा के चोटी के उदगम स्थल से नीचे सरकती हुई लगभग सात किलोमीटर की दूरी तय कर गिरती है.


छरछरिया झरना, ललपनिया

## प्रकृति प्रेमियों की पहला पसंद है धनबाद का भटिंडा फॉल



प्रकृति प्रेमियों की पहली पसंद है धनबाद का भटिंडा फॉल .इस फॉल में कतरी नदी के बहते पानी से गिरता झरना यहां की शान है . यहां चारों तरफ छोटी-छोटी पहाड़ियां, सिलसिलेवार चट्टाने और दिल को मोह लेने वाली हरियाली सैलानियों को मोह लेती है .भटिंडा फॉल मुख्यालय से 14 किलोमीटर की दूरी पर है . यहां जाने के लिए खुद के चारपहिया वाहन, भाड़े का वाहन या ऑटो इस्तेमाल कर सकते है .इसके लिए सैलानियों को पुटकी पहुंचना होगा इसके बाद मुनीडीह गेट से भटिंडा फॉल . ग्रामीण क्षेत्र होते हुए पीसीसी सड़क की व्यवस्था है .

### नव वर्ष में धनबाद के शक्ति मंदिर में भी लगती है भक्तों भीड़



नव वर्ष में पर्यटक स्थलों के साथ-साथ धनबाद के शक्ति मंदिर में भी हजारों भक्त माता रानी की दर्शन के लिए पहुंचते हैं और मां से परिवार की सुख शांति ,स्वस्थ सेहत की कामना करते हैं .यह मंदिर धनबाद स्टेशन से मात्र 1.5 किलोमीटर की दूरी पर है .शक्ति मंदिर जाने के लिए स्टेशन पर ऑटो और रिक्सा की व्यवस्था है . मंदिर कमिटी द्वारा भी नव वर्ष में मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जाता है .भक्तों की भीड़ को देखते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाते हैं . साथ ही प्रसाद के रूप में खीर का भोग वितरण किया जाता है.

## धरती का स्वर्ग यानि तोपचांची झील


धनबाद

तोपचांची झील धनबाद स्टेशन से लगभग 35 किलोमीटर दूर है .यह झील कोयलांचल में धरती के स्वर्ग के नाम से जाना जाता है. हरी भरी जंगलों और पहाड़ों से घिरे होने की वजह से यह एक खूबसूरत पर्यटन स्थल के रूप में जाना जाता है. झील के आसपास के प्रकृति दृश्य और कुछ अनूठे कार्य पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करते हैं .तोपचांची झील पहुंचने के लिए ट्रेन से धनबाद रेलवे स्टेशन पर भी उतर सकते है और गोमो रेलवे स्टेशन पर भी उतर सकते है .गोमो रेलवे स्टेशन से झील की दूरी 8 किलोमीटर है .यहां से ऑटो की व्यवस्था है .वही धनबाद रेलवे स्टेशन से इसकी दूरी 35 किलोमीटर है . यहां से ओटो ,बस या खुद के वाहन से तोपचांची झील पहुंच सकते हैं.

## मैथन डैम में सैलानी नौका विहार का उठा सकते हैं आनंद



धनबाद का मैथन डैम मां कल्यानेश्वरी मंदिर के साथ साथ प्रकृति का मानव के व्यापक हित में इस्तेमाल की मिशाल है.65 वर्गकिलोमीटर में फैले जंगलों व पहाड़ियों के बीच मैथन डैम के जलाशय में सैलानी नौकाविहार करने का आनंद भी उठा सकते हैं. नौकायन के लिए यहां स्पीडबोट, नाव आदि की व्यवस्था है.यह मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर है.यहां जाने के लिए बस या खुद का वाहन स्तेमाल कर सकते हैं .


गिरिडीह
डेलिया डैम

## पर्यटकों को आकर्षित करता है डेलिया डैम का मनोरम नजारा

डुमरी प्रखंड मधगोपाली पंचायत का डेलिया डैम दो पहाड़ों के मध्य में स्थित है. घने जंगल के बीच का मनमोहक दृश्य देख लोगों का मन आनंदित हो जाता है. स्थानीय लोग नव वर्ष के मौके पर पिकनिक मनाने के लिए डेलिया डैम, जमुनिया नदी किनारे, हथिया पत्थर नदी किनारे,वन विभाग डाक बंगला किनारे जाते हैं. वहीं कुछ लोग जिले से बाहर चले जाते हैं. प्रखंड का डेलिया डैम बहुत ही खूबसूरत है. वहां हथिया पत्थर के पास बहता पानी व चट्टान का दृश्य काफी मनोरम है. इस स्थल को अगर पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाए तो स्थानीय लोगों के साथ साथ अन्य प्रखंडों से भी लोग पिकनिक मनाने यहां आ सकते हैं. वैसे सरकारी स्तर पर अभी तक किसी भी पिकनिक स्पॉट का विकास नहीं हो पाया है.

### पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होना चाहिए

वन विभाग का डाक बंगला पुराना बस स्टैंड के पास पहाड़ी नुमा स्थल पर स्थित है बरसों पहले बने वन विभाग के डाक बंगले को भी आकर्षक पिकनिक स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है. हालांकि बिल्डिंग की स्थिति जर्जर है. यहां का मनोरम दृश्य लोगों को लुभाता है. यहां लोग घूमने व तस्वीर उतारने के लिए पहुंचते हैं. इस बंगले में चारों तरफ छोटी-छोटी एवं पहाड़ियां हैं. इसकी सुंदरता बेमिसाल है. शहरी आबादी के बीच होने के कारण या स्थल स्थानीय महिला, युवक युवतियों तथा बच्चे के लिए पसंदीदा पिकनिक स्थल बन सकता है. वर्तमान में डाक बंगला की स्थिति जर्जर है. इस स्थल को भी एक खूबसूरत पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जा सकता है.

### कैसे पहुंचें डेलिया डैम

डुमरी से डेलिया डैम जाने के लिए लोगों को डूमरी बेरमो पथ होते हुए झारखंड कॉलेज के समीप पहुंचने के बाद डुमरी नागलो सड़क से होकर जाना होता है. इसके बाद मधगोपाली सड़क पर करीब तीन किलोमीटर जाने के बाद काली सड़क से पांच सौ मीटर दूरी पर यह स्थित है. यहां तक पहुंचने के लिए निजी वाहन सबसे अच्छा साधन है.अब स्थल तक सडक बना दी गई है. वन विभाग डाक बंगला प्रखंड कार्यालय के समीप है .यहां किसी तरह के वाहन व पुराना प्रखंड कार्यालय के पीछे पैदल भी जाया जा सकता है.


जमुनियां नदी

## साइबेरियन पक्षियों का आना शुरू

डेलिया डैम के चारों और छोटे-छोटे पेड़ हैं. आसपास का शांत वातावरण मन को शांति देता है. ठंड शुरू होते ही डैम में साइबेरियन पक्षियों का आना शुरू हो जाता है. हाल के दिनों में प्रवासी पक्षियों का डैम में आना कम हो गया है. इसका कारण डैम की गहराई का कम होना तथा भोजन की कमी बताई जाती है. इस स्थल को और विकसित किए जाने की जरुरत है. डैम में नौका बिहार की व्यवस्था कर पर्यटकों को आकर्षक किया जा सकता है. डैम के समीप पार्क बनाकर झूलों की व्यवस्था की जा सकती है. प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधि यदि इसमें मामले में रुचि ले तो यह स्थल डुमरी प्रखंड ही नहीं पूरे जिले का प्रमुख पिकनिक स्पॉट बन सकता है. हालांकि डैम के पानी से हजारों एकड़ भूमी में सालों भर सिंचाई की जाती है. हथिया पत्थर के पास नदी का बहता पानी व चट्टान नुमा स्थल के पास सखुआ का जंगल लोगों को आकर्षित करता है. इस स्थल को भी विकसित करने की जरुरत है.

## प्रकृति की गोद में बसा है बुरुडीह डैम


घाटशिला
बुरुडीह डैम

नव वर्ष के आगमन को लेकर घाटशिला क्षेत्र के पिकनिक स्थल पर्यटकों के लिए पूरी तरह तैयार है. घाटशिला का प्रमुख पिकनिक स्थल के रूप में प्रसिद्ध बुरुडीह डैम है. प्राकृतिक की गोद में बसा बुरुडीह डैम पर पिकनिक मनाने पश्चिम बंगाल,ओडिशा तथा झारखंड के विभिन्न जिलों से यहां पहुंचते हैं. रांची से सीधे फोरलेन से जमशेदपुर होते हुए घाटशिला पहुंचे. यहां से पक्की सड़क से 8 किमी जाना पड़ता है रांची से बुरुडीह डैम की दूरी 180 किलो मीटर है. यहां तक पहुंचाने के लिए बस से लेकर बाइक पर आसानी से पहुंचा जा सकता है.

### नदी तट पर अलौकिक झरना


अलौकिक झरना


सूर्य मंदिर

इसके अलावा मऊभंडार स्वर्णरेखा नदी तट पर अलौकिक झरना जिसे देखने के लिए पर्यटक खींचे चले आते हैं. यहां तक भी पहुंचने जमशेदपुर से 45 किलोमीटर एनएच 18 फोरलेन से घाटशिला की दूरी है. यहां निजी वाहन से पहुंचा जा सकता है. इसके घाटशिला रेलवे स्टेशन से 4 किलोमीटर की दूरी पर है. यहां तक आने के लिए थ्री व्हीलर तथा फोर व्हीलर की सुविधा उपलब्ध है. गोपालपुर स्वर्णरेखा नदी तट के किनारे बना भव्य सूर्य मंदिर भी पिकनिक स्थल के साथ-साथ दर्शनीय स्थल के रूप में प्रसिद्ध है इसकी दूरी भी घाटशिला रेलवे स्टेशन से मात्र 3 किलोमीटर है.

चांडिल


चांडिल डैम

सुवर्णरेखा और करकरी नदी के संगम पर बना चांडिल डैम सुवर्णरेखा परियोजना का एक हिस्सा है. हरे भरे पहाड़ों के बीच बना डैम के अनुपम सौंदर्य को देखने के लिए यहां प्रतिवर्ष लाखों सैलानी पहुंचते हैं. नवंबर के अंतिम सप्ताह से लेकर मार्च के प्रथम सप्ताह तक यहां सैलानियों की बड़ी भीड़ रहती है. चांडिल डैम के निकट ही स्थित है पातकुम पुरातात्विक संग्रहालय. संग्रहालय के गोलाकार इमारत में कुछ प्राचीन अवशेष रखे गए हैं. बताया जाता है कि अवशेष हजारों साल पुराने हैं. यहां एक पत्थर पर खास लिपि में कुछ लिखा हुआ है, जिसे पढ़ा नहीं जा सका है. यहां बांध निर्माण के लिए की गई खुदाई के दौरान और आसपास के इलाकों से पाए गए अवशेषों को संजोकर रखा गया है. चांडिल डैम टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 35 पर स्थित मुखिया होटल से करीब 3 किलोमीटर दूर अवस्थित है. वही चांडिल स्टेशन से डैम की दूरी लगभग 15 किलोमीटर होगी.


पालना डैम

चांडिल प्रखंड क्षेत्र में स्थित पलना डैम बेहद ही खूबसूरत स्थान में से एक है. पर्वत श्रृंखलाओं के बीच स्थित पालना डैम सैलानियों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करती है. इस पर्यटक स्थल के समग्र विकास को लेकर विभाग और स्थानीय प्रशासन द्वारा तैयार की गई योजनाएं अब तक धरातल पर समग्र रूप से उतर नहीं पायी हैं. प्रकृति के अनुपम उपहार वाले पर्यटक स्थनों के विकास को लेकर अब तक कुछ खास नहीं किया जा सका है. बावजूद इसके पालना डैम की सुंदरता को निहारने के लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं. टाटा रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर स्थित चावलीबासा बाडामटांड से करीब 3 किलोमीटर की दूरी पर पालना दम स्थित है.

## विशाल डैम और धार्मिक आस्था से जुड़े कई ऐतिहासिक स्थल हैं

**चांडिल अनुमंडल क्षेत्र को प्रकृति ने अपने अनुपम उपहार से सजाया है. यहां हरे भरे पहाड़ पर्वतों के साथ कल कल करती स्वच्छ जलधारा वाले विशाल डैम और धार्मिक आस्था से जुड़ी कई ऐतिहासिक धरोहर स्थित है. नव वर्ष का स्वागत करने के लिए चांडिल अनुमंडल क्षेत्र स्थित पिकनिक स्पॉटों पर दूर-दराज से सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं. चांडिल अनुमंडल क्षेत्र पहुंचकर सैलानी अपने को प्रकृति के बेहद करीब महसूस करते हैं. जिस प्रकार से दूर-दराज से सैलानी अपने को प्रकृति के सानिध्य में महसूस करने के लिए चांडिल पहुंचते हैं, उस अनुरूप सरकार इन पिकनिक स्पॉटों के विकास को लेकर काम नहीं कर सकी है. यहां सैलानियों के लिए कोई खास इंतजाम नहीं है. चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के पिकनिक स्पॉटों तक पहुंचाने के लिए लोगों को अपने निजी वाहन पर ही निर्भर रहना पड़ता है. वहीं पिकनिक स्पॉटों पर लोगों की सुविधाओं और जरूरत का संसाधन अब तक सरकार उपलब्ध नहीं कर सकी है.**


दलमा वन्यजीव अभयारण्य

दलमा वन्यजीव अभयारण्य सैलानियों का मनपसंद स्थान है. नव वर्ष के स्वागत का अवसर हो या अन्य कोई अविस्मरणीय पाल लोग अपने सगे संबंधियों और दोस्तों के साथ दलमा पहाड़ पर बिताना पसंद करते हैं. दलमा पहाड़ हाथियों के कारण अधिक प्रसिद्ध है. 1975 में स्थापित दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी का उद्घाटन संजय गांधी द्वारा किया गया था. दलमा जंगल जानवरों, पक्षियों और पेड़ों की प्रजातियों जैसे हाथी, हिरण, भालू, शाही और विभिन्न प्रजाति के पशु पक्षियों का घर है. पहाड़ी की चोटी पर टाटा स्टील और वन विभाग का गेस्ट हाउस है. यहां भगवान शिव का एक मंदिर भी है जहां शिवरात्रि के समय भक्त बड़ी मात्रा में आते हैं. दलमा पहाड़ टाटा रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर स्थित शहर बड़ा से लगभग 15 किलोमीटर दूर है. यहां पर्यटकों के लिए कई सुविधाएं मौजूद हैं.


जयदा मंदिर

टाटा रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर जयदा में स्थित ऐतिहासिक बूढ़ा बाबा शिव मंदिर पर्यटकों के धार्मिक आस्था का मुख्य केंद्र है. कहते हैं कि बूढ़ा बाबा शिव मंदिर अति प्राचीन कालीन है. मंदिर के आसपास कई प्राचीन कालीन भग्नावशेष स्थित हैं. क्षेत्र में प्रचलित कथा के अनुसार पहले यहां 101 शिव मंदिर था. किसी आक्रमण या नदी में बाढ़ आने के कारण मंदिर ध्वस्त हो गए थे जिनके अवशेष मंदिर के आसपास हैं. मंदिर के अंदर दो बड़े पत्थर है जिनमें किसी भाषा में कुछ संदेश लिखा है. यहां मकर संक्रांति के अवसर पर पांच दिवसीय विशाल मेला का आयोजन होता है नव वर्ष के स्वागत में दुर-दराज से सैलानी जयदा मंदिर पहुंचने हैं और अपने आराध्य देव के दर्शन पूजन के साथ नव वर्ष का शुभारंभ करते हैं.


सोना झरना

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के अनुपम उपहारों में से एक है सुदूरवर्ती हेंसाकोचा गांव के दाराकोचा टोला स्थित सोना झरना. दाराकोचा का अनुपम सौंदर्य वाला सोना झरना गुमनामी के अंधेरे में है. सोना झरना चारों ओर हरे-भरे जंगलों से घिरा हुआ है. यहां करीब सौ फीट की ऊंचाई से झरने का पानी गिरता है. शोर-शराबे और प्रदूषण से दूर अनुपम सौंदर्य समेटा सोना झरना बरबस ही लोगों को अपनी और आकर्षित करता है. सोना झरना तक जाने के लिए पक्की सड़क नहीं है. सोना झरना तक जाने वाली सभी सड़कें हेंसाकोचा तक पक्की है. इसके बाद से करीब दो किलोमीटर दूर सोना झरना तक पैदल ही जाना पड़ता है.



नव वर्ष के स्वागत में जश्न मनाने के लिए कांदरबेडा सैलानियों का पसंदीदा जगह बनता जा रहा है. हरे भरे पहाड़ों के बीच से होकर गुजरती स्वर्णरेखा नदी. नदी की कल कल करती जलधारा के बीच विशाल क्षेत्र में फैला बालू का मैदान सैलानियों को अपनी ओर खींचता है. नव वर्ष के स्वागत में अपने परिवार और मित्र जनों के साथ खुशनुमा पल बिताने के लिए लोग कांदरबेडा.जैसे मनोहरी स्थान में जाना अधिक पसंद करते हैं. टाटा रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर स्थित कांदरबेडा.से डोबो जाने वाली सड़क पर स्थित पिकनिक स्पॉट सैलानियों का इंतजार कर रहे हैं.

# दोस्तो, जश्न मनाओ कि नया साल आ गया!




कविता कलम
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय


**अच्छी** बुरी, खट्टी-मीठी-कड़वी यादों को छोड़ कर वर्ष 2023 चला गया. इस साल में क्या-क्या खोया, इसपर रोना तो बेकार ही है, लेकिन किन-किन गलतियों से खोया, यह विचारणीय है. आनेवाले साल 2024 में उन गलतियों का स्मरण कर सबक लेना होगा. यह अलग बात है कि जीवन में हर परिस्थिति और वस्तु पर मनुष्य का वश नहीं चलता. ऐसी स्थिति में साहस और धैर्य की शरण में जाना चाहिए और पूरी बहादुरी के साथ विपरीत परिस्थितियों का सामना करना चाहिए. नयी आशाएं और नयी उमंगें लेकर नया साल 2024 आ गया है. आइए, हम इसका स्वागत करते हैं. मशहूर शायर **नसीर अफसर** नये साल के स्वागत के लिए विशेष उत्साहित हैं. इनका उत्साह इनकी इस रचना से छलक रहा है. आइए, इसका आनंद उठाते हैं.

दोस्तो जश्न मनाओ कि नया साल आ गया
हाल ए दिल सबको सुनाओ कि नया साल आ गया
दु:ख दर्द अपना भुलाओ कि नया साल आ गया
साज़ पे कोई गीत सुनाओ कि नया साल आ गया
दोस्तो जश्न मनाओ कि नया साल आ गया
ग़म के सब बादल छंटे मोर भी अब नाचन लगे
पांव सबके थिरके जभी दूर कहीं मांदर बजे
सामने तू आ ज़रा मन लुभावन लगे
दोस्तो जश्न मनाओ कि नया साल आ गया!!!



फिल्म आपकी कसम का यह गाना याद आता है-रात जाती है, सुबह आती है, वक्त चलता ही रहता है, रुकता नहीं. एक पल में ये आगे निकल जाता है, आदमी ठीक से देख पाता नहीं और परदे में मंजर बदल जाता है. एक बार चले जाते हैं, जो सुबह-शाम फिर नहीं आते. समय का चक्र रुक नहीं सकता. यह तो चलता ही रहता है, लेकिन बारह महीनों तक जो पल-पल का साथी बना रहा, उसका वियोग कसक भी तो पैदा करता ही है. जमशेदपुर की कवयित्री **माधवी उपाध्याय** के इस गीत में कुछ ऐसी ही कसक महसूस होती है.-

जरा! तुम रुक जाते
जाते- जाते विगत वर्ष! जरा! तुम रुक जाते ..
मै स्वागत करूं सहर्ष! जरा! तुम रुक जाते ..
लगे अभी जनवरी थी आयी नवल उमंग, तरंग थी छायी ..
नित अभिनव, अभिलाषा से, दिये नवल उत्कर्ष!
जरा! तुम रुक जाते ..
स्वागत में थे, जो हम तेरे, खिले पुष्प उर के बहुतेरे..
भ्रमण तीर्थ सारे कर आएं. अंतर किये विमर्श!
जरा! तुम रुक जाते..
पग-पग हरसिंगार बिछायें हर्षित मन के द्वार सजायें ..
नव चेतन, नव दीप जलाकर, मिला नया अनुकर्ष!
जरा! तुम रुक जाते.
जीवन की नव सुधियां पाईं चलते -चलते वो इठलाईं ..
आहिस्ते छू गया दिसंबर जन-चेतन में हर्ष!
जरा! तुम रुक जाते ..
प्रिय! दिसंबर दिया बहुत है . तृप्ति हुई, उत्कर्ष बहुत है..
सजल नेत्र हैं नतमस्तक.
निकला यह निष्कर्ष!
जरा! तुम रुक जाते ..
पुन: जनवरी अभ्यागत में,
जन-मन हर्षित हैं स्वागत में ..
पूरित अश्रु विदाई करते,
हम सब तुम्हें सहर्ष!
जरा! तुम रुक जाते ..



कवयित्री माधवी उपाध्याय ने भारी मन से वर्ष 2023 को कृतज्ञतापूर्वक विदाई दे दी. अब बारी आई नये साल की, उसके स्वागत की, अभिनंदन की. नूतन अभिलाषाओं की, नवल अपेक्षाओं की. रांची के कवि **शशांक भारद्वाज** के शब्दों में नववर्ष की झलक कुछ इस प्रकार दिख रही है-



नव वर्ष नव विहान,
नव संकल्प नव संधान
नव लक्ष्य नव उत्साह,
नव प्रण नव प्रवाह
नव आशा नव मार्ग,
नव विश्वास नव भाव
नव जोश नव साहस, नव प्रयास नव निर्माण
नव गीत नव राग, नव ज्योति नव आग
नव स्नेह नव प्रीत, नव स्वप्न नव रीत
नव वर्ष नव आह्वान, नव वर्ष नव विहान

यह तो हुई कवि की कल्पना की बात, किंतु यथार्थ के धरातल पर कई बार कल्पनाएं दम तोड़ देती हैं. यथार्थ के ऐसे ही धरातल पर पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी दिख रही हैं धनबाद की कवयित्री **स्नेह प्रभा पाण्डेय**. इन्हें समझ में नहीं आ रहा कि कोरे कागज पर नये वर्ष के आगमन पर क्या लिख दिया जाये.

क्या लिख दूं कोरे कागज पर, नए वर्ष के आने से.
नया नया तो कुछ ना दिखता, सब तो लगे पुराने से.
भावी पीढ़ी देख रही हूं, नहीं हाथ को काम मिला,
पढ़-लिखकर बैठे हैं बच्चे, सबने मिलकर खूब छला.
बेटी बैठी धरने पर ही , उससे मुंह सब मोड़ लिया.
अपनी इज्जत मांग रही है, जिसे सभी ने छोड़ दिया..
अपना मुकुट उतार रही है , वापस उसको करती है.
फिर भी फर्क नहीं पड़ता है , बिटिया आहें भरती है.
जश्न मनाकर दीप जलाकर, नए वर्ष पर गान करें.



जो संकट में धरना देते, उसका क्यों अपमान करें.
झूठे वादे, झूठी मकसद , ये तो नित दिन दिखती है.
कैसे कह दें नए वर्ष में, सब सामग्री सस्ती है.
मुफ्त -मुफ्त की चीजें भी तो, जन को गाली लगती है .
सबके हाथों काम मिले तो, सबकी थाली भरती है.
इज्जत से जीना सीखें सब, श्रम की ही रोटी खाएं.
नहीं रेवड़ी चाहे कोई, श्रम करके सब कुछ पाएं..
नीति रीति बदले जब जग की, तब आए बदलाव यहां.
इज्जत की रोटी सब खाएं,
रहें मुफ्त की जगह कहां.

कवयित्री स्नेहप्रभा जी की यह रचना निश्चित रूप से निराशावादी नहीं, यथार्थवादी है. ये सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हैं और अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में व्याप्त विद्रूपताओं पर अपने शब्दवाणों का संधान करती रहती हैं. यह रचना इसी का प्रतिफल है. नववर्ष के अभिनंदन के संदर्भ में रांची की कवयित्री **डॉ. दीप्ति वर्मा** की यह रचना भी उल्लेखनीय है-

फूट कर ज्यों ही रवि से नई किरण
थी अभी निकली धरा पर देखने
नई सुबह का रंग था छाया हुआ नव वर्ष का जोश था छाया हुआ.
कहीं धरा तो थी बनी दुल्हन नई
थी कहीं तो ठंड में वृद्धा खड़ी
कहीं तो फूलों सी सजी थी कोमला थी कहीं सोने के बीच चंचला.
नव वर्ष की मिली जुली यह रोशनी
देखकर लगी किरण यह सोचने
क्या बह सकेगी ज्ञान की धारा कोई?
या क्षत विक्षत हो टूटेगी एक और कड़ी.
हर काल का एक अन्त आता है नया
हर प्रश्न का कोई है हल होता नया
कि और आयु है अभी इस ज्ञान की
और जीवन है अभी अभिमान का.
अज्ञान बढ़ता है तो बढ़ता ही रहे अभिमान चढ़ता है चढ़ता ही रहे
उस छोर ही से तो जुड़ेगा खण्ड नया
उस रात ही से मिलेगा दिन नया.
हे देव यह हो आखिरी वह वर्ष नया
हो चरम अज्ञान का अभिमान का है प्रार्थना फूटे प्रकाश फिर नया
हो वर्ष इसी में हर वर्ष का उद्धार नया.



विदा हो रहा वर्ष 2023 को श्रद्धा के साथ प्रणाम करता हूं और आनेवाले वर्ष 2024 का हार्दिक अभिनंदन करता हूं. ईश्वर करें, यह नववर्ष आपके लिए मंगलमय हो. आपके हर सद्प्रयास सफल हों, आपके जीवन में खुशियों के कलश छलकते रहें. आपकी हर कामनाएं पूरी हों, इसी कामना के साथ आपकी आज्ञा चाहता हूं. अगले सप्ताह फिर मिलेंगे. जय हिंद ! जय झारखंड !!

### कुत्ते तभी भौंकते हैं

रामू जेठ बहू से बोले, मत हो बेटी बोर
कुत्ते तभी भौंकते हैं जब दिखें गली में चोर
वफ़ादार होते हैं कुत्ते, नर हैं नमक हराम
मिली जिसे कुत्ते की उपमा, चमका उसका नाम
दिल्ली क्या, पूरी दुनिया में मचा हुआ है शोर
हैं कुत्ते की दुम जैसे ही, टेढ़े सभी सवाल
जो जवाब दे सके, कौन है वह माई का लाल
देख रहे टकटकी लगा, सब स्वीडन की ओर
प्रजातंत्र का प्रहरी कुत्ता, करता नहीं शिकार
रूखा-सूखा टुकड़ा खाकर लेटे पांव पसार
बंगलों के बुलडॉग यहां सब देखे आदमख़ोर
कुत्ते के बजाय कुरते का बैरी, यह नाचीज़
मुहावरों के मर्मज्ञों को, इतनी नहीं तमीज़
पढ़ने को नित नई पोथियां, रहे ढोर के ढोर

**- अल्हड़ बीकानेरी**

# पारिवारिक डॉक्टर की ज़रूरत



**संपूर्ण** एक और साल समाप्त होने को चला ! आप सभी लोग एक पल रुक कर याद करें कि हम सबों ने कितने प्रियजनों को, मित्रों को, परिचितों को, मित्रों के मित्रों को और बहुत सारे ऐसे लोगों को भी जिनका हम सम्मान-आदर करते हैं. हमें ऐसे लोगों के भी जाने से कष्ट हुआ जो निर्दोष थे, पर उनकी लीला समाप्त हो गयी. उसमें देश में हज़ारों की संख्या में युवाओं की आत्महत्याएं भी शामिल हैं, धार्मिक उन्माद के कारण हत्या के शिकार लोग भी शामिल है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देशों के युद्ध में जान गंवाने वाले निरपराध नागरिक शामिल हैं, देश के सभी भागों में अपराधियों द्वारा हत्या किए लोग शामिल हैं, सीमाओं पर देश की रक्षा करते वीर जवान शामिल हैं, वृद्धावस्था में आयु के कारण स्वर्गवासी लोग शामिल हैं इत्यादि. पर एक अन्य श्रेणी भी है, जिसमें अनुचित इलाज, चिकित्सक की लापरवाही, दवाओं के गलत उपयोग के कारण जान गंवाने वाले लोग भी हैं ! उन सबों को याद कर आप भी शायद भावुक हो जाएं, क्योंकि मानव जीवन अमूल्य है और प्रायः प्रत्येक मनुष्य को इस सत्य को स्वीकार करना चाहिए.

उन सारे दिवंगत हुए लोगों पर विचार करें तो आपको लगेगा कि उनमें से एक बड़ी संख्या में लोगों को बचाया जा सकता था, अगर समय पर ऊचित इलाज किया जाता. देश में सैकड़ों करोड़ों की लागत से हज़ारों अस्पताल खुल गए हैं, जहां 'चिकित्सा' का व्यवसाय होता है. वहां कार्यरत लोगों को एक निश्चित संख्या में लोगों को महंगे ऑपरेशन के लिए प्रेरित करना आवश्यक होता है. किसी सामान्य सज्जन नागरिक के मन में स्वास्थ्य को लेकर इतना भय और आतंक पैदा कर दिया जाता है कि अपनी सारी जमा पूंजी, घर-दुआर, उधार लेकर भी अपना जीवन बचाना चाहता है. आज़ादी के बाद धीरे धीरे सभी सरकारों ने चिकित्सा का 'अमेरिकी मॉडल' विकसित करना शुरू कर दिया, जिसमें सारी चिकित्सा व्यवस्था निजी हाथों को सुपुर्द कर दिया गया है. गरीबों के लिए प्रारंभ की गई 'आयुष्मान भारत'योजना भी निजी अस्पतालों के भरोसे ही छोड़ दी गई. अब छोटे गांव तक में भी बड़े अस्पतालों के लिए छोटे डॉक्टर व्यावसायिक एजेंट के रूप में काम करते हैं. ये एक लंबी श्रृंखला है. कभी कभी लगता है कि आजादी के छिहत्तर साल बाद और इतनी वैज्ञानिक प्रगति के बाद भी मानव जीवन एक व्यवसाय की वस्तु बन गया है. उपरोक्त तथ्यों के अतिरिक्त मानव अंगों की चोरी और व्यापार, खून के खरीद फरोख्त का व्यवसाय भी लाखों करोड़ों रुपये के हो गए हैं. तकलीफ की बात तो यह है कि समाज के समृद्ध, सफेदपोश लोग ही ऐसे घृणित व्यवसाय के पोषक, संरक्षक और संचालक होते हैं. आज के समय में पुराने 'पारिवारिक डॉक्टर' की भारत में अत्यधिक आवश्यकता है. गांव का वह 'डॉक्टर साहब' सारे ग्रामवासियों के सभी बीमारियों का उपचार करता था. वह गांव का बहुत सम्मानित व्यक्ति होता था. बड़ी संख्या में लोगों का इलाज बिना दवा-परहेज और प्राकृतिक वस्तुओं के उपयोग द्वारा ही कर दिया करता था. उसे अपने मरीज के स्वास्थ्य और शरीर की बहुत अच्छी जानकारी होती थी. हाँ मात्र ग्रामीणों का खून चूसकर पैसा कमाना उसका उद्देश्य नहीं रहता था. अधिकांश गरीबों का वह मुफ्त इलाज करता था, जिससे बहुत सारी बीमारियां एक गंभीर रूप लेती ही नहीं लेती थी. इसलिए डॉक्टर कभी अपमानित भी नहीं होते थे, पिटते भी नहीं थे ! ये चिकित्सा जगत का अमेरिकी मॉडल भारत के लिए बहुत उचित नहीं लगता. एक बार फिर मात्र 'विशेषज्ञ' नहीं सामान्य 'पारिवारिक डॉक्टर' की सहज उपलब्धता समय की सबसे बड़ी जरूरत है. सभी डॉक्टर को समय समय पर कार्यशाला आयोजित कर उन्हें अद्यतन चिकित्सा के क्षेत्र में प्रगति से अवगत कराना भी एक कारगर कदम होगा !




चौराहा
प्रमोद कुमार झा


# वर्धा के पवनार में आचार्य विनोबा भावे का पवित्र आश्रम




यायावर
डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय


**वर्धा** के समीप पवनार आश्रम की स्थापना भूदान आंदोलन के जनक आचार्य विनोबा भावे ने चालीस के दशक में की थी. आचार्य विनोबा भावे का जन्म महाराष्ट्र के एक गांव में 11 सितंबर 1895 में हुआ और 15 नवंबर 1982 में लगभग 87 वर्ष की अवस्था में वे स्वर्गीय हुए. आचार्य विनोबा भावे भारत के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रसिद्ध गांधीवादी नेता थे. वे भूदान आंदोलन के जनक के रूप में पूरे भारत वर्ष में समादृत हैं. वे भारत के केवल एक सामाजिक कार्यकर्ता ही नहीं, एक चिंतक एवं साहित्यिक मनीषी भी रहे हैं. कहा जाता है कि वे एक दर्जन भाषाओं के ज्ञाता थे. उनके द्वारा गीता पर दिया गया प्रवचन अपने आपमें अद्भुत ग्रंथ के रूप में प्रकाशित हो चुका है. 'जीवन और शिक्षण' उनके उत्तमोतम वैचारिक निबंधों का संकलन है. उन्हें अपने द्वारा की गई सेवाओं के लिए 1958 में अंतरराष्ट्रीय रेमन मैगसेसे पुरस्कार से नवाजा गया और भारत सरकार ने उन्हें भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न 1983 में मरणोपरांत प्रदान कर उनके प्रति राष्ट्र ने कृतज्ञता ज्ञापित की.

पवनार एक ऐतिहासिक गांव है, जो महाराष्ट्र के वर्धा जिले के धाम नदी के तट पर अवस्थित है. यह गांव जिले की सबसे प्राचीन बस्तियों में से एक है. विनोबा का पवनार आश्रम वर्धा शहर से लगभग 10 किलोमीटर दूर है. पवनार आश्रम प्रकृति की गोद में अवस्थित है और लगभग 15 एकड़ भूमि में फैला हुआ है. यहां



ग्रामीणों को कृषि कर्म के साथ साथ जीवन कौशल की शिक्षा भी दी जाती है. यहां से सेवा पत्रिका का प्रकाशन नियमित होता था, लेकिन अर्थाभाव के कारण अब सेवा का प्रकाशन नियमित नहीं हो पा रहा है. आचार्य विनोबा भावे जी के जीवन में सेवा से बढ़ कर और कोई दूसरा धर्म नहीं था.सेवा ग्रामीणों की, सेवा समाज की और सेवा देश और राष्ट्र की. डॉ. एसपी गौतम (पूर्व कुलपति,रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर), डॉ. शीतला प्रसाद दूबे (अध्यक्ष, महाराष्ट्र हिंदी अकादमी मुम्बई), डॉ. धरवेश कठेरिया (कुलसचिव, वर्धा) और डॉ. प्रशांत गौरव(हिंदी विभाग, गोस्सनर कालेज, रांची) के साथ पवनार का भ्रमण किया. पवनार में कई कुटीर बने हैं. एक सभागार है, जहां आए दिन विचार गोष्ठी हुआ करती है.

परिसर में एक प्राचीन शिव मंदिर भी है, जहां पूजा अर्चना सुबह शाम होती रहती है. आश्रम में प्रातः 'रघुपति राघव राजा राम' और शाम में 'वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई जाने रे' का भजन होता रहता है. आश्रम की पवित्रता आज भी ज्यों की त्यों है. आज विनोबा भावे जी नहीं हैं, लेकिन सुबह शाम की प्रार्थनाएं आज भी वैसी ही होती हैं,जैसी आचार्य विनोबा भावे जी की उपस्थिति में होती थीं. आचार्य विनोबा भावे ने सर्वोदय की भावना से भूदान आंदोलन का श्री गणेश किया था और बहुत हद तक उनको इस आंदोलन में सफलता भी मिली थी. यहां परिसर में नयी तालीम के लिए एक बुनियादी विद्यालय है, जहां बच्चों को बुनियादी शिक्षा के साथ साथ कृषि कर्म, शिल्प कर्म और सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण भी दिया जाता है. विनोबा भावे जी ने यहीं से भूदान आंदोलन और देश के स्वतंत्रता आंदोलन को दिशा दी थी. इसने राष्ट्र के इतिहास में पवनार आश्रम को अमर कर दिया. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पवित्र आश्रम सेवाग्राम और संत विनोबा भावे का पवित्र आश्रम पवनार भारत में तीर्थ धाम की तरह पवित्र हैं. अतः वर्धा की यात्रा एक बार सबको करनी चाहिए.

# नये नेता का पुराना नाता






नश्तर
सुधीर राघव


**जंगल** के उत्तरी हिस्से में एकदम नया धर्मस्थल बनकर तैयार था. जंगल के जानवरों से चंदा एकत्र कर यह भव्य धर्मस्थल बनाया गया था. मगर सभी न्यूज चैनल चिल्ला रहे कि सेठ दुलीचंद सुनामी ने इस भव्य धर्मस्थल के निर्माण में जी खोलकर खर्च किया है, क्योंकि जंगल के सभी न्यूज चैनल सेठ दुलीचंद सुनामी की कंपनी केलोबेलो के ही थे.

अंदर की बात यह थी कि जानवरों ने जिस तरह से अपना सबकुछ लुटाकर इस नये धर्मस्थल के लिए दान किया था, उसका एक चौथाई धन भी इसके निर्माण पर खर्च नहीं किया गया था. सच कहें तो सेठ दुलीचंद सुनामी की दूसरी कंपनी बाबा इंटरप्राइजेज ने इसके निर्माण के नाम पर अरबों का कालाधन जमा किया था. यह कालाधन सेठ दुलीचंद की एक और ऑफशोर कंपनी तेलग्रीन, जिसका मुख्यालय साइप्रस में था, के जरिए मनीलांड्रिंग करते हुए फिर से सेठ सुनामी की कंपनियों के शेयरों की खरीद में लगाया गया था. उसके बाद से तो सेठ सुनामी की कंपनियों के शेयर आसमान छू रहे थे. जंगल के उत्तरी हिस्से में जानवरों के नये नवेले धर्म टनाटन धर्म का पहला धर्मस्थल बनकर तैयार था. इसके उद्घाटन के लिए जंगल के राजा गधे को बुलाया गया था. गधे से उद्घाटन करवाना भी सेठ दुलीचंद सुनामी की ही प्लानिंग थी. गधा क्या बोलेगा? गधा क्या पहनेगा? क्या खाएगा? यह सब भी उसका मालिक सेठ सुनामी ही तय करता था. गधे को सबकुछ टेलीप्रोम्पटर पर लिखकर आता था और उसे वह लंबे लंबे पोज लेकर एक ही सुर में पढ़ते हुए रेंकता था. गधे को वह दिन याद है, जब उसने टेलीप्रोम्पटर पर आई एक लाइन की अनदेखी कर अपने मन से एक बात रेंक दी थी. उसी रात सेठ सुनामी ने गधे को अपने फार्महाउस पर बुलाकर पूरी रात बाउंसरों से पिटवाया था. तब से गधे कि सिर से खुद को जंगल का राजा मानने का भूत भी उतर गया था और वह अब खुदको बस एक सेवक कहता था. गधे ने नवनिर्मित धर्म स्थल में सबसे पहले प्रार्थना कर उसका उद्घाटन किया फिर चिरपरिचित अंदाज में माइक पकड़कर भाषण शुरू किया - दोस्तो ! टनाटन धर्म से मेरा बहुत पुराना नाता है ! जब मेरा जन्म इस जंगल में हुआ तो पूरा जंगल टन टन टनाटन की आवाज से गूंज रहा था. यह सुनकर सामने बैठी जानवरों की भूखी-प्यासी बेरोजगार अंधभक्त भीड़ को जोश आ गया. सभी चिल्लाए - हम रहें न रहें पर हमारा गधा टनाटन रहे ! टनाटन हमेशा टनटनाटन रहे ! जानवरों के इस धार्मिक समारोह का केलोबेलो कंपनी के सभी न्यूज चैनल सीधा प्रसारण कर रहे थे. जिसे देखकर इंसान भी अभीभूत थे. सभी के मन में भी जोर-जोर से घंटियां बज रही थीं.

# कला के क्षेत्र में संभावनाओं का वर्ष रहा 2023




कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार








**चित्रकला** केवल मनोरंजन न रहकर हमें सोचने के लिये मजबूर करती है. हमारी चेतना को झकझोरती है. 2023 में झारखंड में आयोजित कला प्रदर्शनी या कार्यशाला अपनी उपलब्धियां या कमियां लिए हुए हैं, परन्तु एक भी नई दिशा का निकल पाना प्रदर्शनी की बड़ी उपलब्धि मानी जानी चाहिए. हम सकारात्मक पहलुओं को निरंतर आधार बनाते आये हैं, जिसके परिणाम स्वरूप झारखंड के जाने माने अनेक कलाकारों की ख्याति एवं चर्चा आज राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है. इसी वर्ष सीआर हेम्ब्रम को स्पर्श लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला तो वहीं इन्हें झारखड से पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र का बोर्ड मेंबर भी बनाया गया. आर्ट एक्सप्लोर गैलरी में लगी प्रदर्शनी में इनकी कलाकृति को शामिल किया गया. 1 जनवरी को सिमुरली कला उत्सव में सरोज कुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया. इसी वर्ष इन्हें संस्कार भारती की ओर से झारखंड का सह कला प्रमुख बनाया गया. लोनावाला पुणे में आयोजित कार्यशाला में हरेन ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रही. केसी राय मेमोरियल स्कूल में बनी विशाल कृति और बीआईटी लालपुर में स्क्रैप मैटेरियल से बनी हरेन ठाकुर की कलाकृति भी चर्चा में रही. जहांगीर आर्ट गैलरी मुंबई में रामानुज शेखर की कलाकृति प्रदर्शनी में लगी. 28 जनवरी से 3 फरवरी तक पतरातु में झील की खूबसूरती के बीच द्वितीय जनजातीय एवं लोक चित्रकला शिविर आयोजित किया गया, जिसमें देश भर से आये 70 जनजातीय कलाकारों ने शिविर में भाग लिया. केन्द्रीय जनजातीय कल्याण मंत्रालय के सौजन्य से 16 से 27 फरवरी तक दिल्ली में आयोजित आदि महोत्सव में रांची से गये दिलेश्वर लोहरा ने झारखंड की सोहराय कला से भी देश के विभिन्न राज्यों से आये कला प्रेमी को परिचय कराने का प्रयास किया तो 7 से 12 अगस्त तक गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट, चंडीगढ़ में आयोजित नेशनल प्रिंट मेकिंग वर्कशॉप में झारखंड की सुपरिचित प्रिंट मेकिंग कलाकार हेमलता ने दृश्य और अदृश्य दोनों अभिव्यक्तियों के व्यापक विलेषण के साथ झारखंड की आदिवासी महिलाओं के परिवर्तन के विभिन्न पहलुओं को तलाशने का प्रयास की. वन विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय वन एवं जल दिवस पर रांची में ऑल इंडिया स्प्रिंग आर्ट कैम्प प्रकृति का आयोजन किया गया. इस तीन दिवसीय आर्ट कैम्प में दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और झारखंड के लगभग 60 कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश देने का प्रयास किया. राम दयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान में आयोजित चित्रकला शिविर में झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और उड़ीसा के 40 आदिवासी कलाकारों ने सिद्धू कान्हू के संघर्षों को अपने अपने कैनवास पर उकेरा. 3 से 5 नवम्बर तक आड्रे हाउस में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी में झारखंड के सभी जिलों के 265 स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा बनायी गई करीब 10 से अधिक श्रेणियों मे सैंकड़ों कलाकृतियों को देखने का अवसर मिला. 12 से 15 अगस्त तक जमशेदपुर में आयोजित कला प्रदर्शनी में मुक्ता गुप्ता, विप्लव रॉय, पंकज पाल, जयदेव चटर्जी, सुरभि विश्वास, अशोक मैती, अनुप सिन्हा, एचपी मुखी, शुभेन्दु विश्वास, सुमिता बनर्जी की कलाकृति को रखा गया. इसी वर्ष वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार की ओर से देवघर में एक प्रदर्शनी लगी. पटना में ललितकला अकादमी की ओर आयोजित कार्यशाला में रंजीत कुमार शामिल हुए और सम्मानित भी हुए. इस वर्ष फादर्स डे के अवसर पर आर्ट एण्ड क्राफ्ट कंपनी दुबई द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता में मनीष कुमार महतो की पेंटिंग को बेस्ट पेंटिंग अवार्ड प्राप्त हुआ. 28 अक्टूबर को बिमला आर्ट फॉरम की ओर से अर्पणा कौर आर्ट गैलरी , नई दिल्ली में कला प्रदर्शनी लगायी गई, जिसमें नरेन्द्र पंजियारा की पेंटिंग को भी शामिल किया गया था. साउथ कोरिया और चीन में आयोजित कला प्रदर्शनी में प्रवीण कर्माकर ने अपनी उपस्थिति दर्ज की. विश्व की प्रतिष्ठित चित्रकला प्रतियोगिता क्रिएटिव ब्रिलियंस पिकासो आर्ट कांटेस्ट में रांची के 6 वर्षीय विवान शौर्य ने अपनी कला प्रतिभा के बल पर स्टार आर्टिस्ट का अवार्ड प्राप्त किया. इसी वर्ष श्याम विश्वकर्मा, नरेन्द्र पंजियारा, पावन राय और मार्कण्डेय जजवाड़े को संथाल गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया. इसी वर्ष रांची में आर्ट गैलरी मोक्षम शरणम का शुभारंभ किया गया तो पाकुड़ में जनजातीय कला संग्रहालय का उद्घाटन भी 29 दिसम्बर को किया गया. युगांतर भारती की ओर से मोरहाबादी मैदान में आठ दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ. वाराणसी में आयोजित कार्यशाला में सजित मिंज की उपस्थिति रही. झारखंड में खुली इस आर्ट गैलरी से उम्मीद है कला के अनेक रंगों को पनपने का स्थान मिल पायेगा और झारखंड में कला की सम्भावनाओं के द्वार खुलेंगे. कला भवन, रांची में तीन दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से कलाकारों ने 2023 को अलविदा किया तो 2024 का स्वागत भी कर रहे हैं. पुनश्च, इसी वर्ष मनोज कुमार कपरदार द्वारा झारखंड की कला पर लिखित पहली पुस्तक 'झारखंड की आदिवासी कला' परंपरा प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित हुई.

# आखर

**सृजन के कई पक्षों में रचनात्मक लेखन एक उज्ज्वल पक्ष है. यह रचनाकार को आनंद के अतिरेक से तृप्त करता है और उसे उसके इच्छित परिवर्तनापेक्षी संदेश को वैश्विक पटल पर रखने में सहायता भी करता है. समय अपने तेजस पंखों से ब्रह्मांड में नित नए आयाम जोड़ता हुआ पुराने को पोंछता-मिटाता उड़ा जाता है. समय की इस उड़ान के सापेक्ष सबकुछ क्षरणशील है. जगत का स्वभाव क्षय का है, जो दिखता है, जो सुनाई देता है, उसका क्षय आवश्यक है. ऐसे में जो कुछ शेष रह जाता है, वह सृजन ही है.**



नीरज नीर

## गुजरता साल और झारखंड के साहित्यकार

# समय के खाते में दर्ज सृजन




वर्तमान काल में झारखण्ड में रचनाकारों का एक बड़ा समूह है. कोई भी ऐसा शहर, कस्बा ऐसा न होगा, जिसमें रचनाकारों की कई पीढ़ियां एक साथ सक्रिय नहीं हो. पुराने के साथ नई पीढ़ी के रचनाकार पूरी ऊर्जा एवं उत्साह के साथ झारखण्ड में साहित्य में सृजनरत हैं. हिन्दी साहित्य की शायद ही कोई ऐसी पत्र-पत्रिका राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय पटल पर प्रकाशित होती हो, जिसमें झारखण्ड के रचनाकार न दिखाई दें. जबकि जनसंख्या के हिसाब से यह एक छोटा राज्य है और हिन्दी के अतिरिक्त यहां विविध क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं में भी खूब लिखा पढ़ा जा रहा है.

## अखबारों से नदारद स्थानीय साहित्यकार

हालांकि यह हमारा दुर्भाग्य है कि झारखण्ड से किसी बड़ी स्तरीय साहित्यिक पत्रिका का प्रकाशन नहीं होता है. सरकार के स्तर पर भी यहां साहित्य के उन्नयन लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है और यहां के ज्यादातर अखबार भी साहित्य के नाम पर या तो कन्नी काट ले रहे हैं या बाहर के लेखकों को ही प्रश्रय देते हैं. साहित्य अकादमी की स्थापना को लेकर सरकार के द्वारा जो गतिविधियां झारखण्ड साहित्य अकादमी स्थापना संघर्ष समिति के प्रयासों से शुरू हुई थी, वह भी फिलहाल स्थिर सी जान पड़ती है.

## ये पुस्तकें प्रकाशित हुईं

अगर वर्ष 2023 की बात करें तो इस वर्ष झारखण्ड के अनेक स्थापित और कुछ नवोदित रचनाकारों की पुस्तकें प्रकाशित हुईं, कुछ लोग देश के विभिन्न स्थानों पर पुरस्कृत भी हुए. कविता की किताबों की अगर बात करें तो शिरोमणि महतो का संकलन "सभ्यता के गुणसूत्र" इस वर्ष अनुज्ञा बुक्स से प्रकाशित हुआ. सत्या शर्मा "कीर्ति का कविता संग्रह "वक्त कहाँ लौट पाता है", भी इसी वर्ष प्रकाशित हुआ. नंदा पांडे का काव्य संग्रह मनरंगना इस वर्ष के जाते हुए महीने की उपलब्धि रही. अनुराग अन्वेषी का कविता संग्रह चिड़िया का है बहेलिए से रिश्ता आधुनिक भी इसी वर्ष आया. नरेश अग्रवाल का काव्य संग्रह "मां की हंसी के लिए पासवर्ड" भी जाते वर्ष की उपलब्धि रही.

वरिष्ठ लेखकों में महत्वपूर्ण प्रकाशन रहा वयोवृद्ध लेखक अशोक प्रियदर्शी का चिर प्रतीक्षित उपन्यास "जंगल" का प्रकाशन. छोटे कलेवर का यह उपन्यास अनन्य प्रकाशन से प्रकाशित हुआ एवं अपनी रोचकता एवं कुछ अनछुए पहलुओं को कथा के माध्यम से सामने लाने के लिए पाठकों के द्वारा पसंद भी किया गया.

जयनन्दन का कथा संग्रह "कस्तूरी पहचानों वत्स" इस वर्ष के प्रारंभ में प्रलेक प्रकाशन से प्रकाशित होकर आया. पंकज मित्र का कथा संग्रह जिसकी हिन्दी साहित्य जगह में पर्याप्त चर्चा हुई "एक हँसोड़ का हलफ़नामा" इस वर्ष प्रकाशित हुआ. उनकी कहानियों का एक और संकलन "आधा खखड़ी आधा धान" भी इसी वर्ष प्रकाशित हुआ.

वरिष्ठ आलोचक रविभूषण जी के लेखों का संग्रह "आजादीः सपना और हकीकत" इस वर्ष की महत्वपूर्ण किताब रही, जो अभिधा प्रकाशन से प्रकाशित हुई. वरिष्ठ आदिवासी लेखक महादेव टोप्पो के लेखों का महत्वपूर्ण संग्रह "आदिवासी विश्व चेतना" भी इसी वर्ष प्रकाशित हुई. वे इसी वर्ष केन्द्रीय साहित्य अकादमी एवं सेंटर फॉर ओरल एंड ट्राइबल लिटरचर के सदस्य भी नियुक्त हुए. वरिष्ठ लेखक विद्याभूषण जी की दो पुस्तकें एक उनके लेखों का संग्रह "कलम को तीर होने दो" और दूसरा उनका उपन्यास "न कोई मील ना कोई पत्थर" इस वर्ष प्रकाशित हुए.

प्रखर आध्यात्मिक चिंतक एवं लेखक मयंक मुरारी की दो किताबें, "भगवा ध्वज" और "जंबू द्वीपे भारत खंडे" इस वर्ष वाणी प्रकाशन से प्रकाशित होकर आई. उनके आध्यात्मिक लेख वर्ष भर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे. इसी क्रम में रामचन्द्र ओझा का नाम उद्धृत किया जाना आवश्यक है, जिनके वैचारिक आलेख विभिन्न माध्यमों से वर्ष भर अपनी विशिष्ट उपस्थिति दर्ज कराते रहे.

अनीता रश्मि के दो कथा संकलन "हवा का झोंका थी वह" विद्या विहार, दिल्ली (प्रभात प्रकाशन) से और "मेरी प्रिय कहानियां" न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, दिल्ली से इस वर्ष प्रकाशित होकर आए. साहित्य कर्म में वे निरंतर सक्रिय रहीं एवं उनकी रचनाएं लगातार विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहीं.

मुकुंद रविदास के खोरठा कविताओं का संकलन कोयला आर माटी इस वर्ष प्रकाशित हुआ. ललन चतुर्वेदी का कविता संकलन "ईश्वर की डायरी" और रजनी गुप्त का संग्रह "दस्तक एवं "एक मुक्त आकाश" इस वर्ष प्रकाशित हुआ. रांची के महत्वपूर्ण गजलकार हिमकर श्याम के गज़लों का संग्रह "दिल बंजारा" भी इसी वर्ष प्रकाशित हुआ. जामताड़ा की सरिता सिंह का काव्य संकलन "मिट्टी बची रहे" भी इसी वर्ष प्रकाशित हुआ.

रामगढ़ के लेखक सुशील स्वतंत्र का उपन्यास "त्रिलोकपति रावण" जो रावण के चरित्र पर आधारित है एवं चार खंडों में है, इसी वर्ष प्रकाशित होकर आया. सुशील स्वतंत्र ने रामगढ़ में ही स्वतंत्र प्रकाशन के नाम से साहित्य की पुस्तकों के प्रकाशन का भी काम शुरू किया है. झारखण्ड में इस तरह के प्रकाशन की कमी पिछले लंबे समय से महसूस की जा रही थी. स्वतंत्र प्रकाशन ने इस वर्ष स्थानीय साहित्यकारों की कई पुस्तकों का प्रकाशन भी किया है, जिसमें प्रवीण परिमल की किताब "कैसा जल्लाद समय है" महत्वपूर्ण है, जिसका लोकार्पण पटना के पुस्तक मेले में किया गया. इसी प्रकाशन से राकेश कुशवाहा के काव्य संग्रह "महुआ और पलाश" तथा बलराम सिंह दाऊ की पुस्तक "मुखौटा" का प्रकाशन भी हुआ.

कुमार संजय की तीन नाट्यपुस्तकें भी इस इस वर्ष के महत्वपूर्ण प्रकाशन रही. उनकी तीन किताबें "आत्महत्या की तैयारी", भागकर शादी और प्रेमचंद की 25 श्रेष्ठ कहानियों का नाट्य रूपांतरण इस वर्ष प्रकाशित हुए. गीता चौबे गूंज निरंतर लिख रही हैं एवं पिछले कुछ वर्षों में उनकी कई किताबें प्रकाशित हुई हैं. इस वर्ष उनका उपन्यास "लंबी होती परछाइयाँ" इंडिया नेटबुक्स से प्रकाशित होकर आया.

देवघर के अनिल कुमार झा की किताब "बात-बात में", शंकर मोहन झा की दर्द हायफन सा और रविशंकर शाह की पुस्तक धूल भरी चाँदनी भी इसी वर्ष प्रकाशित होकर आई. इसी क्रम में रामगढ़ की डॉ शारदा प्रसाद का कविता संकलन "मौन के स्वर'' जो इस वर्ष प्रकाशित होकर आया का उल्लेख जरूरी है.

वीणा श्रीवास्तव बच्चों की परवरिश और उनके स्वस्थ लालन-पालन पर लगातार अखबारों एवं पत्रिकाओं में कॉलम लिखती रही हैं. इसी विषय पर उनके लेखों के दो संग्रह " परवरिश करें तो कैसे करें" और "खिलखिलाता बचपन" इस वर्ष प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित होकर आए.

अगर जमशेदपुर की बात करें तो संदीप मुरारका विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले जनजातीय व्यक्तिवों पर लगातार लिख रहे हैं. इस विषय पर उनकी कई किताबें आ चुकी हैं. उनका यह कार्य निश्चय ही महत्वपूर्ण है. इसी श्रृंखला में एक किताब इस वर्ष भी आई साथ ही एक भारी-भरकम और खूबसूरत एवं संग्रहणीय काफ़ी टेबल बुक भी इस वर्ष प्रकाशित हुआ. जमशेदपुर के ही बसंत जमशेदपुर का काव्य संग्रह "महकती हुई रात होगी", शीतल प्रसाद दुबे का शकुंतला एवं अग्निपथी छत्रपति महत्वपूर्ण प्रकाशन रहे. जमशेदपुर की युवा साहित्यकार अंकिता सिन्हा की पुस्तक आकांक्षा एवं मेरी दुनिया मेरी मां इस वर्ष प्रकाशित हुईं. उन्हें इस वर्ष स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान भी मिला. जमशेदपुर की ही वीणा पाण्डेय भारती की साहित्यिक गतिविधियां भी रेखांकित किए जाने के लायक हैं, उनकी काव्य पुस्तक "स्वयं प्रभा के आंगन से" एवं बाल काव्य संग्रह "नटखट बचपन" इसी वर्ष प्रकाशित होकर आए.

गिरिडीह की संस्था साहित्योदय ने इस वर्ष धार्मिक विषयों पर कविताओं के कई संकलन प्रकाशित करवाए एवं देश के विभिन्न धार्मिक स्थानों पर जाकर पुस्तकों का लोकार्पण किया.

इन पंक्तियों के लेखक का भी एक कथा संकलन "थके पांव से बारह कोस" इस वर्ष ज्ञान गंगा प्रकाशन, नई दिल्ली से प्रकाशित हुआ.

**मंचों पर उपस्थिति :**

सरोज झा झारखंडी, सुरिंदर कौर नीलम, प्रवीण परिमल, शालिनी साहिबा, नवीन अग्रवाल, आफताब अंजुम, नरेश बंका, डॉ रजनी शर्मा चंदा, डॉ राजश्री जयंती, कल्याणी झा, रेणुका झा रेणु, पंकज प्रियम आदि.

जिन रचनाकारों की रचनाएं वर्ष भर देश की प्रतिष्ठि पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहीं उनमें राकेश कुमार सिंह, विनय सौरभ, अनिल अनलहातू, रश्मि शर्मा, सारिका भूषण, मुक्ति शाहदेव, नीलोत्पल रमेश, कमलेश, प्रणव प्रियदर्शी, महेश कुमार केशरी, कविता विकास, पार्वती तिर्की, सत्या शर्मा, विनीता परमार, अनिल किशोर सहाय, नरेश अग्रवाल, सुशील स्वतंत्र, राजेश पाठक, नेतलाल यादव, रेणु झा, कल्याणी झा, रेणु त्रिवेदी मिश्रा, डॉ कल्याणी कबीर, डॉ संगीता नाथ, सुशील स्वतंत्र, विजय राज विद्रोही, कृष्णा गोप, माधवी उपाध्याय, श्यामल बिहारी महतो, सुजाता कुमारी आदि के नाम प्रमुख हैं.



**रतन वर्मा :** बनारसी दास भोजपुरी सम्मान (कहानी)



**विनय सौरभ :** बनारसी दास भोजपुरी सम्मान (कविता)



**मयंक मुरारी :** सिद्धनाथ प्रसाद स्मृति सम्मान



**मयंक मुरारी :** सिद्धनाथ प्रसाद स्मृति सम्मान



**नंदा पाण्डेय :** स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान





**अनीता रश्मि :** इंडिया नेटबुक्स पुरस्कार बीपीए कथा रत्न सम्मान. साथ ही जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान



**नरेश अग्रवाल :** निर्मल मिलिंद पुरस्कार



**नीरज नीर :** गोवर्द्धन लाल चौमल अखिल भारतीय कहानी पुरस्कार



**नीलोत्पल रमेश :** जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान

## ऐ बीते साल



रतन वर्मा

ऐ बीते साल,
तुझे मैं बीता कैसे मान लूं ?
लोग कहते हैं
तुम हर वर्ष बीतते हो
लेकिन मैं कहता हूं
जब से हमारे जन्म का पहला क्षण शुरू होता है,
हर क्षण हमें सींचते रहे हो.
हमें बीज से अंकुर
अंकुर से पौधा
और पौधे से वृक्ष बनाते रहे हो.
ऐसे में,
ऐ बीते साल
तुझे मैं बीता कैसे मान लूं ?
कैसे बिसरा दूं, उन क्षणों को
जिनने प्रेयसी बन मुझे अपनी बांहों में समेटे रखा
मुझे चूमा, दुलराया,
अपने दिल में बसाये रखकर
जीने और जिजीविषा बनाये रखने का सलीका सिखाया !
जब मेरी सांसें निराश होने लगीं,
तुमने यह सुनते हुए भी
कि अब तुम बीत रहे हो,
अपनी सांसों की गर्माहट देकर
मुझे जिलाये रखा
और आगे भी जीते जाने की राह दिखायी.
ऐसे में ऐ मेरे अज़ीज़ ,
तथाकथित बीते साल,
तुम्हीं तो मेरे जीवन की हकीक़त हो
बल्कि कहूं तो,
मेरे वजूद के रोम-रोम में तुम ही तो समाहित हो.
और आने वाला साल ?
वह तो किसी सपने जैसा ही है न मेरे लिए !
जिसकी कोख में,
पता नहीं, मेरे लिए विष भरा है या संजीवनी ?
जो प्यार और समर्पण तुमने बरसाये रखे मुझपर
क्या पता
नए साल के दामन में
उसका कोई कतरा भी मेरे लिए सुरक्षित होगा या नहीं ?
ऐसे में,
ऐ तथाकथित बीते साल,
तुझे मैं बीता कैसे मान लूं?
क्योंकि तुम्हीं तो मेरी हकीकत हो
और आने वाला साल किसी रहस्य जैसा .

## नया साल



रश्मि शर्मा

चीरकर धुंध
बिखरेगी उजली किरण
बीता वक्त
पुराने अखबार की तरह
तह कर कहीं रख दिया जाएगा
खुशियां
चिड़ियों सी चहचहाती आयेगी
सब खिला - खिला होगा
जब नया साल आएगा !

## पाथेय

पूरे साल
दिल में बसाकर रखी
उसकी आंखों की मुस्कराहट
होंठों में जो रह गया, वो अनकहा
यही पाथेय, यही प्राणवायु
अब ये है थाती
बरस हो या जीवन
जिंदगी दरियादिल है
मुस्कान के लिए है इतनी वजह बहुत.

## एक उम्मीद



विनय सौरभ

हमारा संघर्ष
हमारा प्यार
हमारा अपनापा
हमारी संवेदनाएं
हमारी स्मृतियों की ऊर्जा
हमारी कविताएं
अदृश्य शक्तियों से की जाने
वाली प्रार्थनाएं हमारी
और मंगल कामनाओं में लिपटे हुए हमारे शब्द
बचाते ही रहेंगे वह सब कुछ
जिन्हें खत्म करने पर मुब्तिला है
इस दुनिया के सारे तानाशाह.

## जाता हुआ दिसंबर



चारुमित्रा

जाता हुआ दिसंबर
वैसा ही प्रतीत होता
जैसा घर का बूढ़ा बरगद
साथ बीते साल की यादें
विरह, गम -खुशी
अपने में समेटे बेहाल है
नए साल जनवरी को
गले लगाने को.
जनवरी भी डरी-सहमी है
कि दिसंबर का साथ जब छूटेगा
तो जनवरी को ही रखना होगा.
सब का ख्याल
और वह कामना करने लगती
ईश्वर से
खुश हो सभी के लिए
नया यह साल.

## नई सुबह का इंतज़ार



वीना श्रीवास्तव

तारीख़ रोज़ बदलती है
दिन भी बदलता है रोज
क्या हुआ जो आज है 31 दिसंबर
और कल होगा
पहली जनवरी का ओज.
विदा करो दुख, तकलीफ़ों को
स्वागत करो आशाओं, भावनाओं
सपनों की नई राहों का.
नई राहों पर थकना मना है
विश्राम; विश्राम भर हो, विराम नहीं
देखो, सूरज कितना थक गया है
पश्चिमी सभ्यता में डूब गया है
उठो सूरज, तुम्हें थकना मना है
तुम्हारे कंधों पर ही है सृष्टि का भार
तुम थक गए तो कहां से आएगा उजाला
हमारे जीवन, हमारी सोच, हमारे कर्मों में.
देखो, चिड़ियाएं कैसी दुबककर बैठी हैं
उन्हें नहीं है इंतज़ार पहली जनवरी का
किसी नए साल का
उन्हें इंतज़ार है उस नई सुबह का
जब उन्हें मिले मुक्ताकाश
जब उनके उड़ान पथ हों धुंध विहीन
बादल उनके लिए अवरोध ना बनें
फटकर जीवन ना बर्बाद करें
बस, उन्हें इतनी ही दरकार है
किसी पहली जनवरी का नहीं
नई सुबह का इंतज़ार है.

## और वह चला गया...!



नंदा पाण्डेय

एक भरे हुए जख्मों की तरह
अंततः वह चला ही गया
यह कहते हुए कि,
फिर कभी नहीं आऊंगा
फिर कभी नहीं मिलूंगा
पुकार कर देखना कभी
किसी प्रियतम की तरह,
मैं तुम्हारे लबालब आंखों की ताल में
मुस्कुराते हुए दिखूंगा.
बो कर वक्त के होंठों पर
कुछ यादें, कुछ वादे
कुछ उदासियां, कुछ सिसकियां
हम फिर कभी नहीं मिलेंगे
कहते हुए वह चला गया.
जिंदगी के हर सफे पर
उसकी वजह से हंसना, गाना
रोना, मुस्कुराना, सब याद आएगा.
बीते कल के अंधेरों में
आने वाले कल की रोशनी को
हम सबके लिए छोड़ कर वह चला गया,
जख्मों के जखीरे को पहलू में समेट कर
समंदर की हर बूंदों को
हमारी बांहों में हमेशा के लिए छोड़ कर
एक अतिथि की तरह वह चला गया.
वह चला गया
हमारी स्थिर अडोल आंखों के गणित में
एक प्रायश्चित छोड़ कर
हमेशा के लिए अंततः
वह चला ही गया...२०२३

## नववर्ष की शुभकामना



रश्मि सिंह

बस थोड़ी सी देरी है,
नया साल फिर आने को है
कितनी यादें छोड़ यहीं पर,
आज पुराना जाने को है
बस थोड़ी सी देरी है
कितनी खुशियां, कितनी सीखें,
कितने आह और कितनी टीसें,
कितने आए खुशियां लेकर,
चले गए कई हमें रुलाकर
जाते-जाते साल ये तत्पर,
हमें सत्य राह दिखलाने को है.
बस थोड़ी सी देरी है
नया साल फिर आने को है.
चलो याद करें उन वादों को,
जो हमने किए किसी से थे.
याद करें उन लम्हों को,
जिए जो संग किसी के थे,
आओ सींचें उन रिश्तों को,
जो अब कुम्हलाने को है.
बस थोड़ी सी देरी है,
नया साल फिर आने को है.
कितना कुछ ये साल दे गया,
जाने कितना अब भी बाकी है,
आशा का दामन रखना बस थामे,
ढेरों खुशियां अब भी बाकी है,
नए साल में फिर नए जतन से
जीने की जद्दोजहद बाकी है.
लो समेट दामन में अपने,
हर वो पल, जो छिन जाने को है,
बस थोड़ी सी देरी है
नया साल फिर आने को है.
कितनी यादें छोड़ यहीं पर
आज पुराना जाने को है
बस थोड़ी सी देरी है.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### विभाग ने 13 जिलों में आरेंज अलर्ट किया जारी

**पटना।** बिहार में नव वर्ष का स्वागत बारिश से हो सकता है. मौसम विज्ञान केंद्र ने पटना सहित 13 जिलों में घने कोहरे का आरेंज अलर्ट जारी किया है जबकि 18 जिलों में मध्यम दर्जे के कोहरे की चेतावनी है. मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक एक जनवरी की शाम या दो जनवरी को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. हालांकि, तीन और चार को भी बारिश के आसार जताए गए हैं. इधर, खराब मौसम के चलते पटना-कोटा 14 घंटा विलंब से चल रही है. श्रमजीवी एक्सप्रेस 2.30 घंटे विलंब से चल रही है. सबसे ज्यादा खराब स्थिति दिल्ली से आने एवं जाने वाली ट्रेनों की है.

### चोरी हुई 35 में 30 मोबाइल हुआ बरामद

**किशनगंज।** सदर थाना क्षेत्र से बीते कुछ माह में चोरी हुए व गुम हुए विभिन्न कंपनियों के 35 में 30 मोबाइल को पुलिस ने विभिन्न स्थानों से बरामद किया है. लगातार हो रही मोबाइल चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लिया. मोबाइल की बरामदगी को लेकर एसपी डॉ इनाम उल हक मेगनु के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया था. शनिवार को ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद मोबाइल को एसपी मेगनु के निर्देश पर लोगों को दिया गया. फिलहाल 28 लोगों को मोबाइल दिया गया. इस तरह के मामले बीते छह माह में विभिन्न थानों में दर्ज हुए थे.

### नाबालिग को अगवा कर युवक ने किया दुष्कर्म

**बांका।** बांका में दुष्कर्म का मामला सामने आया है. जहां चांदन प्रखंड के आनंदपुर ओपी अंतर्गत एक नाबालिग लड़की को आरोपी जबरन घर से उठाकर जंगल में ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. जांच के बाद मामला सही पाये जाने पर प्राथमिकी दर्ज कर पीड़ित लड़की को मेडिकल जांच के लिए बांका भेजा गया और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है. घटना की लिखित आवेदन में जानकारी देते हुए पीड़ित लड़की के पिता ने कहा कि मंगलवार शाम को मेरी 16 वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी.

### गुस्साए लोगों ने जमकर किया हंगामा, किया रोड जाम

# जदयू विधायक ने बीच सड़क पर युवक को जड़ दिया थप्पड़

**संवाददाता। भागलपुर**

जदयू के बड़बोले विधायक गोपाल मंडल ने बीच सड़क पर ही एक व्यक्ति को थप्पड़ जड़ दिया. मामला भागलपुर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र का है जहां शनिवार की सुबह लोग सड़क दुर्घटना में मृत एक किसान के लिए मुआवजा मांग रहे थे, जिसके लिए उन्होंने सड़क जाम किया था. गोपाल मंडल के थप्पड़ जड़ने के बाद हंगामा मच गया. आक्रोशित लोग सड़क पर बैठ गए. जीरो माइल चौक पर लोगों ने खूब हंगामा किया. बताया जाता है कि शनिवार की सुबह एक ट्रक ने एक अधेड़ व्यक्ति को रौंद दिया. मृतक की पहचान परबत्ता निवासी मनोज कुमार मंडल (45 वर्ष) के रूप में की गई.

घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने ट्रक को घेर लिया और खलासी को पकड़ लिया. लोगों ने टायर जलाकर हंगामा करना शुरू कर दिया. परिजन मुआवजे की मांग कर रहे थे और शव नहीं उठाने दे रहे थे. उसी वक्त गोपालपुर विधानसभा से जदयू के विधायक गोपाल मंडल पहुंच गए. मृतक उनके विधानसभा क्षेत्र का ही रहने वाला था. गोपाल मंडल ने पहुंचते ही शव उठाने के लिए लोगों से कहा, लेकिन आक्रोशित लोग मानने के लिए तैयार नहीं थे. इतने में गुस्से से लाल हुए गोपाल मंडल ने एक परिजन को थप्पड़ जड़ दिया.



**सुबह सात बजे के आसपास की है घटना**

यह घटना भागलपुर के जीरो माइल चौक पर सुबह सात बजे के करीब की है. बता दें कि गंगा पार नवगछिया की ओर से साइकिल पर केला लादकर उसे बेचने के लिए रोज किसान आते हैं. शनिवार को जब जीरो माइल चौक के पास से मनोज कुमार मंडल साइकिल पर केला लादकर गुजर रहे थे तो अचानक एक तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. गोपाल मंडल का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. हालांकि गोपाल मंडल ने सफाई दी है कि उन्होंने अपने आदमी को मारा है. वो लोगों को समझा रहे थे तो उनका आदमी समझाने नहीं दे रहा था. कहने लगे कि हम चुनाव लड़ने वाले हैं, आम पब्लिक को क्यों थप्पड़ मारेंगे? हम तो कह रहे थे कि पांच लाख मुआवजा दिलवा देंगे. लोग नहीं मान रहे थे. डीएम को बुलाने की मांग कर रहे थे. सरकार के हम आदमी हैं.

### नीतीश के सामने सत्येंद्र व श्रवण में बहस, हंगामा

**पटना/ नई दिल्ली।** जनता दल यूनाइटेड में उथल-पुथल की खबरों के बीच शनिवार को दिल्ली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने ही मंत्री और जदयू के उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार और उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र पटेल के बीच बहस हो गई. सत्येंद्र पटेल और श्रावण कुमार आपस में उलझ गए. दोनों के बीच जिस समय उलझन शुरू हुई उस दौरान सीएम नीतीश भी वहीं मौजूद थे. बावजूद इसके दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर जुबानी प्रहार किया. बैठक में सत्येंद्र पटेल ने श्रवण कुमार की कार्यशैली पर सवाल उठाए. दोनों के बीच तनातनी को देखते हुए बीच-बचाव के लिए खुद सीएम नीतीश को बीच में आना पड़ा. दोनों के बीच स्थिति तनावपूर्ण होता देख सीएम नीतीश कुमार ने दोनों को समझाया कि मिलकर काम करें. उन्होंने दोनों नेताओं के लिए कहा कि एकजुट होकर संगठन और पार्टी के लिए काम करें. हालांकि, इस दौरान वहां मौजूद कई जदयू नेता भी हतप्रभ रह गए. पहले से ही जदयू में खेमेबाजी और गुटबंदी की खबरें चल रही हैं.

### कैदी की आत्महत्या मामले में तीन निलंबित

**पटना।** पटना में आत्महत्या के मामले में एसपी ने कार्रवाई की है. एक शख्स को लोगों ने साइकिल चोरी के आरोप में रामनगरी से पकड़ा गया था जिसके बाद उसकी पिटाई कर राजीव नगर थाने को सुपुर्द किया गया था. मामला गुरुवार का है, साइकिल चोरी करते रंगे हाथ सानू प्रताप को पकड़ा गया था, वहीं शख्स ने थाना परिसर में ही आत्महत्या कर ली. इस मामले में पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने बड़ी कार्रवाई की है. दो दारोगा समेत एक सिपाही को निलंबित कर दिया गया है. बता दें कि गुरुवार को रामनगरी मोर से सानू प्रताप को साइकिल चोरी करते हुए रंगे हाथ स्थानीय लोगों ने पकड़ा लिया था.

### आओ जानें

## बिहार : सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| बिहार का विभाजन किस वर्ष हुआ था | – 15 नवम्बर 2000 |
| बिहार का देश में कौन सा स्थान है | – ग्यारवां 11 वां |
| शहरी क्षेत्र कितने वर्ग किमी में फैला है | – 1,095.49 वर्ग किमी |
| ग्रामीण क्षेत्र कितने वर्ग किमी में फेला है | – 92,257.51 वर्ग किमी |
| बिहार की राजभाषा है | – हिन्दी |
| बिहार की वर्तमान राजधानी है | –पटना |
| बिहार में गांवों की संख्या कितनी है | – 44,874 |
| बिहार में विस सदस्यों की संख्या कितनी है | – 242 |
| विप सदस्यों की संख्या कितनी है | – 75 |
| लोस सदस्यों की संख्या कितनी है | – 40 |
| बिहार में प्रमंडलों की संख्या कितनी है | – 9 |
| बिहार का क्षेत्रफल फैला है | – 94,163 वर्ग किमी |
| बिहार का क्षेत्रफल | – 86 % |
| बिहार में सिंचाई का मुख्य साधन क्या है | – नहरें |

### तीसरे विश्व युद्ध की तैयारी में है दुनिया : दलाई लामा



**गया।** बोधगया में बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा की दूसरे दिन की टीचिंग हुई. दलाई लामा टीचिंग को विश्व भर के पांच दर्जन से अधिक देशों के 60 हजार से अधिक बौद्ध श्रद्धालुओं ने सुना. इस दौरान दलाई लामा ने कहा कि आज दुनिया में देखें तो पहले विश्व युद्ध, दूसरे विश्व युद्ध के बाद अब तीसरे विश्व युद्ध की तैयारी है. लामा ने टीचिंग में दुनिया को व्याप्त हो रही समस्याओं पर सचेत किया. उन्होंने कहा कि हमें एक होना चाहिए.

## मंत्री न बन पाने के गुस्से में ललन ने लालू से मिलाया हाथ : मोदी

**संवाददात। पटना**

राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि केंद्र में मंत्री नहीं बनाये जाने के गुस्से में बदला लेने के भाव से ललन सिंह ने लालू प्रसाद से नजदीकी बढ़ायी, भाजपा से गठबंधन तोड़वाया, आरसीपी सिंह को पार्टी से निकलवाया और जदयू को लगभग बर्बाद कर दिया, सारा खेल कुर्सी का था. मोदी ने कहा कि भले ही ललन सच से इनकार करें और मीडिया को कानूनी कार्रवाई की धमकी दें, लेकिन मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री नहीं बन पाने की हताशा से वे उबर नहीं पाए. उनके पूरी राजनीति प्रतिशोध से भरी रही. उन्होंने कहा कि लालू को जिस चारा घोटाला के चार मामलों में सजाएं हुईं और वे चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित कर दिये गए, उस मामले में याचिकाकर्ता ललन सिंह भी थे. लालू परिवार के विरुद्ध नौकरी के बदले जमीन मामले में सारे दस्तावेजी सबूत ललन सिंह ने ही तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह तक पहुंचाये थे. सीबीआई उसी के आधार पर कार्रवाई कर रही है. उन्होंने कहा कि जो ललन नीतीश कुमार की जानकारी में लालू को जेल भिजवाने के लिए सारे तिकड़म कर रहे थे.

### पटना पहुंचे राजद सांसद मनोज झा ने कहा

## नीतीश ने कमान संभाली, अच्छी बात

**संवाददाता। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू में शुक्रवार को बड़ा फेरबदल हुआ. दिल्ली में बैठक के बाद ललन सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और मुख्यमंत्री को इस पद की जिम्मेदारी मिल गई. इसको लेकर बीजेपी ललन सिंह, लालू और तेजस्वी का नाम लेते हुए कई तरह के आरोप लगा रही है. इधर, शनिवार को पटना पहुंचे राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि किसी दल के आंतरिक मामलों पर मीडिया को इतनी दिलचस्पी क्यों है? अगर ऐसा है तो मैं समझता हूं कि लोकतंत्र बचा रहेगा, लेकिन इतनी दिलचस्पी जेपी नड्डा के भी बदले जाने पर मीडिया को होनी चाहिए. किसी दल के रूप में जदयू की कमान नीतीश कुमार ने संभाली यह अच्छी बात है.

**गिरिराज सिंह पर निशाना साधा :** मनोज झा ने गिरिराज सिंह के बारे में कहा कि बिहार को लेकर भाजपा में खासतौर पर बेचैनी है. एयरपोर्ट पर पत्रकारों से ही मनोज झा ने कहा कि पीछे से गिरिराज सिंह भी आ रहे हैं, उनसे पूछ लीजिएगा, वह बताएंगे झटका क्या है और हलाल क्या है. पाकिस्तान किसको भेजा जाए. वहीं, दूसरी ओर राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह ने देवी देवताओं को लेकर फिर विवादित बयान दिया है. इस पर मनोज झा ने कहा, एक अभिव्यक्ति की आजादी है, क्या बोला जाए. हालांकि हर बात को बोलने का दायरा बना हुआ है, लेकिन मैं चिंतित हूं इस बात को लेकर कि अगर आप लोग (मीडिया) के सामने कबीर भी आ जाए तो उनके सामने यह माइक लगाकर आप पूछेंगे कि यह क्या बोल रहे हो.

## आठ साइबर अपराधी गिरफ्तार, 9 मोबाइल और प्रिंटर जब्त किए गए

**संवाददाता। नवादा**

नवादा पुलिस ने साइबर बदमाशों के एक बड़े गिरोह का खुलासा किया है. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आठ साइबर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही 9 मोबाइल, एक प्रिंटर समेत कई दस्तावेज भी बरामद किए गए. शनिवार को साइबर थाना नवादा में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यालय डीएसपी सह साइबर थाना अध्यक्ष कल्याण आनंद ने कार्रवाई की जानकारी दी. गुप्त सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुरमा गांव में बगीचे में बैठकर साइबर गिरोह के बदमाश ने ऑल इंडिया प्रेग्नेंट जॉब के नाम पर लोगो से बैठकर ठगी कर रहे थे. सूचना मिलते ही टीम का गठन कर दलबल के साथ गुरमा गांव में बगीचे की घेराबंदी कर छापेमारी की गई.

छापेमारी की क्रम में 9 मोबाइल, एक प्रिंटर को बरामद किया गया. उन्होंने बताया कि बगीचे से शत्रुध्न कुमार, राजेश कुमार, प्रभात वर्मा, कवि प्रसाद, गोपाल दास रविदास, अनिल चौधरी, अजय कुमार, लक्ष्मण कुमार को गिरफ्तार किया गया.

## कारोबार

### 737 मैक्स विमानों के हार्डवेयर की जांच करें

**नयी दिल्ली।** बोइंग ने एयरलाइंसों से बी737 मैक्स विमानों के हार्डवेयर में ढीले कलपुर्जों की जांच करने की सिफारिश की है. इससे पहले एक अंतरराष्ट्रीय परिचालक ने नियमित रखरखाव के दौरान पाया था कि एक बोल्ट का नट गायब है. इसके बाद उक्त सिफारिश की गई. बोइंग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एक विमान में पहचानी गई समस्या का समाधान कर लिया गया है. भारत में तीन एयरलाइनों-अकासा एयर, स्पाइसजेट और एयर इंडिया एक्सप्रेस-के बेड़े में बी737 मैक्स विमान हैं.

### एफडी को भुनाने पर अंतरिम रोक लगाई

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने आयकर विभाग के कॉग्निजेंट टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की 2,956 करोड़ रुपये से अधिक की सावधि जमा (एफडी) को भुनाने पर अंतरिम रोक लगा दी है. आयकर विभाग लगभग 6,000 करोड़ रुपये की मौजूदा कर देनदारी के बदले इस एफडी को भुनाने जा रहा था. न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की खंडपीठ ने राजस्व विभाग की वसूली कार्यवाही को चुनौती देने वाली फर्म की याचिका पर सुनवाई करते हुए कुछ शर्तों के साथ अंतरिम रोक लगा दी.

### बंगलूरू-कोलकाता से जोड़ेगी एयरलाइन

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा कि बंगलूरू-अयोध्या और कोलकाता-अयोध्या मार्ग पर उड़ानें 17 जनवरी से शुरू की जाएंगी. एयरलाइन शनिवार को अयोध्या और दिल्ली के बीच अपनी पहली उड़ानों का संचालन करेगी. एयर इंडिया एक्सप्रेस ने शुक्रवार को कहा कि वह 17 जनवरी से अयोध्या को बंगलूरू और कोलकाता से जोड़ने वाली सीधी उड़ानें शुरू करेगी. इस महीने की शुरुआत में एयरलाइन ने अयोध्या और दिल्ली के बीच सीधी उड़ान की भी घोषणा की थी. एयरलाइन ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बंगलूरू-अयोध्या और कोलकाता-अयोध्या मार्ग पर उड़ानें 17 जनवरी से शुरू की जाएंगी.

### सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,64,28,846.25 करोड़ रुपया हो गया

## इस साल बीएसई सेंसेक्स ने 18.73% की बढ़त बनायी

**भाषा। नयी दिल्ली**

कारोबारियों के लिए शेयर बाजार 2023 यादगार वर्ष रहा. सकारात्मक कारकों के दम पर शेयर बाजार में शानदार तेजी रही और निवेशकों की संपत्ति इस साल 81.90 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई. विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद, तीन राज्यों में हाल ही में हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत से राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद, आशावादी कॉरपोरेट आय दृष्टिकोण, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अगले साल दरों में तीन संभावित कटौती के संकेत और भारी खुदरा निवेशकों की भागीदारी ने 2023 में शेयर बाजार में तेजी लाने में अहम भूमिका निभाई. इस साल 30 शेयरों वाले सूचकांक बीएसई सेंसेक्स ने 11,399.52 अंक यानी 18.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की.

इस तेजी की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस साल 81,90,598.32 करोड़ रुपये बढ़कर 3,64,28,846.25 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया. पिछले साल 2022 में निवेशकों की संपत्ति 16.38 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ी थी. स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा कि भारतीय बाजार ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया और व्यापक उभरते बाजारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में से एक बनकर उभरा है. उन्होंने कहा कि 2023 न केवल भारतीय शेयर बाजार के लिए एक अच्छा साल रहा, बल्कि खुदरा निवेशकों को भी इस साल तगड़ा मुनाफा हुआ. न्याति ने कहा कि खुदरा निवेशक अब गिरावट के दौरान घबराते नहीं हैं. वे आत्मविश्वास से अपने निवेश को बरकरार रख रहे हैं और भारत की आर्थिक उन्नति के साथ चलने को तैयार हैं. भारतीय बाजारों ने इस साल उस समय अपनी उपलब्धियों में और इजाफा किया जब बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन इस साल 29 नवंबर को पहली बार 4,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया.

बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 24 मई, 2021 को 3,000 अरब डॉलर पर पहुंचने के बाद उसे 4,000 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने में सिर्फ ढाई साल लगे. साल 2023 के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स में गिरावट आई क्योंकि निवेशकों ने हालिया तेज उछाल के बाद मुनाफावसूली को प्राथमिकता दी. सेंसेक्स 170.12 अंक गिरकर 72,240.26 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 47.30 अंक की गिरावट के साथ 21,731.40 पर बंद हुआ. मोतीलाल ओसवाल ब्रोकिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन ने एक बयान में कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत से 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर निवेशकों में राजनीतिक निरंतरता का विश्वास बढ़ा है. बयान में कहा गया कि यह भारत की वृहद तथा नीतिगत गति के लिए अच्छा संकेत है, जिसमें अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में सबसे अधिक वृद्धि हो रही है. बीएसई सेंसेक्स इस साल 20 मार्च को 52 सप्ताह के निचले स्तर 57,084.91 अंक पर पहुंचने के बाद 28 दिसंबर को 72,484.34 अंक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया. इस वर्ष बीएसई सूचकांक ने आठ महीनों में लाभ दर्ज किया जबकि चार महीनों में गिरावट रही.

**बीएसई सूचकांक नवंबर में 4.87% उछला**

बीएसई सूचकांक नवंबर में 4.87 प्रतिशत उछला, जबकि दिसंबर में आठ प्रतिशत की तेजी रही है. बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य निवेश अधिकारी संपत रेड्डी ने कहा कि मजबूत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि, मध्यम मुद्रास्फीति, स्थिर रुपये और भारत के मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों ने इस लचीलेपन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वैश्विक स्थितियों में सुधार के साथ-साथ मुद्रास्फीति में नरमी, केंद्रीय बैंक द्वारा दरों में बढ़ोतरी पर रोक और आय में निरंतर वृद्धि के दम पर भारतीय सूचकांकों में तेजी आई. व्यापक बाजार में तेजी ने भी समग्र आशावाद को बढ़ाया. इस साल बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 13,746.97 अंक या 47.52 फीसदी उछला, जबकि मिडकैप इंडेक्स 11,524.72 अंक या 45.52 फीसदी चढ़ गया.




## कोरोमंडल इंटरनेशनल की अमोनिया सुरक्षा प्रणालियां 'मजबूत'

**एजेंसी। चेन्नई**



कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड की चेन्नई स्थित उर्वरक विनिर्माण इकाई में अमोनिया सुरक्षा प्रणालियां किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए काफी 'मजबूत' हैं और बहुस्तरीय सुरक्षा प्रणालियों से सुसज्जित पाइपलाइन का नियमित निरीक्षण किया जाता है. कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी. कंपनी ने एक बयान में कहा कि तमिलनाडु सरकार द्वारा नियुक्त एक उच्चस्तरीय तकनीकी दल (समिति) ने 27 दिसंबर को अमोनिया प्रबंधन प्रणाली का विस्तृत निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट सौंपी. इस दल में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आईआईटी शिक्षाविद् और पर्यावरण एजेंसियों के विशेषज्ञ और अधिकारी शामिल थे. इससे पहले उत्तरी चेन्नई के एन्नोर में स्थित कंपनी की उर्वरक विनिर्माण इकाई से अमोनिया गैस का रिसाव हुआ था. हाल ही में इकाई में अमोनिया गैस रिसाव के बाद कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था. मुरुगप्पा समूह की फर्म के काकीनाडा और विशाखापत्तनम में भी ऐसे ही उर्वरक संयंत्र हैं. बयान के अनुसार, जांच दल ने कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा की गई आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्रवाइयों को मंजूरी दे दी है और जरूरी निरीक्षण करने और अमोनिया पाइपलाइन और तंत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद परिचालन फिर से शुरू करने का निर्देश दिया है. गैस रिसाव के कारण कथित तौर पर प्रभावित होने वाले पड़ोसी इलाकों के निवासियों की स्थिति पर कंपनी ने कहा, जिन पड़ोस के समुदायों को पास के अस्पतालों में ले जाया गया था, उन्हें छुट्टी दे दी गई है और वे खतरे में नहीं हैं. दल ने कहा कि अमोनिया रिसाव वाली पाइपलाइन में असामान्यताएं 'खतरनाक स्तर से काफी नीचे' थीं और उन्हें तुरंत शून्य पर लाया गया. समिति ने अमोनिया पाइपलाइन की परिचालन स्थिति के लिए कंपनी द्वारा किए गए सुरक्षा परीक्षण पर गौर किया.

**मुद्रा भंडार** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक

## छठे हफ्ते भी विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा,620.44 अरब डॉलर पहुंचा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लगातार छठे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा दर्ज हुआ है. देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में 4.471 अरब डॉलर बढ़कर 620.441 अरब डॉलर पर पहुंच गया है. इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर रहा था.

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 22 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.471 अरब डॉलर बढ़कर 620.441 अरब डॉलर रहा है. यह किसी एक हफ्ते में हुई सर्वाधिक वृद्धि है. आरबीआई के मुताबिक इस साल विदेशी मुद्रा भंडार में 57.634 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.898 अरब डॉलर बढ़कर 549.747 अरब डॉलर हो गई.

हालांकि, स्वर्ण भंडार का मूल्य 10.7 करोड़ डॉलर घटकर 47.474 अरब डॉलर रह गया. इसी तरह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) मात्र 40 लाख डॉलर बढ़कर 18.327 अरब डॉलर रहा. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 12.9 करोड़ डॉलर घटकर 4.894 अरब डॉलर रह गया. उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार उछलकर 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था. इस तरह 620 अरब डॉलर के मौजूदा स्तर पर विदेशी मुद्रा भंडार अपने शिखर से केवल 25 अरब डॉलर दूर रह गया है.



**खास बातें**

- यह किसी एक हफ्ते में हुई सर्वाधिक वृद्धि है
- 12.9 करोड़ डॉलर घटकर 4.894 अरब डॉलर रह गया

### 100 अरब डॉलर की संपत्ति है बेटरकोर्ट के पास

## दुनिया की पहली महिला और 12वीं सबसे अमीर बनीं

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

70 वर्षीय बेटनकोर्ट मेयर्स, लॉरियल के बोर्ड की उपाध्यक्ष हैं, जो 241 बिलियन पाउंड (268 बिलियन डॉलर) की दुनिया भर में फैली कंपनी है. कंपनी में बेटनकोर्ट और उनका परिवार लगभग 35% की हिस्सेदारी के साथ सबसे बड़े शेयरधारक हैं. फ्रांस्वा बेटनकोर्ट मेयर्स 100 अरब डॉलर की संपत्ति अर्जित करने वाली दुनिया की पहली महिला और 12वीं सबसे अमीर व्यक्ति बन गईं हैं. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, गुरुवार को उनकी संपत्ति बढ़कर 100.1 बिलियन डॉलर हो गई. उन्होंने यह मील का पत्थर तब हासिल किया जब उनके दादा की ओर से स्थापित सौंदर्य उत्पाद बनाने वाली कंपनी लॉरियल के शेयर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए. स्टॉक के लिए 1998 के बाद से यह साल सबसे अच्छा रहा. संपत्ति में बढ़त के बावजूद बेटनकोर्ट मेयर्स की संपत्ति अब भी फ्रांसीसी हमवतन बर्नार्ड अर्नाल्ट जो एलवीएमएच मोएट हेनेसी लुई वीटॉन एसई के संस्थापक हैं से काफी कम हैं. अर्नाल्ट 179 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ वैश्विक रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं. बेटनकोर्ट मेयर्स, लॉरियल के बोर्ड की उपाध्यक्ष हैं, जो 241 बिलियन पाउंड की दुनिया भर में फैली कंपनी है, जिसमें वह और उनका परिवार लगभग 35% की हिस्सेदारी के साथ सबसे बड़े शेयरधारक हैं.

## ब्रीफ खबरें

### ओपीडी छोड़ कर अपना क्लिनिक चला रहे डॉक्टर

**साहिबगंज।** सदर अस्पताल में कुछ डॉक्टर सरकारी ड्यूटी छोड़ अपना क्लिनिक चलाने में व्यस्त हैं. वहीं शनिवार को एक महिला हड्डी रोग से ग्रसित अपने बच्चे को दिखाने के लिए सदर अस्पताल पहुंची. लेकिन हड्डी रोग विशेषज्ञ नहीं मिले. महिला ने बताया कि उनका बच्चा गिर गया था. हड्डी में कुछ चोट लगी है. तीन दिन पहले डॉ सचिन कुमार को दिखाने आये थे. लेकिन उनसे भेंट ही नहीं हुई. वहीं शनिवार को भी 12:45 से 1:30 तक डॉक्टर के इंतज़ार में बैठे रहे.

### राजद के बनहरदी पंचायत अध्यक्ष चुने गए महेश

**चंदवा।** राष्ट्रीय जनता दल संगठन विस्तार कार्यक्रम के तहत शनिवार को अमित कुमार विश्वास की अध्यक्षता में बनहरदी गांव में बैठक हुई. बैठक में सर्वसम्मति से महेश लोहरा को पंचायत अध्यक्ष, सुनील उरांव को सचिव और भोला यादव को कोषाध्यक्ष चुना गया.मौके पर जिलाध्यक्ष रशीद खान, प्रखंड महासचिव तपवन यादव समेत दर्जनभर से अधिक राजद कार्यकर्ता मौजूद थे. मौके पर जिलाध्यक्ष रशीद खान और तपवन यादव मौजूद थे.

### प्रभु यीशु के मार्ग पर चलना जरुरी: विधायक भूषण

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के मुड़ीया चर्च में एवं कुरडेग केंदूटोली में पारिस स्तरीय क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया. दोनों ही स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे. उनके साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल हुई. मुड़िया चर्च में फादर सुशील गुड़िया, फादर सुमन कुल्लू के द्वारा पवित्र मिस्सा बलिदान चढ़ाया. जबकि कुरडेग चर्च में फादर अमृत ने मिस्सा बलिदान चढ़ाया.

### झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है : ओझा

**पाकुड़।** राजमहल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक अनंत ओझा ने भाजपा कार्यालय पाकुड़ में प्रेस वार्ता कर हेमंत सरकार पर निशाना साधा. अनंत ओझा ने कहा कि झारखंड बने 23 वर्ष हो चुके हैं. झारखंड को अलग राज्य बनाने का सपना साकार करने का काम भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय सरकार ने किया है. अलग राज्य हमने बनाया है तो उसके साथ कोई भी नाइंसाफी करेगा तो इसका दर्द भी होगा. हेमंत सरकार ने चार वर्षों के काल में झारखंड को लूट का अड्डा बना दिया है.

### मैनेजर ने की प्रतिष्ठानों के ट्रेड लाईसेंस की जांच

**लातेहार।** नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर सिटी मैनेजर राज कुमार वर्मा ने नगर पंचायत क्षेत्र के कई प्रतिष्ठानों में छापामारी की और प्रतिष्ठान के ट्रेड लाइसेंस की जांच की. सिटी मैनेजर ने बताया कि इस दौरान शिवानी इंटरप्राइजेज, अमन ऑनलाइन सेंटर, जयसवाल मार्बल एंड सेनेटरी, जेएमडी इंटरप्राइजेज में छापामारी की गयी. यहां से 43,440 रुपये राजस्व की वसूली की गयी. इसके अलावा करकट रोड के डिफॉल्टर सानू अग्रवाल से 61786 रुपये बतौर होल्डिंग कि वसूला गया.

### वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग के विजेता हुए सम्मानित

**गिरिडीह।** हैदराबाद में आयोजित वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में गिरिडीह के दो युवाओं ने गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतकर देश के साथ गिरिडीह का मान बढ़ाया. इस पर मेडल जीतकर गिरिडीह लौटे इन युवाओं को चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से सम्मानित किया गया. सीसीआई की ओर से होटल ऑर्बिट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में रेड क्रॉस के चेयरमेन अरविंद कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में वाइस चेयरमेन चरणजीत सिंह सलूजा उपस्थित थे.

### मजदूरों की सुरक्षा के साथ हो रहा खिलवाड़

**साहिबगंज।** बोरियो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बांझी संथाली में निर्माणाधीन केंदुआ पुल में एक तरफ़ जहां बाल मजदूरी को बढ़ावा दे रहा है, वहीं दूसरी ओर मजदूरों के सुरक्षा के साथ, कंस्ट्रक्शन कंपनी के निदेशक खिलवाड़ कर रहे हैं. इस बात को हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि निर्माणाधीन इस्लाम कंस्ट्रक्शन में मजदूरों के सुरक्षा के साथ हो रहा मजाक ऑन रिकॉर्ड कैमरा में कैद हो गया. जबकि हमलोग सरकारी नियमों की बात करते हैं.

---

### कृषक गोष्ठी में किसानों को रबी मौसम में फसल और योजनाओं के लक्ष्य के बारे में बताया गया

# किसानों में जागरूकता की है कमी : मोहम्मद शमीम

**संवाददाता। पाकुड़**



प्रखंड सभागार पाकुड़ में शनिवार को कृषक गोष्ठी का शुभारंभ हुआ. इसे प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रमुख श्रीमती चंदना माल पहाड़िया, उप प्रमुख मो० हैदर अली, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रखंड प्रसार सहकारिता पदाधिकारी मोहन कुमार ने संयुक्त रूप से शुरू किया. प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मोहम्मद शमीम अंसारी ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए रबी मौसम मे फसल एवं योजनाओं का लक्ष्य किसानों को बताया. पीडीएमसी (पर डरोप मोर क्रॉप) सुक्ष्म सिंचाई योजना अंतर्गत टपक सिंचाई एवं फव्वारा सिंचाई के लिए 60 हेक्टेयर लक्ष्य के अनुरूप किसानों से आवेदन भरने के लिए कहा गया. कहा कि स्वाइल हेल्थ कार्ड योजना के अंतर्गत 1322 मिट्टी का नमूना लिया जाना है.

**उठाएं लाभ**

- स्वाइल हेल्थ कार्ड के तहत मिट्टी का नमूना लिया जाता है
- इसमें किसानों से मोबाइल के जरिए सुनते हैं समस्या

किसान मित्र के द्वारा मोबाइल ऐप से मिट्टी का नमूना लिया जाना है. इसके बारे में विशेष जानकारी दी. उन्होंने कहा कि किसान मित्र अपने-अपने ग्राम पंचायत में इस कर्मशाला की बातों का एवं सरकार की योजनाओं का किसानों से विस्तृत रूप से चर्चा करेंगे. जिससे अधिक से अधिक किसान सरकार की योजना का लाभ ले सकें. उन्होंने कहा की किसानों में जागरुकता की कमी है, जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते. इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा.

मोहन कुमार, प्रखंड प्रसार सहकारिता पदाधिकारी पाकुड़ ने बताया कि लैम्पस के माध्यम से धान अधिप्राप्ति योजना के तहत किसान धान बेच सकेंगे. किसान 2300 रू प्रति क्विंटल की दर से संबंधित लैम्पस में धान को देंगे.

---

**आओ जानें**

## सामान्य ज्ञान

- पौधे के किस भाग से हल्दी मिलती है – **तना**
- अशोक का साम्राज्य कितने राज्यों में था – **पांच**
- मानव का वैज्ञानिक नाम क्या है – **होमोस्पेनिश**
- भारत में कहवा सबसे अधिक कहां होता है – **कर्नाटक**
- उत्तरापथ की राजधानी क्या थी – **तक्षशिला**
- काला कानून किसे कहा गया था – **रॉलेट एक्ट**
- भारत में सूर्य सबसे पहले किस राज्य में निकलता है – **अरुणाचल प्रदेश**
- झारखंड के पहले राज्यपाल का नाम – **प्रभात कुमार**
- भारतीय पुरातत्व का पिता किसे कहा जाता है – **अलेक्जेंडर कनिंघम**
- वाइज पुरस्कार पाने वाली देश के पहली महिला – **सफीना हुसैन**

---

### सेंगेल अभियान के भारत बंद से ट्रेनों का आवागमन हुआ प्रभावित

# टाटानगर से कई ट्रेन रही रद्द, कई हुई डायवर्ट

**संवाददाता । जमशेदपुर**



आदिवासी सेंगेल अभियान के भारत बंद से ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ. चक्रधरपुर रेल मंडल में जाम के कारण कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया, जबकि कई ट्रेनें बदले हुए मार्ग से चली. रद्द होने वाली ट्रेनों में टाटा-बादामपहाड़ मेमू पैसेंजर, टाटा-आरा एक्सप्रेस और टाटा धनबाद स्वर्णरेखा एक्सप्रेस शामिल है. जबकि झारग्राम-पुरुलिया पैसेंजर को टाटा से टर्मिनेट कर दिया गया. यह पैसेंजर पुरुलिया नहीं जाकर टाटा से वापस झाड़ग्राम लौट गई. वंदे भारत एक्सप्रेस मुरी होकर जबकि संपर्क क्रांति एक्सप्रेस बदले हुए मार्ग हिजरी होकर चली. जबकि बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस जो अनारा होकर चलती है, उसे मुरी के रूट से रवाना किया गया.

इधर, बंदी के कारण ट्रेनों को रद्द किए जाने से टाटानगर में यात्रियों को काफी परेशानी हुई. ज्यादातर यात्री टाटा-आरा ट्रेन के थे, जो सुबह ही स्टेशन पहुंचे थे. स्टेशन में पहुंचने पर उन्हें ट्रेन रद्द होने की जानकारी मिली, इसके बाद लोगों ने नाराजगी भी जताई. यात्रियों का कहना था कि ट्रेन रद्द होने की जानकारी उन्हें पहले दी जानी चाहिए थी. वहीं दूसरी ओर बंदी के मद्देनजर आरपीएफ और रेल पुलिस सतर्क रही.

**यात्री परेशान**

- रद्द ट्रेन में टाटा-बादामपहाड़ मेमू पैसेंजर भी रही
- झारग्राम-पुरुलिया पैसेंजर को टाटा से टर्मिनेट किया
- वंदे भारत एक्सप्रेस को मुरी से होकर भेजा गया

**आद्रा-सीकेपी के बीच 12:20 बजे परिचालन हुआ सामान्य**

दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से बताया गया कि शनिवार की सुबह 8:15 बजे लगभग 100 की संख्या में आंदोलनकारी सरना धर्म को मान्यता देने की मांग को लेकर बहालदा रोड स्टेशन के पास जमा हो गए. वही लगभग 10:40 बजे 77 की संख्या में आंदोलनकारी गम्हरिया-आदित्यपुर के बीच झंडा व बैनर के साथ आंदोलन शुरू कर दिया और सभी लाइनों को बाधित कर दिया. इसकी सूचना मिलने पर आदित्यपुर से आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची.

**आद्रा-चांडिल सेक्शन में भी पड़ा भारत बंद का असर**

**जमशेदपुर।** भारत बंद के दौरान शनिवार को आद्रा रेल मंडल के कांटाडीह स्टेशन पर बंद समर्थक रेलवे ट्रैक पर उतर आए. इस कारण आद्रा-चांडिल सेक्शन में कई ट्रेन बदले हुए मार्ग से चली और कई ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट करना पड़ा. इन ट्रेनों में रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस पुरुलिया-मुरी-चांडिल होते हुए टाटानगर रवाना हुई. हटिया-टाटा एक्सप्रेस मुरी-चांडिल होते हुए टाटानगर पहुंची. आनंद विहार-भुनेश्वर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस मिदनापुर-हिजरी मार्ग से चली. बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस (29 दिसंबर को) चांडिल-मुरी-बोकारो होते हुए पटना रवाना हुई. रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस मुरी-चांडिल-टाटा होते हुए रवाना हुई. वहीं, धनबाद-टाटा आद्रा से, हावड़ा-चक्रधरपुर एक्सप्रेस पुरुलिया से, चक्रधरपुर-गोमो मेमू एक्सप्रेस चांडिल से, झारग्राम-पुरुलिया मेमू पैसेंजर टाटा से, टाटा-आसनसोल पैसेंजर पुरुलिया, चक्रधरपुर-हावड़ा एक्सप्रेस पुरलिया से और टाटा-धनबाद एक्सप्रेस को आद्रा से शॉर्ट टर्मिनेट किया गया. रद्द होने वाली ट्रेनों में पुरुलिया-झाड़ग्राम मेमू पैसेंजर, टाटा-आरा एक्सप्रेस, टाटा-धनबाद सुवर्णरेखा एक्सप्रेस, गोमो-चक्रधरपुर पैसेंजर शामिल है. इसके साथ ही कई गुड्स ट्रेनों के परिचालन पर भी इसका असर पड़ा.

---

### श्रम सम्मान योजना का लाभ उठाएं ग्रामीण : लक्ष्मण

**कसमार।** बोकारो जिला बीस सूत्री समिति के पूर्व उपाध्यक्ष व भाजपा नेता लक्ष्मण कुमार नायक ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना को केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजना बताया. उन्होंने अधिकाधिक लोगों से इसका लाभ लेने की अपील की. उन्होंने शनिवार को कसमार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब कामगारों के लिए यह महत्वाकांक्षी योजना 17 सितंबर को शुरू की है. इससे कामगार अपने रोजगार को बढ़ाकर अपनी स्थिति बदल सकते हैं. बताया कि इसका लाभ 18 परंपरागत कामगारों कारपेंटर, नाव निर्माता, अस्त्र निर्माता, लोहार, ताला निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी एवं मछली का जाल बनाने वाले को मिलेगा.

---

## डाकघर मामले में सांसद खीरु महतो ने लिया संज्ञान

**संवाददाता। बोकारो**



बिहार के राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने बोकारो जिले के कसमार में डाक विभाग के खाली पड़े जमीन पर डाकघर निर्माण को लेकर संज्ञान लिया है. बीते दिनों कसमार के ग्रामीणों ने उन्हें पत्र लिखकर इस दिशा में कार्रवाई का आग्रह किया था. इसपर पहल करते हुए सांसद खीरु महतो ने भारत सरकार के संचार मंत्री को पत्र लिखा है.

उन्होंने पत्र में बताया है कि गर्री पंचायत के तेलमूंगा के ग्रामिणों के द्वारा डाकघर भवन निर्माण के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है. उक्त ग्राम में डाकघर किराये के भवन पर पिछ्ले कई दशक से चल रहा है. जबकि डाकघर का अपना 31 डिस्मील जमीन है, जिसका खाता नं. 67, प्लॉट नं. 365, 366 एवं थाना संख्या - 81 है. परंतु आवेदन से प्राप्त सूचना के अनुसार साल 1964 से ही भाड़े के मकान पर डाकघर का संचालन किया जा रहा है. डाकघर की उक्त खाली जमीन पर कभी भी अवैध कब्जा हो सकता है. उन्होंने बताया कि डाकघर के जर्जर मकान को ध्वस्त कर पुनः नए मकान का निर्माण होने से सरकार का राजस्व की भी बचत होगी.

---

## सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

**संवाददाता। पाकुड़**



लिट्टीपाड़ा के झामुमो विधायक दिनेश मरांडी एवं एगलिना टुडू ने शनिवार को डुमरिया में आयोजित मेले के सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया. मेले में दूसरे दिन भी काफी संख्या में लोग पहुंचे थे.

बीते शुक्रवार को सिदो-कान्हू मेले में कई सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी. जिसमें लागेड़ इनएच में बुलाई हांसदा केंदुआ प्रथम, मानिक किस्कू बंगाल द्वितीय, होपना किस्कू, जिरली, पुरुष तीरंदाजी में बेटका मरांडी संग्रामपुर प्रथम व डिप्टी मरांडी बोहड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. महिला तीरंदाजी में निर्मला मरांडी प्रथम, तालामय हेम्ब्रम द्वितीय, पूजा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. इसी तरह झूमर नाच में लखीचांद मड़ैया जिरली प्रथम, संतोष कर्मकार धुंधापहाड़ी द्वितीय, पहाड़िया नाच में निगरी पहाड़िया कंचनगढ़ प्रथम, बायदा पहाड़िया तेलोंपाडा द्वितीय, लावड़िया में लखीराम मरांडी दलदली प्रथम, डोम ढोल में सुरेश मिर्धा कालाझोर प्रथम, लखीराम टुडू पाडेरकोला द्वितीय, सिदो कान्हू ड्रामा में शिबू मुर्मू संग्रामपुर प्रथम आए.

---

## डीएसपी के नेतृत्व में में चला ट्रैफिक जागरुकता अभियान



**संवाददाता। बेंगाबाद**

बेंगाबाद पुलिस द्वारा प्रशिक्षु डीएसपी कैलाश महतो के नेतृत्व में खंडोली मोड़ पर ट्रैफिक जागरुकता अभियान चलाया गया. अभियान के तहत ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों को फूल माला और उन पर फूलों की वर्षा कर जागरूक किया गया.

मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी कैलाश महतो इंस्पेक्टर, ममता कुमारी, थाना प्रभारी विकास पासवान, एसआई प्रशांत कुमार, मुकेश भोगता, एएसआई अशोक कुमार दल बल के साथ अभियान को गति दी. इस दौरान नियम तोड़ने वाले चार पहिया एवं दो पहिया वाहन चालकों को माला पहना कर यातायात नियमों के पालन की नसीहत दी गई. अभियान के तहत बिना हेलमेट, ट्रिपल लोड, नशे में वाहन चलाने वालों, कम आयु के बच्चों के बाइक ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वालों चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट नहीं लगाने वालों को रोका गया. उन्हें ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया. इस दौरान पुलिस टीम ने बिना हेलमेट के बुलेट पर सवार तीन युवकों को रोका. वाहन के नम्बर प्लेट में नाम लिखा होने पर वाहन चालक की जमकर क्लास लगाई गई.

### अबुआ आवास के लिए चला सर्वेक्षण अभियान

**बसंतराय (गोड्डा)।** बसंतराय प्रखंड क्षेत्र के राहा पंचायत अंतर्गत ग्राम राहा में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक अबुआ आवास योजना के लिए घर-घर सर्वेक्षण अभियान चलाया गया. जिसके तहत आवेदकों द्वारा आवेदित घरों का सर्वेक्षण करने का कार्य किया गया. पंचायत के गोरगावां. एवं कोरियाना गांव का सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है. सर्वेक्षण दल में घरों के भौतिक सत्यापन के लिए पंचायत के वार्ड नंबर 14 व 15 में ग्राम पंचायत के मुखिया सुशीला देवी, पंचायत सेवक गौरी सिंह, 15वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक आशीष कुमार, पंसस इंतजार आजाद, उपमुखिया चिंटू कुमार तथा संबंधित वार्ड के सदस्य सर्वेक्षण स्थल पर उपस्थित थे. वार्ड नंबर 14 में मोसमात रजिया खातून पति स्वर्गीय मो शमशाद आलम तथा बीबी सरिया खातून पति मोहम्मद सिद्दीक जो पंचायत के अत्यंत गरीब एवं भूमिहीन परिवार में आते हैं, उनके घरों का सूक्ष्मता के साथ सर्वेक्षण किया गया.

## चांडिल बाईपास सड़क होगा मरम्मत

**संवाददाता । चांडिल**

चांडिल गोलचक्कर से जामडीह तक बदहाल हो चुकी राष्ट्रीय राजमार्ग 32 का मरम्मत कार्य का शिलान्यास रविवार को सांसद संजय सेठ व विधायक सविता महतो ने नारियल फोड़कर किया. चांडिल की जनता का बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होती दिखाई दे रही है. एनएच 32 के इस 11.6 किमी लंबे हिस्से की मरम्मत 7 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से होगी. सांसद संजय सेठ व विधायक सविता महतो ने विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद मंत्रोच्चारण के बीच नारियल फोड़कर मरम्मति कार्य का शिलान्यास किया.

इसके साथ ही अब ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल की जीवन रेखा कही जाने वाली उक्त सड़क की बदहाली दूर होने वाली है. इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि चांडिल बाईपास सड़क रेलवे की जमीन पर बनी है. पहले रेलवे ने सड़क बनाने की सहमती दी. इसके बाद रेलवे ने ही पहले सड़क भी बनाकर दी. रेलवे ने सड़क बनाकर इसे एनएचएआई को सौंप दिया था. संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में गुणवत्ता में कमी और निम्न स्तर का सामग्री इस्तेमाल के कारण सड़क जल्द ही बहदाल हो गई थी. अब नए सिरे से एनएचएआई की ओर से सड़क की मरम्मति का काम करवाया जाएगा. इससे लोगों को आवागमन में सहुलियत होगी. सांसद ने स्थानीय राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता व आम लोगों को सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी करने की अपील की ताकि सड़क का निर्माण अच्छी हो सके. उन्होंने कहा कि एनएचएआई को 45 दिनों के अंदर सड़क की मरम्मति पूरी करने के लिए कहा है. चांडिल गोलचक्कर से जामडीह तक बदहाल हो चुकी राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर आवागमन राहगीरों की परेशानी का सबब बन गया था. चांडिल की उक्त महत्वपूर्ण सड़क जमशेदपुर, सरायकेला, चाईबासा को धनबाद, बोकरो, पुरुलिया समेत पश्चिम बंगाल के कई बड़े शहरों को जोड़ती है. खस्ताहाल सड़क के कारण आए दिन वाहन खराब होती थी, जिसके कारण सड़क जाम की स्थिति बनी रहती थी. इस वजह से कई बार रोड पर लंबा जाम लग जाता था. इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता था.

वहीं अब सड़क के बनने से अब लोगों को आवागमन करने में परेशानी नहीं होगी. शिलान्यास कार्यक्रम में मधुसुदन गोराई, दिवाकर सिंह, विशाल चौधरी, सारथी महतो, अनीता पारीत, ठाकुरदास महतो, आकाश महतो, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण किशोर महतो, पप्पु वर्मा, समर भुइयां समेत भाजपा व झामुमो के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**फोड़ा नारियल**

- चांडिल बाईपास सड़क रेलवे की जमीन पर बनी है
- 45 दिनों के अंदर सड़क की मरम्मति किया जाना है
- चांडिल गोलचक्कर से जामडीह तक सड़क बदहाल है

### एसएनएमएमसीएच के दो चिकित्सक रिटायर

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शनिवार को दो चिकित्सकों के रिटायर होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया. शनिवार को ईएनटी के डॉ. एके ठाकुर और पैथोलॉजी के डॉ. बीसी बनर्जी रिटायर हुए. कॉलेज और अस्पताल के डॉक्टरों ने माला पहनाकर और पुष्प गुच्छ देकर दोनों को सम्मान दिया और उनके बेहतर स्वास्थ की कामना की. रिटायर हुए डॉ. एके ठाकुर और डॉ. बनर्जी ने अपने किये हुए कार्यों को याद करते हुए सभी के बीच साझा किया. दोनों चिकित्सक 31 दिसंबर को सेवा निवृत हो जाएंगे. एसएनएमएमसीएच में अब रिटायरमेंट का तांता लगना शुरू हो चुका है. वर्ष 2024 के अंत तक और पांच प्रोफेसर रिटायर हो रहे हैं. इसमें 31 जनवरी 2024 को फिजियोलॉजी की एसो. प्रोफेसर डॉ. कृष्णा कुमारी और सर्जरी विभाग के एसो. प्रोफेसर डॉ. एके बर्णवाल के साथ 30 जून 2024 को बायोकेमिस्ट्री के असि. प्रोफेसर डॉ. बिनोद कुमार, 31 दिसंबर 2024 को एनेस्थेसिया के प्रोफेसर डॉ. सीडी राम हैं.

---

**खेल**

### चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में चारों टीमों के बीच मुकाबला हुआ

# एमसी चाईबासा ने टॉउन क्लब को 63 रनों से हराया

**संवाददाता। चाईबासा**



अपने स्थापना के पचास वर्ष पूरे होने के अवसर पर फ्रेंडस क्लब चाईबासा द्वारा आयोजित स्वर्ण जयंती आमंत्रण कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए मैच में फ्रेंडस क्लब चाईबासा ने लारसन क्लब चाईबासा को तथा एवं एमसी चाईबासा ने टॉउन क्लब चाईबासा को पराजित कर क्वार्टर फाईनल में अपना स्थान पक्का कर लिया.

चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर शनिवार को सुबह दस बजे से खेले गए पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंडस क्लब चाईबासा की पूरी टीम निर्धारित बीस ओवर में 155 रन बनाकर आल आउट हो गई. विमलेश नाग ने तीन चौकों एवं तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक 38 रन बनाए. अन्य बल्लेबाजों में सुभाष जोंको ने 35 तथा विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक कृष्णा ने 33 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली. लारसन क्लब की ओर से फैजानुल रहमान ने किफायती गेंदबाजी करते हुए मात्र 12 रन देकर तीन विकेट हासिल किए. आनंद श्रीवास्तव को तीन तथा विकास तिवारी को दो सफलता हाथ लगी.

जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी लारसन क्लब की पूरी टीम 19.3 ओवर में 129 रन बनाकर आल आउट हो गई और 26 रनों से मैच गंवा बैठी. इस टीम की ओर से उद्घाटक बल्लेबाज अक्षत ने 37 रन बनाए जबकि मध्यमक्रम के बल्लेबाजों की असफलता ने टीम की लुटिया डुबो दी. फ्रेंडस क्लब की ओर से सुभाष जोंको ने गेंदबाजी में भी अपना जलवा दिखाया और अपने चार ओवर में मात्र आठ रन देकर तीन विकेट चटकाए. अभय मिश्रा को दो विकेट प्राप्त हुआ. मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए फ्रेंडस क्लब चाईबासा के सुभाष जोंको को एक हजार रुपये की नकद राशि देकर मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया. दोपहर एक बजे से खेले गए दूसरे मैच में एमसीसी चाईबासा ने टॉउन क्लब चाईबासा को एकतरफा मुकाबले में 63 रनों से हराया. टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एमसीसी चाईबासा ने बीस ओवर में नौ विकेट खोकर 234 रन ठोक डाले. रवि शर्मा ने सात चौकों एवं पांच छक्कों की मदद से मात्र पैंतीस गेंदों पर ताबड़तोड़ 72 रन ठोक डाले और अंत तक आउट नहीं हुआ. उद्घाटक बल्लेबाज कुमार करण ने भी मात्र चौबीस गेंदों पर पांच चौकों एवं सात छक्कों की मदद से आक्रामक 66 रन बनाकर टीम को ठोस शुरुआत दी.

**जीती एफसी**

- फ्रेंड्स क्लब बीस ओवर में 155 रन बनाकर आउट हुई
- विमलेश नाग ने तीन चौकों की मदद से 38 रन बनाए

## नये साल में नए कप्तान के जिम्मे अब धनबाद

**संवाददाता। धनबाद**

नए साल के पहले दिन धनबाद के नए एसएसपी एचपी जर्नादन धनबाद की कमान संभालेंगे, संयोग ऐसा कि धनबाद के नए कप्तान के लिए नया साल और कार्यालय भी नया होगा. ऐसे में धनबाद की जनता उनसे यह उम्मीद जरूर करेगी कि अब धनबाद को एक नई पुलिसिंग से सामना हो. अपराध का जो बोलबाला हो गया है, उसे ठीक करने का काम इस साल धनबाद के नए पुलिस कप्तान करेंगे. धनबाद में संगठित अपराध इन दिनों चरम पर है.

आर्थिक अपराधी भी सीना तानकर विचरण कर रहे हैं. कोयला तस्करी और अवैध खनन को लेकर धनबाद की खासी बदनामी हो चुकी है. उसपर प्रिंस खान के रंगदारी भरे फोन कॉल से धनबाद का व्यापार जगत सहमा हुआ है. अपराधियों की हिम्मत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जेल के अंदर शूटर अमन सिंह को मौत के घाट उतार दिया गया. कुल मिलाकर यहां अपराध का ग्राफ पूर्व की तुलना में काफी बढ़ा है लेकिन यदि पुलिस फाइलों में दर्ज एफआइआर की समीक्षा की जाए तो बहुत अधिक का अंतर नहीं होगा. लेकिन कागजी आंकड़े और जमीनी सच्चाई का फर्क यहां की आम जनता को पता है. ऐसे में नए कप्तान, जो धनबाद से भलीभांति परिचित हैं, उन्हें धनबाद में पुलिसिंग की नई व्यवस्था लागू करनी होगी, ताकि धनबाद के अपराधी अपने बिलो में छिप जाएं और जनता अपराध मुक्त वातावरण में सांस ले सकें.

## रांची में आयोजित एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए हॉकी इंडिया ने भारतीय टीम की घोषणा की

# भारतीय टीम में झारखंड की निक्की, सलीमा, संगीता व ब्यूटी को मिली जगह

संवाददाता ।रांची

हॉकी इंडिया ने शनिवार को 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाली एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है. भारतीय दल में झारखंड के चार खिलाड़ियों को जगह मिली है. इनमें निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग का नाम शामिल हैं. बता दें कि रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में सभी मुकाबले खेले जाएंगे. इस प्रतियोगिता में मेजबान भारत के साथ 8 देशों की टीम हिस्सा लेगी. इनमें भारत, इटली, चीली,जापान,चेक रिपब्लिक, जर्मनी, न्यूजीलैंड और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका की टीम शामिल हैं. दो ग्रुप में 8 टीमों को बांटा गया है. ग्रुप ए में जर्मनी, चिली, जापान और चेक रिपब्लिक है. वहीं ग्रुप बी में न्यूजीलैंड, इटली, भारत और यूनाइटेड स्टेट्स को रखा गया है. भारत का पहला मुकाबला यूनाइटेड स्टेट्स से 13 जनवरी को शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा.


संगीता कुमारी


ब्यूटी डुंगडुंग


सलीमा टेटे


निक्की प्रधान

**भारतीय टीम**

**गोलकीपर :** सविता पूनिया (कप्तान), बिछू देवी खारीबाम
**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी , मोनिका
**मिडफील्डर :** निशा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, नवनीत कौर, सलीमा टेटे, सोनिका, ज्योति, ब्यूटी डुंगडुंग
**फॉरवर्ड :** लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया

### सविता पूनिया होंगी भारतीय टीम की कप्तान

अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया 18 सदस्यीय भारतीय टीम की कप्तान होंगी जबकि वंदना कटारिया अपकप्तान रहेंगी. टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये क्वालीफाई करेंगी. भारतीय महिला टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि पेरिस ओलंपिक के हमारे सफर में एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है. हमें अपेक्षाओं पर खरे उतरकर ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करना है. उन्होंने कहा कि काफी सोच विचार के बाद हमने संतुलित टीम चुनी है. सविता और वंदना अपने करियर में कई बार भारी दबाव में खेल चुकी हैं. वे बतौर कप्तान और उपकप्तान दूसरों का मार्गदर्शन कर सकती हैं. सविता ने हाल ही में एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता जबकि वंदना 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनी.



**भारतीय टीम का शेड्यूल**

- 13 जनवरी- भारत बनाम यूएसए - शाम 7:30
- 14 जनवरी- भारत बनाम न्यूजीलैंड - शाम 7:30
- 16 जनवरी - भारत बनाम इटली - शाम 7:30

## ब्रीफ खबरें

### दूसरे टेस्ट से बाहर हुए गेराल्ड कोएत्जी

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज पेट के निचले हिस्से में दर्द के कारण केपटाउन में तीन जनवरी से भारत के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल सकेंगे. 23 वर्ष के इस गेंदबाज को पहले टेस्ट के दौरान दर्द उठा और बढता गया. क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक्स पर लिखा कि तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे. पहले टेस्ट के दौरान उनके पेट के निचले हिस्से में दर्द उठा था. कोएत्जी दूसरी पारी में पांच ओवर ही डाल सके जिसमें उन्होंने 28 रन दिये.

### थिएम के मैच दौरान कोर्ट में घुसा सांप

**ब्रिसबेन (ऑस्ट्रेलिया) ।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम शनिवार को ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग मैच के दौरान ऑस्ट्रेलिया के सबसे जहरीले सांप के कोर्ट पर आने से खेल रूकने के बाद जीत दर्ज करने में सफल रहे. थिएम पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच के दौरान 20 साल के ऑस्ट्रेलियाई जेम्स मैककाबे से एक सेट से पिछड़ रहे थे तभी दर्शकों ने कोर्ट के करीब एक सांप को देखा. सुरक्षाकर्मी तेजी से कोर्ट के पास पहुंचे और अंपायर को खेल रोकना पड़ा क्योंकि सांप कोर्ट पर रेंग रहा था.

### एशियाई कप के लिए टीम में शामिल हुए समद

**नयी दिल्ली ।** मुख्य मिडफील्डरों की चोटों से जूझ रहे भारत ने शनिवार को एएफसी एशियाई कप के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें सहल अब्दुल समद जगह बनाने में सफल रहे लेकिन जैकसन सिंह और ग्लान मार्टिन्स को फिटनेस संबंधित मुद्दों के कारण बाहर रखा गया. शीर्ष मिडफील्डर जैकसन को नवंबर में कंधे में चोट लगी थी और उनका चुना जाना संदिग्ध था. मोहन बागान के मार्टिन्स भी हाल ही में चोटिल हो गए थे. हालांकि ये दोनों 50 संभावित खिलाड़ियों में शामिल थे.

## इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# भारतीय खिलाड़ियों को मिला मुश्किल ड्रॉ

- पिछले साल सुपर 500 से सुपर 750 में अपग्रेड हुआ था टूर्नामेंट

### घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगे भारतीय

भाषा ।नयी दिल्ली

एच एस प्रणय और लक्ष्य सेन सहित भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों को अगले महीने होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मुश्किल ड्रा मिला है, जिसमें वे घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगे. पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ अंतिम पड़ाव में है और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 16 से 21 जनवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम में होने वाले योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन से महत्वपूर्ण अंक जुटाने की कोशिश करेंगे. एशियाड स्वर्ण पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तथा कांस्य पदक विजेता प्रणय विश्व रैंकिंग में अपना स्थान मजबूत करने की कोशिश करेंगे जबकि किदाम्बी श्रीकांत, सेन और प्रियांशु राजावत ओलंपिक में दूसरे भारतीय स्थान के लिए प्रयास करेंगे.

ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियमों के अनुसार दो भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी ओलंपिक में भाग ले सकते हैं, अगर दोनों ही 30 अप्रैल तक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया के अंत में शीर्ष 16 रैंकिंग में शामिल रहेंगे. पहले दौर में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सेन और राजावत एक दूसरे के सामने होंगे जबकि आठवें वरीय प्रणय का सामना चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन से होगा. अगर प्रणय जीत जाते हैं तो वह सेन और राजावत के बीच मैच के विजेता से भिड़ेंगे. पूर्व चैंपियन श्रीकांत अभी 'रेस टू पेरिस' रैंकिंग में 24वें स्थान पर हैं, वह पहले दौर में हांगकांग के ली चेयूक यिऊ से भिड़ेंगे.



### शुरुआती मुकाबले में चीनी ताइपे से भिड़ेगें सात्विक व चिराग

पुरुष युगल में पूर्व चैंपियन और दूसरे वरीय सात्विक और चिराग अपनी चुनौती की शुरूआत चीनी ताइपे के फांग जेन ली और फांग चि ली के खिलाफ करेंगे. महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को पहले दौर में नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की जापानी जोड़ी से भिड़ना है जो चुनौतीपूर्ण मुकाबला होगा. अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने 2023 के अंत में लगातार तीन फाइनल में जगह बनायी है, उनकी भिड़ंत थाईलैंड की रविंडा प्राजोंगजाई और जोंगकोलफान किटिथारकुल की जोड़ी से होगी.

### चोट के कारण नहीं खेलेंगी पीवी सिंधू



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू बायें घुटने की चोट से उबर रही हैं इसलिये वह टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी. उन्हें यह चोट अक्टूबर में फ्रेंच ओपन के दौरान लगी थी जिससे वह फरवरी तक बाहर रह सकती हैं. भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) महासचिव संजय मिश्रा ने विज्ञप्ति में कहा कि ओलंपिक में जगह बनाने वाले सभी उम्मीदवारों के पास घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर महत्वपूर्ण अंक जुटाने के साथ खिताब जीतने का अच्छा मौका है. अन्य 'हाई प्रोफाइल' मुकाबलों में गत महिला एकल चैंपियन एन सि यंग का सामना थाईलैंड की तीन बार की चैम्पियन रतचानोक इंतानोन से होगा जबकि स्पेन की कैरोलिना मारिन जापान की नोजोमी ओकुहारा के सामने होंगी. पुरुष एकल में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यिऊ तीसरे वरीय और मौजूदा आल इंग्लैंड चैंपियन लि शि फेंग से भिड़ेंगे जबकि शीर्ष वरीय विक्टर एक्सेलसेन अपना अभियान चीनी ताइपे के वांग जु वेई के खिलाफ करेंगे.

### टेस्ट में ग्रीन से करा सकते हैं पारी का आगाज : मैकडोनाल्ड

**मेलबर्न।** डेविड वॉर्नर ने भले ही उनके बाद टेस्ट क्रिकेट में पारी की शुरूआत के लिये मार्कस हैरिस का नाम लिया हो लेकिन ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि वे अधिक विकल्पों पर विचार कर रहे हैं और कैमरन ग्रीन भी दौड़ में हैं. वॉर्नर पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में तीन जनवरी से होने वाले तीसरे टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे. टेस्ट क्रिकेट में पारी की शुरूआत के लिये वॉर्नर के बाद कई नामों पर विचार चल रहा है. हैरिस, ग्रीन, मैट रेनशॉ और कैमरन बेनक्रॉफ्ट के नाम दौड़ में हैं. मैकडोनाल्ड ने कहा कि डेविड चयनकर्ता नहीं है. पिछली बार उसने मैट रेनशॉ का नाम लिया था और शायद अगला नाम कैम बेनक्रॉफ्ट और फिर कैमरन ग्रीन का होगा.

- तीन जनवरी से होने वाले टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट संन्यास लेंगे वॉर्नर

### छह साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ झारखंड की आशा ने जीता स्वर्ण

खेल संवाददाता ।रांची



झारखंड की आशा किरण बारला ने एसजीफआई के छह साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 800 मी. स्पर्धा में 2:06.10 सेकेंड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता. स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीफआई) एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र के चंद्रपुर शहर में 28 से 30 दिसंबर तक आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर-19 वर्ग एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 800 मी. स्पर्धा में एमेरी मेनुल के द्वारा 2017 में राष्ट्रीय स्कूली प्रतियोगिता में बनाए गए 2:08.53 सेकेंड के रिकॉर्ड आशा ने तोड़ा. आशा के स्वर्ण पदक जीतने पर मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, सचिव सीडी सिंह, खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा कोषांग के सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है.

### अंडर-17 हॉकी में झारखंड ने प. बंगाल को 13-0 से हराया



संवाददाता ।लापुंग

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित अंडर- 17 बालक वर्ग हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने पश्चिम बंगाल को 13-0 से पराजित कर दिया. असिस्टेंट कोच राकेश रौशन तिग्गा ने देते हुए बताया कि झारखंड के लड़कों की टीम ने हॉकी में बेहतरीन खेल दिखाते हुए पश्चिम बंगाल की टीम को 13 गोलों हराया. झारखंड की ओर से जोलेन टोप्पनो ने तीन तथा डेविड बरला , सैबिन किडो. तथा नेल्सन बरवा ने दो -दो गोल कर झारखंड को शानदार जीत दिलायी. झारखंड की ओर से ग्लैडसन भेंगरा , विक्रम सोरेंग, सेलेन होरो, राणा सिंह मुंडा एक - एक गोल कर झारखंड को पश्चिम बंगाल के विरुद्ध एक बड़ी जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. डेविड बरला ने महज मैच के शुरुआती 35वें सेकेंड में ही गोल दागकर झारखंड की टीम को बढ़त दिलायी.

इसके अगले ही पलों महज 52 वें सेकेंड में ही सैबिन किडो. ने हमलावर के अंदाज में गोल दागकर विपक्षी टीम का हौसला तोड़ दिया. डेविड बरला महज दूसरे मिनट में अपना दूसरा गोल दागकर टीम को शुन्य के मुकाबले तीन गोलों से बढ़त बना दी.

### नेट अभ्यास में मुकेश पर फोकस, जडेजा ने भी किया अभ्यास

**सेंचुरियन।** पहले टेस्ट में मिली हार के बाद भारतीय टीम के लिये सुपरस्पोर्ट पार्क पर शनिवार को अभ्यास सत्र वैकल्पिक था लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने जमकर पसीना बहाया. दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में रोहित को आउट किया था. यहां दो घंटे तक हुए अभ्यास सत्र में रोहित ने बतौर कप्तान और बल्लेबाज भाग लिया. रोहित का फोकस तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंदों का सामना करने पर था जिन्होंने 45 मिनट तक सिर्फ भारतीय कप्तान को गेंदबाजी की. फिट होकर लौटे रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने भी उसी नेट में अभ्यास किया. थ्रोडाउन विशेषज्ञ दयानंद गरानी ने भी रोहित को आफ स्टंप पर गेंद डाली. अभ्यास के दौरान रोहित ने मुकेश से कहा कि हवा में अंदर आ रहा है पर कोशिश कर एंगल से अंदर लाने का. रोहित ने मुकेश को अतिरिक्त समय दिया और कुछ टिप्स भी दिये.

**वापसी पर बोले** सर्जरी के बाद एक समय अपने पैरों पर भी खड़े नहीं हो पा रहे थे केएल राहुल

# लग रहा था विश्व कप नहीं खेल सकूंगा : राहुल

भाषा ।नयी दिल्ली

सर्जरी के बाद एक समय तीन चार सप्ताह वह अपने पैरों पर भी खड़े नहीं हो पा रहे थे और ऐसे समय में भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल के लिये इस साल वनडे विश्व कप खेलने के बारे में सोचना भी मुश्किल था लेकिन न केवल उन्होंने टूर्नामेंट में 452 रन बनाकर शानदार वापसी की बल्कि कई मैचों में मेजबान के लिये संकटमोचक भी साबित हुए.सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन और भारत में इस साल हुए वनडे विश्व कप में प्रदर्शन के बारे में राहुल ने स्टार स्पोटर्स की 'बिलीव' सीरिज में कहा कि वापसी कर दबाव तो था, लेकिन मैं उस समय जीवन के सबसे खराब दौर से गुजर रहा था मानो कुछ और मायने नहीं रखता था. उन्होंने कहा कि इसके आगे सब कुछ छोटा लग रहा था. सर्जरी के बाद पहले तीन चार सप्ताह तो मैं चल भी नहीं पा रहा था. मैं वॉकर का सहारा लेकर चलने लगा तो भी मुझे लगता था कि विश्व कप नहीं खेल सकूंगा. सर्जरी मई में हुई और सर्जन ने कहा कि पांच महीने वापसी नहीं कर सकूंगा. निश्चित तौर पर सीधे विश्व कप खेलने तो नहीं जा सकता था. कुछ मैचों का अभ्यास जरूरी था लेकिन मैने सोचा कि इसके बारे में सोचकर तनाव नहीं लेना है. जो होगा देखा जायेगा.

विश्व कप के अपने पहले ही मैच में भारत को खराब शुरूआत से निकालते हुए उन्होंने 97 रन की पारी खेली. नीदरलैंड के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 62 गेंद में शतक जमाया. पूरे टूर्नामेंट में 11 मैचों में 452 रन बनाने के अलावा उन्होंने विकेट के पीछे 15 कैच भी लिये. भारतीय टीम लगातार दस मैच जीतकर विश्व कप फाइनल में पहुंची थी जहां आस्ट्रेलिया ने उसे छह विकेट से हराया.

### हमने सोचा नहीं था कि हम खिताब नहीं जीतेंगे

विश्व कप के बारे में राहुल ने कहा कि हम सभी आत्मविश्वास से भरे थे और हमने सोचा नहीं था कि हम खिताब नहीं जीतेंगे. पहले दौर में हमने कुछ शानदार जीत दर्ज की. कुछ मैचों में खराब प्रदर्शन भी रहा लेकिन हमने जीत के रास्ते बनाये. उन्होंने कहा कि हमें लगा ही नहीं कि हम हार सकते हैं क्योंकि हम हर चुनौती का सामना करने में कामयाब रहे थे. हम हार के लिये तैयार नहीं थे इसलिये सेमीफाइनल में हार से सभी स्तब्ध थे. सेमीफाइनल में जब रविंद्र जडेजा और महेंद्र सिंह धोनी खेल रहे थे तो लगा कि कोई चमत्कार होगा और हम जीत जायेंगे. उन्होंने कहा कि लेकिन ऐसा नहीं हुआ. हार के बाद ड्रेसिंग रूम में सभी काफी जज्बाती हो गए थे. मुझे आज भी याद है क्योंकि इस तरह से सभी को रोते हुए और निराश नहीं देखा था.



# एआईटीए को मिल सकती है मंजूरी




भाषा ।नयी दिल्ली/कराची

भारतीय टीम को आगामी डेविस कप टेनिस मुकाबले के लिये पाकिस्तान जाने की मंजूरी मिलने की उम्मीद है. एआईटीए ने हाल ही में खेल मंत्रालय से सलाह मांगी थी कि क्या वे तीन और चार फरवरी को पाकिस्तान में होने वाले विश्व ग्रुप वन प्लेऑफ के लिये टीम भेज सकते हैं. एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा कि हमें अभी तक लिखित में मंजूरी नहीं मिली है लेकिन जल्दी ही मिल जायेगी. हमें बताया गया है कि चूंकि यह द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं है और आईटीए इसका आयोजन कर रहा है तो सरकार ऐसे टूर्नामेंटों में दखल नहीं देती. उन्होंने कहा कि इसकी प्रक्रिया है. खेल मंत्रालय ने विदेश और गृह मंत्रालय को अनुरोध भेज दिया है और उनकी राय के बाद ही अंतिम फैसला लिया जायेगा. हमें जल्दी ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है. हम मुकाबले और यात्रा की तैयारी कर रहे हैं. इ

### खिलाड़ियों के आगमन का इंतजार : पीटीएफ

पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) ने शनिवार को कहा कि इस्लामाबाद में होने वाले डेविस कप मुकाबले में अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के खिलाड़ियों और अधिकारियों की भागीदारी को लेकर उसे अंतिम पुष्टि का इंतजार है. विश्व ग्रुप वन प्लेऑफ मुकाबले तीन और चार फरवरी को इस्लामाबाद में होने हैं. पीटीएफ अध्यक्ष सलीम सैफुल्लाह ने कहा कि एआईटीएफ ने हमें वीजा के लिये 11 अधिकारियों और सात खिलाड़ियों की सूची भेजी है. हमें उनके आने की अंतिम पुष्टि का इंतजार है. उन्होंने कहा कि एआईटीए ने कहा है कि उनकी सरकार से पाकिस्तान यात्रा की मंजूरी मिलने के बाद ही वे पुष्टि करेंगे. उन्होंने बताया कि सूची में एआईटीए अध्यक्ष अनिल जैन और सचिव अनिल धूपर के भी नाम हैं. पीटीआई ने 26 दिसंबर को खबर दी थी कि एआईटीए ने टीम के पाकिस्तान दौरे के लिये खेल मंत्रालय से सलाह मांगी है. सैफुल्लाह ने कहा कि एआईटीए को अपनी टीम के आगमन की अंतिम पुष्टि के लिये समय सीमा दी गई है और अगर वे नहीं आते हैं तो अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ मेजबान को पूरे अंक देने पर विचार कर सकता है.





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में एक रोड शो के दौरान हाथ हिलाकर भीड़ का अभिवादन किया, इस दौरान कलाकारों और स्थानीय निवासियों ने पीएम का स्वागत पुष्प बरसा कर किया। (फोटा : पीटीआई)

**मोदी की अपील :** अयोध्या आने का मन 22 जनवरी को न बनाएं, साढ़े पांच सौ साल इंतजार किया है तो कुछ दिन और इंतजार करें

# रामलला ही नहीं, चार करोड़ गरीबों को भी मिला घर : मोदी




एजेंसी। अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या के पुरातन वैभव और विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि विकास व विरासत की साझा ताकत 21वीं सदी में भारत को सबसे आगे ले जाएगी. मोदी ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण (नवनिर्मित राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह) का इंतजार कर रही है. ऐसे में अयोध्या वासियों में यह उत्साह, यह उमंग बहुत स्वाभाविक है. रैली को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य में 15,700 करोड़ रुपये से अधिक की केन्द्र व राज्य सरकार की 46 विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों गिनाते हुए कहा कि एक समय था जब यहीं अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे. पक्का घर सिर्फ रामलला को ही नहीं देश के चार करोड़ गरीबों को भी मिला है. मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी में इतनी ताकत इसलिए है क्योंकि मोदी जो कहता है, उसे पूरा करने के लिए अपना जीवन खपा देता है. दिन और रात एक कर देता है. अयोध्या नगरी इस बात की साक्षी है. उन्होंने लोगों से 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाने की अपील करते हुए कहा कि मकर संक्रांति के दिन से स्वच्छता का एक बड़ा अभियान चलाया जाना चाहिए.

अपने संबोधन के दौरान मोदी ने भीड़ से सियावर राम चंद्र का नारा लगवाने के साथ 30 दिसंबर की तारीख को ऐतिहासिक तारीख करार देते हुए कहा कि इसी तारीख 1943 में नेताजी (सुभाष चंद्र बोस) ने अंडमान में झंडा फहराकर आजादी का जयघोष किया था और आज इस पावन दिवस पर आजादी के अमृत काल के संकल्प को आगे बढ़ा.रहे हैं. इस बीच शंखनाद की ध्वनि और 'राम राम-जय जय राजाराम' भजन से वातावरण गूंज उठा. इसके पहले मोदी ने अयोध्या पहुंचने पर हवाई अड्डे से रेलवे स्टेशन तक एक रोड शो किया.



## छत्तीसगढ़ का 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावल रवाना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए शनिवार को 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावल रवाना किया. अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री साय आज राजधानी रायपुर के वीआईपी मार्ग स्थित श्रीराम मंदिर में छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुगंधित चावल अर्पण समारोह में शामिल हुए. उन्होंने बताया कि साय ने श्रीराम मंदिर



परिसर से 300 मीट्रिक टन चावल से भरे 11 ट्रक को झंडी दिखाकर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रवाना किया. अधिकारियों ने बताया कि सुगंधित चावल अर्पण समारोह में राईस मिलर्स एसोसिएशन ने भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से जन्मभूमि अयोध्या के लिए सुगंधित चावल भेजा है. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने श्रीराम मंदिर में मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ भगवान श्रीराम, माता जानकी और भगवान लक्ष्मण की पूजा अर्चना करके प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की.

## उज्ज्वला योजना की लाभार्थी के घर पी चाय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने अयोध्या दौरे में लता मंगेशकर चौक के करीब स्थित एक मोहल्ले में उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी मीरा से उनके घर मुलाकात की और चाय पी. पीएम ने अयोध्यावासियों से आग्रह किया कि उन्हें आने वाले समय देश और दुनिया के अनगिनत अतिथियों के लिये तैयार होना है. अयोध्यावासियों को संकल्प लेना है कि इस नगर को भारत का सबसे स्वच्छ शहर बनाएं. स्वच्छ अयोध्या यहां के निवासियों की जिम्मेदारी है.



प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या नगरी में आकर उन्हें एक और सौभाग्य उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी के घर चाय पीने का मिला. जब बलिया से 2016 यह योजना शुरू हुई थी, तब सोचा नहीं गया था के इतनी सफलता मिलेगी. इस योजना ने करोड़ों माताओं बहनों का जीवन हमेशा के लिये बदल दिया है. उन्हें लकड़ी के चूल्हे से मुक्ति दिलायी है. 2014 से पहले देश में गैस के 14 करोड़ कनेक्शन दिये गये थे. लेकिन इसके बाद एक दशक में 18 करोड़ नये कनेक्शन दिये गय हैं. इसमें 10 करोड़ कनेक्शन मुफ्त में दिए गए हैं.

### ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

मोदी ने 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास की चर्चा करते हुए कहा कि अयोध्या नगरी से नयी ऊर्जा मिल रही है. आधुनिक अयोध्या को देश के नक्शे पर फिर से गौरव के साथ स्थापित करेंगे. शनिवार को हरी झंडी दिखाने वाली ट्रेनों पर मोदी ने कहा कि वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत ट्रेनों की त्रिशक्ति भारतीय रेलवे का कायाकल्प करने जा रही है. विकास परियोजनाओं के लिए अयोध्या वासियों को बधाई देते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया में कोई भी देश हो, अगर उसे विकास की नयी ऊंचाई पर पहुंचना है तो उसे अपनी विरासत को सहेजना होगा. मोदी ने कहा कि हमारी विरासत हमें प्रेरणा देती है.



हमें सही मार्ग दिखाती है, इसलिए आज का भारत पुरातन व नूतन, दोनों को आत्मसात करते आगे बढ़ रहा है.

**इन ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी**

**वंदे भारत एक्सप्रेस**
- अयोध्या धाम-आनंद विहार
- कोयंबटूर-बेंगलुरु सिटी
- मेंगलोर-मडगांव
- श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली
- अमृतसर-दिल्ली
- जालना-मुंबई सीएसएमटी

**अमृत भारत एक्सप्रेस**
- दरभंगा-अयोध्या-नई दिल्ली
- मालदा टाउन-बेंगलुरु

**51** जगहों पर पीएम के अभिनंदन के लिए मंच सजाया

**12** जगहों पर संत-धर्माचार्य ने की पुष्पवर्षा

**23** संस्कृत विद्यालयों के 1895 वैदिक छात्र कर रहे थे वेदमंत्र

**14** सौ से अधिक कलाकारों ने रोड शो के दौरान प्रस्तुतियां दी

### पहला विमान लेकर अयोध्या आए पायलट



अयोध्या में पहला यात्री विमान लेकर आने वाले पायलट के पिता मुक्तेश्वर सिंह (75) का कहना है कि यह उनके परिवार के लिए गर्व का क्षण है क्योंकि हवाई अड्डे के उद्‌घाटन के बाद उनका बेटा पहला वाणिज्यिक यात्री विमान लेकर कुछ ही देर में आयेगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्‌घाटन किया. इसका नाम नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने रामायण की रचना की थी. इंडिगो विमान के पायलट कैप्टन आशुतोष शेखर (33) हवाई अड्डे के उद्‌घाटन के बाद पहला वाणिज्यिक यात्री विमान को लेकर शाम चार बजे अयोध्या पहुंचे.

**ब्रीफ खबरें**

### पीएलए के नौ जनरल संसद से बर्खास्त

**बीजिंग।** चीन की संसद से जनवादी मुक्ति सेना (पीएलए) के नौ वरिष्ठ जनरल को बर्खास्त कर दिया गया है जिनमें रॉकेट बल के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं. आधिकारिक मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी. सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के मुताबिक देश की संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से बर्खास्त अधिकारियों में पीएलए के रॉकेट बल के पांच शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं जो देश के परमाणु हथियारों के घटक मिसाइल प्रभाग का कामकाज देखते थे. इनके अलावा बर्खास्त किए गए अधिकारी वायुसेना के पूर्व कमांडर हैं.

### ब्रिटिश सिख 'नाइटहुड' की उपाधि से सम्मानित

**लंदन।** ब्रिटेन में 30 साल से अधिक समय से चिकित्सा के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. अमृतपाल सिंह हंगिन को महाराजा चार्ल्स तृतीय ने 'नाइटहुड' की उपाधि से सम्मानित करने का फैसला किया है. न्यूकैसल विश्वविद्यालय में जनरल प्रैक्टिस के प्रोफेसर डॉ. अमृतपाल सिंह हंगिन को उनकी चिकित्सा सेवा के लिए 2024 नव वर्ष सम्मान सूची में शामिल किया गया है. इस सूची में भारतीय मूल के करीब 30 स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर, परोपकारी और सामुदायिक कार्यकर्ता हैं जिन्हें समाज में निस्वार्थ सेवा करने के लिए सम्मानित किया गया है. डॉ. अमृतपाल सिंह को प्रोफेसर पाली हंगिन के नाम से जाना जाता है.

## कांग्रेस ने भगवान शिव के अपमान का लगाया आरोप

एजेंसी। पणजी

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) की गोवा इकाई ने 'सनर्बन ईडीएम' उत्सव के आयोजकों पर भगवान शिव का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. कांग्रेस नेता विजय भीके ने सनबर्न के आयोजकों के खिलाफ शुक्रवार रात मापुसा में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई.

वहीं, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित पालेकर ने कहा कि राज्य सरकार को सनातन धर्म को चोट पहुंचाने के लिए आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए. लोकप्रिय नृत्य संगीत महोत्सव 'सनबर्न ईडीएम' 28 दिसंबर को उत्तरी गोवा के वागाटोर में शुरू हुआ था और यह शनिवार 30 दिसंबर को समाप्त होगा. पालेकर ने शुक्रवार को कहा कि हमने देखा कि उत्सव के दौरान भगवान शंकर की छवि का इस्तेमाल किया गया था. जब लोग नशे में थे और नाच रहे थे तब एलईडी स्क्रीन पर यह छवि दिखाई गई. आप नेता ने कहा कि उन्होंने सरकार से मांग की है कि आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए क्योंकि हमारे सनातन धर्म की पवित्रता का अपमान किया गया है.

### राजस्थान मंत्रिपरिषद : 22 विधायकों ने ली शपथ

**जयपुर।** राजस्थान में सत्तारूढ़ भाजपा के 22 विधायकों ने शनिवार को मंत्री पद की शपथ ली जिनमें से 12 को कैबिनेट, पांच को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व पांच को राज्यमंत्री बनाया गया है. जिन विधायकों को मंत्री बनाया गया है उनमें सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी भी शामिल हैं जो करणपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, इस सीट पर पांच जनवरी को मतदान होना है, कैबिनेट मंत्रियों में डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, गजेंद्र सिंह खींवसर, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, बाबूलाल खराड़ी, मदन दिलावर, जोगाराम पटेल, सुरेश सिंह रावत, अविनाश गहलोत, जोराराम कुमावत, हेमंत मीणा, कन्हैयालाल चौधरी व सुमित गोदारा शामिल हैं.

## यूक्रेन पर मिसाइलों की बारिश, 31 की मौत

एजेंसी। कीव

रूस और यूक्रेन के बीच का युद्ध एक बार फिर भड़क गया है. रूस द्वारा यूक्रेन पर मिसाइलों बरसाये जाने से 31 नागरिकों की मौत होने की खबर है. रूस के इस नये हमले की नाटो देशों ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है. नाटो के सीनियर जनरल ने कहा हे कि अब रूस के साथ लड़ाई होना अवश्यंभावी है.

न्यूजवीक की रिपोर्ट के अनुसार, डच सेना के कमांडर ने नीदरलैंड से रूस के साथ संभावित भविष्य के युद्ध के लिए बेहतर तैयारी करने का आग्रह किया है. जान लें कि रॉयल नीदरलैंड आर्मी के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मार्टिन विजनेन ने टेलीग्राफ क दिये एक इंटरव्यू में कहा, नीदरलैंड रूस के खतरे को नहीं नकारेगा. हमें तैयार रहना चाहिए. रूस मजबूत हो रहा है.



### नीदरलैंड, नाटो के संस्थापक सदस्यों में शामिल है

नीदरलैंड, नाटो के संस्थापक सदस्यों में शामिल है. वह फरवरी 2022 में रूसी राष्ट्रपति पुतिन द्वारा शुरू किये गये युद्ध में यूक्रेन का एक मजबूत साथी रहा है. बता दें कि मार्टिन विजनेन 1 जनवरी को डच सेना के शीर्ष जनरल के रूप में अपनी भूमिका से हट रहे हैं. इस क्रम में कहा कि नीदरलैंड को रूस के करीब स्थित अन्य देशों से सीखना चाहिए.

### केरल में बम विस्फोट की धमकी पर जांच शुरू

**कोच्चि ।** एर्णाकुलम जिले में नव केरल सदास के मुख्य आयोजन स्थलों पर बम विस्फोट की धमकी के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विजयन भी अगले सप्ताह भाग लेंगे. थ्रिक्काकारा पुलिस ने एक धमकी भरे पत्र के आधार पर शुक्रवार को मामला दर्ज किया है, जिसमें उन कार्यक्रम स्थलों का विशेष रूप से उल्लेख है जहां मुख्यमंत्री और उनके कैबिनेट सहयोगियों के एक और दो जनवरी को सम्मिलित होंगे. धमकी भरा ये पत्र एर्णाकुलम जिलाधिकारी कार्यालय में प्राप्त किया गया था, जिसे तुरंत अधिकारियों ने कोच्चि शहर आयुक्तालय के तहत थ्रीक्काकारा पुलिस को सौंप दिया.

**बंगाल** 2023 में भाजपा को नेताओं के पार्टी छोड़ने और चुनावी झटकों का सामना करना पड़ा

## टीएमसी का लक्ष्य 'इंडिया' में अहम भूमिका हासिल करना

एजेंसी। कोलकाता

राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खोने के बावजूद पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का दबदबा कायम रहा. टीएमसी हिंसात्मक घटनाओं के बीच हुए पंचायत चुनावों में जीत से काफी उत्साहित है और इसका अगला लक्ष्य 2024 के लोकसभा से पहले राष्ट्रीय विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है. दूसरी ओर, 2023 में बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को नेताओं के पार्टी छोड़ने और चुनावी झटकों का सामना करना पड़ा. पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने ममता बनर्जी सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर उसे घेरने की कोशिश की. तृणमूल कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने राजनीतिक प्रभुत्व को बरकरार रखना चाहती है और इसीलिए संसदीय चुनाव से पहले एक मजबूत विपक्ष बनाने में सक्रिय योगदान दे रही है. इसके समानांतर, भाजपा ग्रामीण इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत करने की कवायद में लगी हुई है. हाल के वर्षों में भाजपा के हाथों मुख्य विपक्षी दल का दर्जा खोने वाली मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चा ने उपचुनावों और पंचायत चुनावों में अपनी स्थिति में सुधार किया है.




**खास बातें**
- प्रदर्शन के कारण टीएमसी ने खोया राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा
- भाजपा में सुधार की कोशिश के बीच आंतरिक विद्रोह रहा हावी

### 'तृणमूल ए नबाजोवार'

सागरदिघी सीट पर हार के बाद टीएमसी ने जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ को मजबूत करने के प्रयास किए, जिसके तहत पार्टी में महत्वपूर्ण संगठनात्मक पुनर्गठन किया गया और इसने कांग्रेस के एक विधायक को भी अपने खेमे में शामिल कर लिया. कांग्रेस की 'भारत जोड़ो' यात्रा के मुकाबले में टीएमसी ने एक जनसंपर्क अभियान 'तृणमूल ए नबाजोवार' (तृणमूल में नई लहर) शुरू किया. टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के भतीजे और पार्टी में नंबर दो माने जाने वाले अभिषेक बनर्जी ने इसका नेतृत्व किया. टीएमसी ने अपने अभियान की बदौलत राज्य के पंचायत चुनावों में जीत हासिल की.

### 35 लोकसभा सीट पर जीत भाजपा का लक्ष्य

राज्य की 42 लोकसभा सीट में से 35 पर जीत का लक्ष्य रखते हुए भाजपा ने टीएमसी को घेरने और चुनौती देने के नए प्रयास शुरू किए हैं. वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद से भाजपा में संगठनात्मक सुधार की कोशिश के बीच आंतरिक विद्रोह और आपसी बयानबाजी हावी रही. धुपगुड़ी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा टीएमसी से हार गई, लेकिन दूसरा स्थान बरकरार रखा. इस साल भी प्रशासनिक मोर्चे पर राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस और टीएमसी सरकार के बीच टकराव की खबरें आती रहीं.

## मस्जिद ध्वस्त करने के प्रस्ताव के खिलाफ अदालत का रुख

एजेंसी। नयी दिल्ली

सुनहरी बाग मस्जिद के इमाम ने क्षेत्र में कथित यातायात जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए ढांचे को ध्वस्त करने के प्रस्ताव के खिलाफ शनिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया. याचिकाकर्ता अब्दुल अजीज ने नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद द्वारा 24 दिसंबर को जारी सार्वजनिक नोटिस को चुनौती दी. इसमें मस्जिद के विध्वंस के संबंध में एक जनवरी तक आम जनता से आपत्तियां और सुझाव मांगे गए हैं.

न्यायमूर्ति मनोज जैन की अवकाश पीठ ने एनडीएमसी के वकील के आश्वासन के बाद याचिका को आठ जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया. एनडीएमसी के वकील ने अदालत को सूचित किया कि फिलहाल इसपर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी क्योंकि अंतिम फैसला विरासत संरक्षण समिति (एचसीसी) को करना है.

एनडीएमसी के वकील ने कहा कि मान्यवर इस मामले की सुनवाई स्थगित की जा सकती है क्योंकि इसमें कोई कार्रवाई नहीं होने वाली है. निर्णय एचसीसी को लेना है, हमें तो केवल सुझाव देना है. उन्होंने कहा कि एचसीसी की अनुमति के बिना मैं एक ईंट भी छूने नहीं जा रहा.

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि वह इस स्तर पर अंतरिम आदेश का अनुरोध नहीं कर रहे हैं और तर्क दिया कि कानून एनडीएमसी को एक विरासत संरचना को हटाने का अधिकार नहीं देता है. उन्होंने कहा कि अदालत याचिका को रोस्टर पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कर सकती है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)



हिन्दी दैनिक
# शुभम संदेश
एक राज्य-एक अखबार

Jharkhand No. 1 News Portal
Lagatar



108, Samridhi Square, Kishoreganj Chowk, Ranchi- 834001

Lagatar.in, Lagatar24.com Lagatar Media Lagatar English LagatarIN livelagatar livelagatar

### JANUARY 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

### FEBRUARY 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | | |

### MARCH 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

## JHARKHAND TOURISM



### APRIL 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

### MAY 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

### JUNE 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |

### JULY 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

### AUGUST 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

### SEPTEMBER 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

### OCTOBER 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

### NOVEMBER 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

### DECEMBER 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |